छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
फरवरी-मार्च, 2026 सत्र

शुक्रवार, दिनांक 20 मार्च, 2026

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

<u>प्रदेश में खतरनाक अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले उद्योग</u>

[आवास एवं पर्यावरण]

1. (*क्र. 2262) डॉ. चरण दास महंत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में खतरनाक अपशिष्ट उत्पन्न करने वाली कुल कितनी औद्योगिक इकाईयां (लघु, मध्यम, बड़े उद्योग) प्रचलन में हैं? औद्योगिक इकाई का नाम, पता उसके अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक के विवरण सहित जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य की रक्षा करते हुए सुरक्षित अपशिष्ट प्रबंधन करना, अपशिष्ट की रोकथाम करना पुनर्चक्रण, प्रसंस्करण करने की क्या व्यवस्था किन-किन प्रक्रियाओं के माध्यम की जा रही है? सम्पूर्ण विवरण ईकाईवार देवें? **(ग)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में प्रदेश के कितने हानिकारक प्रदूषण उत्सर्जन करने वाले उद्योगों में आनलाईन एमिशन मानीटरिंग सिस्टम की स्थापना की गई है? इस हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई थी? कितनी व्यय हुई? कितनी शेष है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)प्रदेश में खतरनाक अपशिष्ट उत्पन्न करने वाली कुल 665 औद्योगिक इकाईया (लघु, मध्यम बड़े उद्योग) प्रचलन में है औद्योगिक इकाई का नाम, पता उसके अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक के विवरण सहित **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।**(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार** है।**(ग)**वर्ष 2024-2025 एवं 2025-2026 में प्रदेश के कुल 19 उद्योगों में ऑनलाइन एमीशन मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना की गई है । एमीशन मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा राशि स्वीकृत नहीं की गई है। उद्योगों को जारी जल, वायु सम्मति में ऑनलाइन एमीशन मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापना का शर्त निहित होता है। तदानुसार उद्योगों द्वारा स्वयं के व्यय से चिमनियो में ऑनलाइन एमीशन मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना की जाती है ।

<u>छ.ग. में सप्तपर्णी (छातिम) वृक्ष के रोपण पर रोक</u>

[आवास एवं पर्यावरण]

2. (*क्र. 2445) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि देश के विभिन्न राज्यों में सप्तपर्णी (छातिम) वृक्ष के स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों को देखते हुए इनके रोपण पर रोक लगाई गई है ? **(ख)** छ.ग. में पर्यावरण विभाग सप्तपर्णी (छातिम)) द्वारा स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में इनके रोपण पर प्रतिबंध लगाने एवं पूर्व से रोपित किए गए सप्तपर्णी

(छातिम) वृक्षों को हटाकर उन्हें अन्य स्थानीय वृक्षों से प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है? पर्यावरण विभाग द्वारा छातिम के दुष्प्रभावों से जनमानस को बचाने हेतु क्या कार्ययोजना है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) :(क) जी, नहीं। वन विभाग या पर्यावरण विभाग द्वारा रोक नहीं लगाई गई है।**(ख)** कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक से प्राप्त जानकारी अनुसार वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वर्तमान में अभी ऐसा कोई प्रस्ताव/कार्ययोजना नहीं है। पर्यावरण विभाग द्वारा सप्तपर्णी (छातिम) वृक्षों को हटाकर उन्हें अन्य स्थानीय वृक्षों से प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित नही है, शेष प्रश्न उपस्थित नही होता है।

<u>प्रदेश के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एनपीएस से ओपीएस योजना का चयन</u>

[वित्त]

3. (*क्र. 2591) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** एनपीएस से पुनः ओपीएस योजना के विकल्प का चयन प्रदेश के कुल कितने अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किया गया है? वर्ष 2004 से पूर्व नियुक्त और वर्ष 2004 के पश्चात् नियुक्त पुनः ओपीएस का विकल्प चयन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के लिये पेंशन योजना का संचालन व कार्यप्रणाली क्या है? **(ख)** कंडिका (क) अनुसार वर्ष 2004 के पूर्व नियुक्त व वर्ष 2004 के पश्चात् नियुक्त पुनः ओपीएस का विकल्प चयन करने वाले अधिकारी-कर्मचारी का जीपीएफ कटौती का प्रबंधन किस-किस प्रकार किया जा रहा है? क्या दोनों का प्रबंधन अलग-अलग किया जा रहा है? यदि हॉ, तो क्यों ? एक ही प्रकार से प्रबंधन कब तक किया जावेगा? यदि नहीं, तो क्यों? **(ग)** प्रदेश के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने और पेंशन के भुगतान के प्रभावी प्रबंधन के लिए बनाई गई वित्तीय योजना छ.ग. पेंशन निधि में दिनांक 15/02/2026 तक कितनी राशि जमा कर कुल कितनी राशि की निधि तैयार की गई है? क्या यह योजना किसी वित्तीय वर्ष में पेशन व्यय के 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने पर अतिरिक्त भुगतान इस निधि से किये जाने हेतु या कोई अन्य सुरक्षा प्रदान करने के दृष्टिकोण से भी बनाई गई है? यदि हॉ, तो इससे अब तक कितनी राशि निकाली गई है? वर्षवार, मदवार जानकारी देवें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) एनपीएस से पुन: ओपीएस योजना का विकल्प का चयन प्रदेश के कुल 2,91,797 अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किया गया है।वर्ष 2004 के पूर्व नियुक्त और वर्ष 2004 के पश्चात नियुक्त OPS विकल्प वाले सभी शासकीय सेवकों के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम, 1976 के प्रावधानों के अनुसार पेंशन योजना का संचालन किया जा रहा है।**(ख)** वर्ष 2004 के पूर्व नियुक्त शासकीय सेवकों का जीपीएफ कटौती का प्रबंधन महालेखाकार, छत्तीसगढ़ द्वारा तथा वर्ष 2004 के पश्चात पुन: ओपीएस का विकल्प लेने वाले शासकीय सेवकों का जीपीएफ कटौती का प्रबंधन संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि, छ0ग0 द्वारा किया जा रहा है। जी हॉ, दोनो का प्रबंधन अलग अलग किया जा रहा है। एक ही प्रकार से प्रबंधन किया जाना विचाराधीन नहीं है।**(ग)** छत्तीसगढ़ पेंशन निधि में दिनांक 15.02.2026 तक की स्थिति में कुल 1,068 करोड़ राशि जमा कर 1120.53 करोड़ की निधि तैयार की गई है। किसी वित्तीय वर्ष में पेंशन व्यय के 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने पर अतिरिक्त भुगतान इस निधि से किये जाने का प्रावधान है। अभी तक इस निधि से कोई भी राशि नहीं निकाली गई है।

<u>विधानसभा सीतापुर क्षेत्र अंतर्गत मैनपाट में स्थित कर्मा एथनिक रिसोर्ट का संधारण</u>

[पर्यटन]

4. (*क्र. 2165) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** विधानसभा सीतापुर क्षेत्र अंतर्गत मैनपाट में स्थित कर्मा एथनिक रिसोर्ट किस मद की भूमि पर व

कितने हैक्टेयर पर अवस्थित है? निर्माण वर्ष सहित इसकी कुल लागत क्या थी एवं निर्माण DPR में क्या-क्या सम्मिलित थे? वर्तमान में इस पर क्या सभी सुविधाएँ संचालित हैं ? जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** रिसोर्ट के मंथली मेंटेनेंस हेतु राशि कितनी है ? इसमें क्या-क्या कार्य शामिल हैं? जानकारी प्रदान करें?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) विधानसभा सीतापुर क्षेत्र अंतर्गत मैनपाट में स्थित कर्मा एथनिक रिसॉर्ट **''पहाड़ व चट्टान मद''** की भूमि पर व 8.093 हेक्टेयर पर अवस्थित है। कर्मा एथनिक रिसॉर्ट का निर्माण वर्ष 2019 से 2021 में राशि रू. 2137.38 लाख की लागत से किया गया तथा निर्माण DPR में ट्रायबल वर्कशाप सेंटर, सायकल ट्रैक, दो इलेक्ट्रिक व्हीकल, क्राफ्ट एवं हर्बल हाट (आर्टिसन,सेंटर), कैफेटेरिया, सोवेनियर शॉप, टूरिस्ट रिसेप्शन एंड फेसीलिटेशन सेंटर, पगोड़ा, ओपन एम्फीथिएटर, ट्रायबल इंटरप्रिटेशन सेंटर, पार्किंग, ओवर हेड टैंक, सम्पवेल, बोरवेल एवं वाटर सप्लाई पाईप लाईन, पम्प हाऊस, गार्ड रूम, लैंड स्केपिंग, ड्रेनेज, प्रवेश द्वार, टेंट प्लेटफार्म, टायलेट, सोलर प्रकाशीकरण, ईको कुकिंग स्पाट, डे शेल्टर, वाक वे एवं प्रोटेक्टिव्ह रेलिंग, ब्रिज, पाथ वे/सीसी रोड लास्ट माईल कनेक्टिविटी, चेन लिंक फेंसिंग, साईनेजेस, सालिड वेस्ट मैंनेजमेंट के कार्य सम्मिलित थे। वर्तमान में इस पर सायकल ट्रेक, दो इलेक्ट्रीक व्हीकल, क्राफ्ट एवं हर्बल हाट (कक्ष), कैफेटेरिया (रेस्टोरेंट), पगोड़ा, ओपन एम्फीथियेटर, पार्किंग, ओवर हेड टैंक, सम्पवेल, बोरवेल एवं वाटर सप्लाई पाईप लाईन, पम्प हाऊस, गार्ड रूम, गार्ड रूम, लैंड स्केपिंग, ड्रेनेज, प्रवेश द्वार, टायलेट, ईको कुकिंग स्पॉट, डे शेल्टर, वाक वे एवं प्रोटेक्टिव्ह रेलिंग, ब्रिज, पाथ वे/सी.सी. रोड लास्ट माईल कनेक्टिविटी, चेन लिंक फेसिंग एवं सालिड वेस्ट मैनेजमेंट का उपयोग (संचालित) किया जा रहा है।**(ख)**रिसोर्ट के मंथली मेंटेनेंस हेतु माह जनवरी 2026 में राशि रू. 67,630.00 है। इसमें प्लंबिंग कार्य एवं गार्डन रख-रखाव कार्य शामिल है।

<u>डोंगरगढ़ में ''प्रसाद योजना'' के तहत श्री यंत्र भवन निर्माण में अनियमितता</u>

[पर्यटन]

5. (*क्र. 2808) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या डोंगरगढ़ में ''प्रसाद योजना'' के तहत श्री यंत्र भवन का निर्माण कराया गया है? यदि हां, तो उक्त भवन के निर्माण हेतु कुल कितनी-कितनी राशि केन्द्रांश/राज्यांश के द्वारा स्वीकृत की गई तथा अब तक कितनी-कितनी राशि व्यय की गई? निर्माण कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण होने की तिथि क्या है? क्या कार्य समय सीमा में पूर्ण हुआ या नहीं ? यदि नहीं, तो विलंब के कारण क्या हैं? **(ख)** निर्माण कार्य किस एजेंसी/ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है? कार्यादेश की तिथि क्या है? क्या निर्माण कार्य का गुणवत्ता परीक्षण कराया गया है या नहीं? यदि हाँ, तो परीक्षण की रिपोर्ट क्या है? क्या निर्माण कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता/शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो उक्त शिकायत के विरुध्द क्या-क्या कार्यवाही की गई? पूर्ण जानकारी देवें ? **(घ)** क्या उक्त निर्माण कार्य के निरीक्षण हेतु विभाग द्वारा कोई समिति /संरक्षक बनाया गया ? जिसकी निगरानी व देखरेख में कार्य पूर्ण कराया गया हो ? यदि हाँ, तो उस समिति में कौन-कौन जनप्रतिनिधि/अधिकारी/कर्मचारी शामिल हैं? पूर्ण जानकारी देवें ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) जी हॉ। डोंगरगढ़ में प्रसाद योजना के तहत् श्री यंत्र भवन का निर्माण कराया गया है। डोंगरगढ़ में प्रसाद योजना के तहत श्री यंत्र भवन के निर्माण हेतु रू. 2106.99 लाख केंद्रांश के द्वारा स्वीकृत की गयी है। राज्यांश राशि निरंक है। उक्त कार्य हेतु कुल राशि रू. 1658.37 लाख का भुगतान किया गया। उक्त निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तिथि 08.01.2021 है तथा कार्य पूर्णता तिथि 25.02.2025 है। कार्य को पूर्ण करने में दी गई समय-सीमा से अधिक समय लगा। परियोजना में विलम्ब के मुख्य कारण **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** निर्माण कार्य टेलीकम्यूनिकेशन कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) के माध्यम से निष्पादित किया गया है। कार्यादेश की तिथि 26.11.2020 है। भवन की कांक्रीट संरचना

का परीक्षण NIT रायपुर के माध्यम से कराया गया है तथा NIT रायपुर के रिपोर्ट दिनांक 30.05.2024 अनुसार कार्य संतोषप्रद है। निर्माण कार्यों के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत/अनियमितता प्राप्त नहीं हुई है। **(घ)** डोंगरगढ़ में प्रसाद योजना के तहत निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु विभाग द्वारा 02 समितियों का गठन किया गया है, जिसका आदेश **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

सक्ती जिले अंतर्गत संस्कृति विभाग द्वारा स्वीकृत सांस्कृतिक कार्यक्रम

[संस्कृति]

6. (*क्र. 2872) श्री रामकुमार यादव : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सक्ती जिले अंतर्गत अप्रेल, 2024 से 02 फरवरी, 2026 तक कितने सांस्कृतिक कार्यक्रम, किन-किन ग्रामों में किन-किन कलाकारों के स्वीकृत किये गये हैं ? विकासखंडवार, वर्षवार विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के अनुसार क्या इन कलाकारों का भुगतान पूर्ण कर लिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? कब तक कलाकारों का भुगतान कर लिया जावेगा ? समय सीमा बतावें ? **(ग)** विभाग के द्वारा संस्था में पंजीकृत कलाकारों को 01 वित्तीय वर्ष में कितने कार्यक्रम प्रति कलाकारों के कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की जाती है ? **(घ)** विभाग द्वारा प्रदेश भर के क्षेत्रीय/स्थानीय लोक कला को बढ़ावा देने हेतु क्या-क्या कार्य योजना बनाई गई है ? विवरण देवें?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) सक्ती जिले अंतर्गत अप्रैल 2024 से 02 फरवरी 2026 तक स्वीकृत कार्यक्रमों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार** है। **(ख)** 'क' अनुसार भुगतान पूर्ण कर लिया गया है। **(ग)** विभाग द्वारा पंजीकृत कलाकारों को 'छत्तीसगढ़ कलाकार पंजीयन एवं भुगतान नियम 2021' अंतर्गत 01 वित्तीय वर्ष में ग्रेड अनुसार स्वीकृति की अधिकतम सीमा निम्नानुसार है:-

क्रमांक	ग्रेड	वित्तीय वर्ष में अवसरों की अधिकतम सीमा
1	ए +++	10
2	ए ++	20
3	ए +	
4	ए 1	
5	ए	
6	बी+ एवं बी	24

(घ) प्रदेश के क्षेत्रीय/स्थानीय लोक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित योजनाओं की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

शहीद वीर नारायण सिंह एवं आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय अंतर्गत प्लेसमेंट कर्मचारी

[आदिम जाति विकास]

7. (*क्र. 1058) श्री अजय चंद्राकर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** शहीद वीर नारायण सिंह एवं आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय, नवा रायपुर अंतर्गत संग्रहालय के संचालन हेतु किन-किन प्लेसमेंट एजेन्सियों को किस प्रक्रिया के तहत्, किन नियम-शर्तो पर और कितनी अवधि के लिये चयन किया गया है? **(ख)** उक्त प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा संग्रहालय में उपलब्ध घटनाओं की जानकारी/प्रस्तुतीकरण कैसे किया जाता है? क्या एजेंसी से इन कार्यो के लिये प्रशिक्षित कर्मचारी मांगे गये थे या कर्मचारियों को बाद में प्रशिक्षण दिया गया? यदि हां, तो कितने प्रशिक्षित हुये हैं और किन-किन विषयों में प्रशिक्षित किया गया और किस संस्था द्वारा कब प्रशिक्षण दिया गया? कितनी लागत आयी? **(घ)** उक्त प्लेसमेंट

कर्मचारियों का मानदेय/वेतन भत्ते/अन्य सुविधायें क्या-क्या प्रदाय की जा रही हैं? इसका निर्धारण किसके द्वारा किया गया है और प्लेसमेंट संस्था को प्रति कर्मचारी कितनी राशि भुगतान की जा रही है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय के संचालन हेतु किसी भी प्लेसमेंट एजेन्सी को आबंटित नही किया गया है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

<u>प्रदेश में कृषि विभाग की योजनांतर्गत ट्रैक्टर क्रय हेतु प्राप्त व लंबित आवेदन</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

8. (*क्र. 2903) श्री इंद्र साव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जनवरी, 2024 से फरवरी, 2026 तक प्रदेश के कितने कृषकों द्वारा कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर क्रय किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था ? आवेदन के विरूद्ध कितने आवेदकों को ट्रैक्टर क्रय किए जाने हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया था ? दिनांक 20 फरवरी, 2026 तक ट्रैक्टर क्रय किए जाने हेतु कितने आवेदन लंबित हैं ? वर्षवार, जिलेवार जानकारी दें ? **(ख)** ट्रैक्टर क्रय किए जाने हेतु केन्द्रांश एवं राज्यांश के माध्यम से आवेदकों को कुल कितनी राशि का अनुदान प्रदान किया जाता है तथा किस योजना के तहत किसानों को कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर खरीदी के लिए आवेदन लिया जाता है? **(ग)** प्रश्नांश ''क' अनुसार प्रदेश के कितने आवेदकों/किसानों को ट्रैक्टर प्रदान किया गया है ? वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी दें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) संचालनालय कृषि के तहत कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना (एस.एम.ए.एम.) अंतर्गत वर्ष 2023-24 (दिनांक 01.01.2024 से 31.03.2024 तक), 2024-25 एवं 2025-26 में (दिनांक 20.02.2026 तक) अनुदान पर ट्रैक्टर क्रय करने हेतु प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन एवं लाभांवित हितग्राहियों की वर्षवार, जिलेवार एवं योजनावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है।** संचालनालय उद्यानिकी द्वारा जनवरी, 2024 से फरवरी, 2026 तक जिला महासमुन्द में नेशनल मिशन ऑन एडिबल आयॅल-ऑयल पॉम योजना अंतर्गत केवल 1 कृषक द्वारा ऑयल पॉम रोपण कार्य हेतु ट्रैक्टर क्रय किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसके विरुद्ध राशि ₹2.00 लाख अनुदान स्वीकृत किया गया था। दिनांक 20 फरवरी, 2026 तक ट्रैक्टर क्रय किए जाने हेतु कोई भी आवेदन लंबित नही हैं। **(ख)** कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना के तहत कृषकों द्वारा कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर क्रय करने हेतु आवेदन दिया जाता है। योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार यंत्र/उपकरणों पर देय अनुदान की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द अनुसार** है। अनुदान में केन्द्रांश एवं राज्यांश राशि का प्रतिशत क्रमशः 60 प्रतिशत एवं 40 प्रतिशत होता है। संचालनालय उद्यानिकी द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबल आयॅल-ऑयल पॉम योजना के प्रावधान अनुसार 3.00 हे. या उससे अधिक रकबे पर ऑयल पाम पौध रोपण करने पर 20 हॉर्स पॉवर तक के ट्रैक्टर (ट्राली सहित) पर केन्द्रांश एवं राज्यांश के माध्यम से राशि ₹2.00 लाख का अनुदान स्वीकृत किया जाता है। **(ग)** प्रश्नांश "क" अनुसार अनुदान में ट्रैक्टर से लाभांवित हितग्राहियों की वर्षवार, जिलेवार एवं योजनावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है।** कंडिका 'क' अनुसार उक्त अवधि में संचालनालय उद्यानिकी द्वारा वर्ष 2025-26 में जिला महासमुन्द के 01 कृषक को 20 हॉर्स पॉवर के ट्रैक्टर (ट्राली सहित) अनुदान पर प्रदान किया गया है।

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल कार्य

[वित्त]

9. (*क्र. 2912) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में विभिन्न विभागों के अंतर्गत सम्मिलित कार्यों में से ऐसे कितने कार्य हैं जिनकी विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् प्रशासकीय स्वीकृति हेतु वित्त विभाग के पास लंबित है? लंबित कार्यों की संख्या, राशि एवं लंबित रहने के कारण सहित जानकारी दें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में सम्मिलित कार्यों में से विभागों द्वारा प्रेषित कोई भी प्रस्ताव प्रशासकीय स्वीकृति हेतु वित्त विभाग के पास लंबित नही है। अत: लंबित कार्यों की संख्या, राशि एवं लंबित रहने के कारण की जानकारी का प्रश्न ही नहीं उठता है।

आश्रम शालाओं/ छात्रावासों व अन्य जगहों में सोलर लाईट की स्वीकृति

[योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी]

10. (*क्र. 2460) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2024 से 15.02.2026 तक विधानसभा क्षेत्र विकास निधि अंतर्गत आश्रम शालाओं/छात्रावासों व अन्य जगहों में सोलर लाईट की स्वीकृति प्रदान की गई है ? यदि हां, तो कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है और उक्त कार्यों की निविदा/टेंडर की प्रक्रिया किस माध्यम से कब की गयी है ? **(ख)** निविदा में किन-किन एजेंसियों ने भाग लिया तथा किसका चयन कर कार्यादेश कब जारी किया गया? कार्य की प्रगति रिपोर्ट से अवगत करावें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी नहीं। **(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

अनधिकृत विकास के नियमितीकरण के लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति

[आवास एवं पर्यावरण]

11. (*क्र. 2823) श्री भूपेश बघेल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या शासन ने अनधिकृत विकास के नियमितीकरण हेतु वर्ष 2022 के अधिनियम को 2024 में संशोधित किया और आदेश क्र. एफ 07-11-2020/32 (दिनांक 30.04.2025) द्वारा समस्त कलेक्टरों को त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया? **(ख)** दुर्ग जिले सहित प्रदेश भर में दिसंबर, 2025 की स्थिति में 'ग्राम एवं नगर निवेश विभाग' के पास कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से कितने लंबित हैं? (जिलेवार एवं आवासीय/गैर-आवासीय वार जानकारी दें)? **(ग)** शासन के स्पष्ट निर्देशों के बाद प्रकरणों के लंबित होने के लिए कौन जिम्मेदार हैं? क्या उनके विरुद्ध जवाबदेही तय की गई है? **(घ)** लंबित प्रकरणों के निपटारे हेतु कोई निश्चित समय-सीमा घोषित करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जी, हाँ। शासन ने अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण हेतु वर्ष 2022 के अधिनियम को 2024 में संशोधित किया और आदेश क्र. एफ 07-11-2020/32 (दिनांक 30.04.2025) द्वारा समस्त कलेक्टरों को छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2022 के अंतर्गत नियमितिकरण हेतु प्राप्त समस्त लंबित प्रकरणों का, छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2024 एवं उक्त जारी निर्देश के परिपालन में निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है।**(ख)**दुर्ग जिले सहित प्रदेश भर में दिसंबर 2025 की स्थिति में 'ग्राम एवं नगर निवेश विभाग' के पास कुल

48096 आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से कुल 15599 आवेदन वर्तमान में लंबित है। जिलेवार एवं आवासीय/गैर-आवासीय वार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ग)** शासन के निर्देशानुसार प्राप्त प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(घ)** वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

जिला राजनांदगांव में लोक मड़ई का आयोजन

[संस्कृति]

12. (*क्र. 2892) श्री दलेश्वर साहू : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगांव जिला में लोक मड़ई के आयोजन हेतु तत्कालीन विभागीय मंत्री द्वारा सदन में राशि में बढोतरी की घोषणा/वक्तव्य दिया गया है ? यदि हां, तो घोषणा के पूर्व कितनी राशि स्वीकृत की जाती थी एवं वर्ष 2024 में घोषणा के अनुरूप कितनी राशि की बढोतरी कर राशि की स्वीकृति जिले को जारी की गयी ? क्या वर्ष 2025-26 में घोषणा अनुरूप राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है या राशि में कोई कटौती की गयी है? यदि कटौती की गयी है तो कारण सहित जानकारी देवें?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : राजनांदगांव जिला में लोक मड़ई के आयोजन हेतु तत्कालीन विभागीय मंत्री द्वारा सदन में राशि बढ़ोत्तरी की घोषणा/वक्तव्य संबंधी पत्राचार अप्राप्त है। वित्तीय वर्ष 2023 में राशि रू. 8.00 लाख,वित्तीय वर्ष 2024 में राशि रू. 15.00 लाख,वित्तीय वर्ष 2025 में राशि निरंक,वित्तीय वर्ष 2026 में राशि रू. 8.00 लाख कलेक्टर जिला राजनांदगांव को आबंटित किया गया है।

कांकेर विधानसभा क्षेत्र में राम वन गमन पथ पर्यटन विकास कार्य

[पर्यटन]

13. (*क्र. 753) श्री आशा राम नेताम : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कांकेर विधानसभा क्षेत्र के किन-किन स्थलों को राम वन गमन पर्यटन परिपथ घोषित किया गया है? जानकारी देवें? **(ख)** घोषित स्थलों के विकास हेतु कितनी राशि किन-किन कार्यो के लिए आबंटित की गई है?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) कांकेर विधानसभा क्षेत्र के किसी भी स्थल को राम वन गमन पर्यटन परिपथ हेतु चिन्हांकित नहीं किया गया है । **(ख)** उत्तरांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है ।

धार्मिक न्यास, ठाकुर रामचंद्र स्वामी जैतु साव मठ, पुरानी बस्ती, रायपुर की भूमि का अधिग्रहण

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

14. (*क्र. 934) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धार्मिक क्षेत्र में कार्य करने वाले धार्मिक न्यास, "ठाकुर रामचंद्र स्वामी जैतु साव मठ, पुरानी बस्ती, रायपुर" के नाम पर रायपुर जिला अंतर्गत ग्राम- सेजबहार, धरमपुरा, देवपुरी , गुजरा, भरेंगाभाठा, भटगांव में कितनी कितनी भूमि धारित की जाती है? कृपया ग्रामवार धारित खसरा व रकबा की जानकारी देवें? **(ख)** क्या उक्त मठ की ग्राम सेजबहार एवं देवपुरी स्थित भूमि का अधिग्रहण शासन द्वारा किया गया है? यदि हाँ, तो अधिग्रहण वर्ष व प्रकरण क्रमांक, अधिग्रहित खसरा व रकबा तथा प्रदाय की गयी मुआवजा राशि की जानकारी देवें? **(ग)** मुआवजा के रूप में प्राप्त राशि को ट्रस्ट द्वारा किस बैंक खाते में प्राप्त किया गया है? प्राप्त मुआवजा राशि को ट्रस्ट द्वारा किन-किन प्रयोजनों के लिए किस व्यक्ति के माध्यम से तथा किसकी अनुमति से आहरित किया गया है? जमा राशि पर क्या कोई ब्याज अर्जित किया गया है? कृपया विवरण देवें? **(घ)** वर्तमान में लोक न्यास अभिलेख

अनुसार ठाकुर रामचंद्र स्वामी जैतु साव मठ ट्रस्ट का सञ्चालन किन किन व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है? क्या किसी न्यायालय से इस ट्रस्ट के सञ्चालन समिति/सञ्चालक मंडल/ट्रस्टी मंडल को भंग कर दिया गया है? यदि हाँ तो किस न्यायालय द्वारा किस तिथि से भंग किया गया है?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** शासन द्वारा अधिग्रहित मठ की भूमि की जानकारी निम्नानुसार है-ग्राम सेजबहार, भू-अर्जन प्र.क्र. 10/अ-82, वर्ष 2010-11, अधिग्रहित ख.नं. 509/1,अर्जित रकबा 13.055 हेक्टेयर, अवार्ड पारित मुआवजा राशि 11,05,25,536 रुपये ।ग्राम देवपुरी, भू-अर्जन प्र.क्र. 07/अ-82, वर्ष 2010-11, अधिग्रहित ख.नं. 401/1,410/1, 404/1, 404/7, 418/2, 320/1, अर्जित रकबा 0.202, 0.251, 0.255, 0.202,0.020, 0.032 हेक्टेयर, कुल खसरा 06 कुल रकबा 0.962 हेक्टेयर, कुल अवार्ड पारितमुआवजा राशि 1,46,46,450 रुपये ।**(ग)** 1/ ग्राम सेजबहार में अधिग्रहित भूमि की मुआवजा राशि को कलेक्टर, रायपुर के पत्र क्र. 603 दिनांक 03.07.2015 के परिपालन में कलेक्टर एवं श्री रामचंद्र स्वामी जैतुसाव मठ सार्वजनिक न्यास के नाम पर संयुक्त एफ.डी. किया गया है।ग्राम देवपुरी में अधिग्रहित कुल 06 खसरों की भूमि में से कुल 05 खसरों की भूमि हेतु निर्धारित मुआवजा राशि 86,88,625 रुपये दिनांक 20.08.2019 एवं राशि 30,75,450 रूपये दिनांक 02.02.2023 को ट्रस्ट के नाम से संधारित बैंक युनियन बैंक आफ इंडिया, लिली चौंक शाखा, रायपुर में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भुगतान किया गया है। 2/ प्राप्त मुआवजा राशि को ट्रस्ट द्वारा किन-किन प्रयोजनों के लिए किस व्यक्ति के माध्यम से तथा किसकी अनुमति से आहरित किया गया है एवं जमा राशि पर अर्जित ब्याज के संबंध में जानकारी सार्वजनिक न्यास शाखा में उपलब्ध नहीं है। अतः उक्त संबंध में जानकारी दिया जाना संभव नहीं है।**(घ)** वर्तमान में कार्यालय में उपलब्ध लोक न्यास पंजी के अनुसार कुल 11 ट्रस्टी क्रमशः 1/ कलेक्टर, 2/ वासुदेव हरहर मोकासदार, 3 /जिवेन्द्रनाथ ठाकुर, 4 / ग्वालदास डागा, 5/ किशनलाल सिंघानिया, 6/नंदकुमार दानी, 7 /महेन्द्र अग्रवाल, 8/ रामकिशोर लाल, 9 रमेश कुमार अग्रवाल, 10/ अजय तिवारी, 11 /शिवकुमार अग्रवाल कार्यरत है। में न्यायालय से ट्रस्ट के संचालन समिति / संचालन मण्डल / ट्रस्टी मण्डल को भंग करने के संबंध में पारित आदेश या निर्देश की जानकारी लोकन्यास शाखा उपलब्ध नहीं है अतः जानकारी दिया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

धमतरी जिला में मछली पालन से लाभान्वित कृषक

[मछली पालन]

15. (*क्र. 2223) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिले में मछली पालन विभाग को वर्ष 2023-24 से 15.02.2026 तक मत्स्य पालन हेतु कितनी-कितनी राशि, कौन-कौन सी योजना में कहॉ-कहॉ प्रदाय की गई है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार कुल कितने कृषकों को लाभान्वित किया गया है ? कृषकों को कितना-कितना अनुदान दिया गया है ? विकासखण्डवार जानकारी प्रदाय करें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) धमतरी जिले में मछली पालन विभाग को वर्ष 2023-24 में राशि रू. 284.10 लाख, वर्ष 2024-25 में राशि रू. 192.69 लाख एवं वर्ष 2025-26 में 15.02.2026 तक राशि रू. 120.03 लाख मत्स्य पालन हेतु विभिन्न योजनाओं में प्रदाय की गई है। विकासखण्डवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है**।**(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार कुल 4213 मत्स्य कृषकों को लाभान्वित किया गया है। कृषकों को प्रदाय अनुदान राशि की विकासखण्डवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है।**

मत्स्यपालन नीति में वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आने वाले जलाशयों हेतु प्रावधान

[मछली पालन]

16. (*क्र. 2923) श्री कवासी लखमा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में लागू मत्यस्यपालन तथा मत्स्याखेट नीति क्या है ? उसकी प्रति उपलब्ध कराएं? क्या अनुसूचित जनजाति और परम्परागत वन निवासी (वन अधिकार की मान्यता) अधिनियम, 2006 प्रभावशील होने के पश्चात् मत्स्यपालन तथा मत्स्याखेट की नीति में ऐसा परिवर्तन किया गया था कि वन अधिकार अधिनियम का पालन सुनिश्चित हो सके? **(ख)** प्रदेश में वन भूमि पर स्थिति बड़े जलाशयों यथा मिनीमाता (हसदेव बांगो), गंगरेल, मुरूमसिल्ली, दुधवा आदि जो वन भूमि स्थित हैं, को मत्स्यपालन एवं मत्स्याखेट के लिये मत्स्य महासंघ के टेंडर में वन अधिकार अधिनियम का पालन क्यों नहीं किया जाता है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में वर्तमान में "नवीन मछलीपालन नीति-2022" लागू है। "नवीन मछलीपालन नीति-2022" की प्रति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।**जी नहीं, नवीन मछली पालन नीति-2022 में वन अधिकार अधिनियम का पालन सुनिश्चित होने के संबंध में कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है। अपितु नवीन मछलीपालन नीति-2022 के कण्डिका क्रमांक 2 के बिन्दु क्रमांक 2.1, 2.8, कण्डिका क्रमांक 6, 7 एवं 15 में अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्र के लिए प्रावधान है। **(ख)** प्रदेश में वन भूमि पर स्थिति बड़े जलाशयों यथा मिनीमाता (हसदेव बांगो), गंगरेल, मुरूमसिल्ली, दुधवा आदि जो वन भूमि स्थित हैं, को नवीन मछलीपालन नीति-2022 में वन अधिकार अधिनियम का पालन सुनिश्चित होने के संबंध में कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं होने से जारी नीति में निहित प्रावधानों के तहत् टेंडर की कार्यवाही की जाती है।

पशुधन विकास विभाग द्वारा बकरियों की नस्ल सुधार हेतु किए गए कार्य

[पशुधन विकास]

17. (*क्र. 1668) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**विगत दो वर्षों (वर्ष 2023-24 एवं 2024-25) में प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंडवार कितनी "पशु सखियों" को बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान (AI) के माध्यम से नस्ल सुधार कार्य हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया है? कृपया विकासखंडवार एवं वर्षवार विवरण प्रदान करें? **(ख)** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में बकरी नस्ल सुधार, उन्नत प्रजनन तकनीक के विस्तार एवं चारा प्रबंधन (हरित चारा विकास, चारा बैंक, साइलो पिट, आदि) के संबंध में वर्तमान में कौन-सी कार्ययोजना संचालित है? **(ग)** आगामी दो वर्षों हेतु नस्ल सुधार एवं चारा विकास को सुदृढ़ करने के लिए विभाग द्वारा क्या विशेष कार्ययोजना प्रस्तावित है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रश्नांक 'क' की जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में बकरी नस्ल सुधार तथा उन्नत प्रजनन तकनीक के विस्तार हेतु अनुदान पर बकरा वितरण योजना अंतर्गत उन्नत नस्ल का बकरा वितरण, बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम एवं राज्य बकरी उद्यमिता विकास योजना संचालित है। चारा प्रबंधन (हरित चारा विकास, चारा बैंक, साइलो पिट आदि) के संबंध में प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में कोई भी विभागीय कार्ययोजना संचालित नहीं है। **(ग)** जी हॉ। वित्तीय वर्ष 2026-27 नवीन मद अंतर्गत सरगुजा संभाग में उन्नत नस्ल की बकरी इकाई वितरण एवं पीपीपी मोड में हरा चारा विकास कार्यक्रम संचालन के लिए विशेष कार्ययोजना प्रस्तावित है।

कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत पर्यावरण प्रदूषण का निराकरण

[आवास एवं पर्यावरण]

18. (*क्र. 1072) श्री प्रेमचंद पटेल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कोयला खदान क्षेत्र दीपका, गेवरा, कुसमुंडा में पर्यावरण प्रदूषण से वायु और जल में क्या प्रभाव पड़ रहा है ? खदानों के कारण प्रभावित गांवों मे पीने का पानी और स्वास्थ सुविधाओं के लिए क्या उपाय किए गए हैं ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : कटघोरा विघानसभा क्षेत्र के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) के कोयला खदान क्षेत्र मेसर्स दीपका ओपनकास्ट कोलमाईन, एसईसीएल, दीपका क्षेत्र, मेसर्स गेवरा ओपनकास्ट कोलमाईन, एसईसीएल गेवरा क्षेत्र एवं मेसर्स कुसमुण्डा ओपनकास्ट कोलमाईन, एसईसीएल, दीपका क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा विगत एक वर्ष में किये गये वायु एवं जल गुणवत्ता मापन अनुसार परिणाम निर्धारित मानक के भीतर पाये गये हैं। कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-कोरबा (छ.ग.) द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार कोयला खदान एस.ई.सी.एल. के प्रभावित 42 ग्रामों में विभाग द्वारा पेय जल व्यवस्था के तहत 729 हैण्डपंप, 107 एकल फेस पॉवर पंप, 04 स्थल जल प्रदाय योजना एवं 09 नलजल प्रदाय योजना स्थापित की गयी है। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार जिला-कोरबा अंतर्गत दीपका, गेवरा, कुसमुण्डा खदान प्रभावित क्षेत्रो में प्रत्येक तीन हज़ार की जनसंख्या पर उपस्वास्थ्य केंद्र / आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित है तथा दीपका में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रभावित गांवों में पेय जल व्यवस्था के तहत बोरवेल निर्माण, तालाब निर्माण, टैंकर से पानी की आपूर्ति आदि उपाय भी किये गए है। एस.ई.सी.एल.द्वारास्वास्थ्य सुविधाओं के अंतर्गतगेवरा क्षेत्र में 01 एनसीएच अस्पताल, स्वास्थ्य शिविर, कुसमुंडा क्षेत्र में 02 डिस्पेंसरी, स्वास्थ्य शिविर, मोबाइल मेडिकल यूनिट (मोबाइल एम्बुलेंस) एवं दीपका क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर संचालित है।

प्रदेश में संचालित शासकीय/निजी कोल डिपो को पर्यावरणीय स्वीकृति

[आवास एवं पर्यावरण]

19. (*क्र. 2846) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में वर्तमान में संचालित निजी/शासकीय कोल डिपो की जिला-वार संख्या एवं प्रत्येक का पंजीयन विवरण क्या है? क्या इन कोल डिपो को पर्यावरणीय स्वीकृति (Environmental Clearance) एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाणपत्र (NoC) प्राप्त है? विगत एक वर्षों में इन कोल डिपो के विरुद्ध प्रदूषण, धूल उत्सर्जन अथवा पर्यावरणीय मानकों के उल्लंघन संबंधी कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं? कितने कोल डिपो की नियमित जांच में अनियमितता पाई गई एवं कार्यवाही की गई? जिलावार जानकारी देवें? **(ख)**क्या बिल्हा विधानसभा अंतर्गत कई कोल डिपो आबादी क्षेत्र के समीप संचालित हो रहे हैं? क्या विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण/जांच किया जा रहा है? यदि हाँ, तो निरीक्षण की आवृत्ति क्या है? कितने व कौन-कौन से कोल डिपो बिना वैध पर्यावरणीय अनुमति के संचालित पाए गए? क्या विभाग अवैध कोल डिपो को बंद कराने एवं धूल नियंत्रण हेतु किस कार्य योजना पर विचार कर रही है? जानकारी देवें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा पंजीयन नहीं किया जाता है, अपितु जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत सम्मति जारी की जाती है, राज्य में वर्तमान में संचालित निजी/शासकीय कोल डिपो की जिलावार संख्या एवं जारी सम्मति की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-क अनुसार** है। कोल डिपो को

भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। विगत एक वर्ष (मार्च 2025 से 10 मार्च 2026 तक) में इन कोल डिपो के विरूध्द प्रदूषण, धूल उत्सर्जन अथवा पर्यावरणीय मानकों के उल्लंघन संबंधी 07 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, इसके अतिरिक्त 01 कोल डिपो की नियमित जाँच में अनियमितता पाई गई, उक्त पर की गई कार्यवाही की जिलेवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ख अनुसार** है।**(ख)**जी हाँ, बिल्हा विधानसभा अंतर्गत 35 कोल डिपो संचालित हैं, इनमें से कुछ कोल डिपो आबादी क्षेत्र के समीप संचालित है। जी हाँ। सभी कोल डिपो के केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वर्गीकरण अनुसार हरे श्रेणी के लघु उद्योग होने के कारण इनका निरीक्षण प्रत्येक 02 वर्ष में किये जाने की आवृति है। निरीक्षण के दौरान बिल्हा विधानसभा अंतर्गत कोई भी कोल डिपो बिना वैध सम्मति के संचालित नहीं पाये गये। शेष प्रश्नांश की जानकारी निरंक है।

<u>जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आर.के.एम. कंपनी के द्वारा पर्यावरण नियमों का उल्लंघन</u>

[आवास एवं पर्यावरण]

20. (*क्र. 2863) श्री बालेश्वर साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सच है कि जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आर.के.एम. कंपनी द्वारा ग्राम कांशीगढ़ ख.न. 2124/1, ग्राम खैरझिटी ख.न. 206/1, ग्राम सिरली ख.न. 881/4, 1250/1 पर पर्यावरण नियमों की अनदेखी कर राखड़ डंपिंग की कार्यवाही की जा रही है? जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार अवैध डंपिंग एवं पर्यावरण नियमों के उल्लंघन पर फरवरी, 2026 तक प्लांट प्रबंधन व ट्रांसपोर्टर पर क्या कार्यवाही की गई है और यदि लंबित है तो उसका क्या कारण है? जानकारी दें? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार नियमों के उल्लंघन की समय-सीमा में जांच कर कब तक कार्यवाही की जायेगी?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जी नहीं। जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-कांशीगढ़ के ख. नं. 2124/1, ग्राम खैरझिटी के ख. नं. 206/1 तथा ग्राम सिरली के ख. नं. 881/4, 1250/1 की शासकीय भूमि में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र, संबंधित ग्राम पंचायतों की अनापत्ति उपरांत, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के अधिकारियों द्वारा किये गये स्थल निरीक्षण के आधार पर मेसर्स आर.के.एम. पॉवरजेन प्राईवेट लिमिटेड को क्रमशः दिनांक 09/02/2026, 22/09/2025 तथा 07/11/2025 को उपरोक्त स्थलों पर फ्लाई ऐश भराव हेतु विधिवत अनुमति जारी की गई है।**(ख)** प्रश्नांश (क) के उत्तर के अनुक्रम में प्रश्नांश **(ख)** उपस्थित नहीं होता है।**(ग)**प्रश्नांश (क) के उत्तर के अनुक्रम में प्रश्नांश (ग) उपस्थित नहीं होता है।

<u>ग्राम पंचायत सेजबहार एवं ग्राम धरमपुरा में ट्रस्टों/मठों की जमीन</u>

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

21. (*क्र. 2905) श्री मोतीलाल साहू : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेजबहार एवं धरमपुरा में ट्रस्ट/मठ की भूमि की जानकारी संस्थावार, खसरा नंबर एवं रकबा सहित देवें ? **(ख)** क्या ट्रस्ट/मठ की जमीन को विक्रय किये जाने का प्रावधान है ? यदि हां, तो प्रावधान की जानकारी देवें ? **(ग)** उक्त प्रावधान के तहत ग्राम पंचायत-सेजबहार एवं धरमपुरा में ट्रस्ट/मठ की कितनी जमीन का विक्रय किया गया है ? संस्थावार, क्रेता के नाम व पता, खसरा नंबर एवं रकबा सहित जानकारी देवें ? **(घ)** उक्त प्रावधान के विपरीत ग्राम पंचायत-सेजबहार एवं धरमपुरा अंतर्गत ट्रस्ट/मठ की कितनी जमीन का विक्रय किया गया है ? उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी संस्थावार, क्रेता के नाम व पता, खसरा नंबर एवं रकबा सहित देवें ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेजबहार एवं

धरमपुरा में ट्रस्ट/मठ की भूमि की जानकारी निम्नानुसार हैः-ग्राम सेजबहार:- भूमि स्वामी-श्री रामचन्द्र जी स्वामी सरवराकार महंत लक्ष्मीनारायण दास, ख.नं. क्रमशः- 25/1 शामिल 25/5 33/1, 45/2 205/2 205/4, 228, 322, 323, 324/1, 375/1, 396, 494, 498/4 रकबा क्रमशः -0.765, 0.349, 0.008, 0.910, 1.550, 0.555, 1.028, 0.445, 2.954, 0.057, 0.478, 1.234, 0.033 हेक्टेयर, कुल खसरा 13, कुल रकबा 10.366 हेक्टेयर ग्राम धरमपुरा:- भूमि स्वामी- श्री रामचन्द्र जी स्वामी सरवराकार महंत लक्ष्मीनारायण दास, ख.नं. क्रमशः 4, 21/2/ख, 21/2/ज, 21/2/छ, 31/1 270, 09/1, 24/2, 88/2 222/2 333/2, 24/3, 109, 233/9 रकबा क्रमशः 3.177, 2.800, 3.157, 0.890, 0.263, 0.134, 1.154, 0.065, 0.020, 0.987, 0.502, 0.405, 0.028, 1.146 हेक्टेयर, कुल खसरा 14, कुल रकबा 14.728 हेक्टेयर**(ख)** ट्रस्ट/ मठ की जमीन को विक्रय किये जाने के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान हैः- छ.ग. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 14. लोक न्यास से संबद्ध सम्पत्ति आदि के लिए पंजीयक की पूर्व स्वीकृति (1) न्यास विलेख में दिये गये निर्देशों के अध्यधीन अथवा किसी न्यायालय द्वारा इस या अन्य किसी विधि के अधीन दिये गए निर्देश के अध्यधीन-(अ) किसी अचल संपत्ति का विक्रय, बंधक, विनिमय अथवा दान नहीं किया जाएगा; और (ब) कृषक भूमि के मामले में सात वर्ष से अधिक की कालावधि या अकृषिक भूमि अथवा भवन के मामले में तीन वर्ष से अधिक की कालावधि का कोई पट्टा जो लोक न्यास द्वारा धारित हो, पंजीयक की पूर्व स्वीकृति के बिना विधि मान्य नहीं होगा। (2) पंजीयक उप-धारा (1) में विनिर्दिष्ट किसी संव्यवहार के संबंध में अपनी मंजूरी देने से इंकार नहीं करेगा जब तक कि उसकी राय में में ऐसा संव्यवहार लोक न्यास के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला न हो।**(ग)** उक्त प्रावधान के तहत् लोकन्यास पंजी में दर्ज अनुसार ग्राम सेजबहार में रा.प्र.क्र 01/ब-113 (3) वर्ष 1964-65 आदेश दिनांक 12.01.1965 के माध्यम भूमि विक्रय की अनुमति प्रदान की गई विस्तृत जानकारी निम्नानुसार हैः-

स.क्र.	क्रेता का नाम	ख.नं.	रकबा
1	विशाल एवं रामनाथ	32/1 का भाग	1.00 एकड
2	चौतराम पिता सुकलाल	32/1 का भाग	1.25एकड
3	विष्णु एवं बिसाहू	32/1 का भाग	1.90 एकड
4	अभयराम पित्ता दुलार	24 का भाग	0.80 एकड़
5	अभयराम पिता दुलार	25/1 का भाग	1.20 एकड़
6	मोतीराम पिता गुहा	32/1 का भाग	2.00 एकड़
7	पतिराम पिता गुहा	32/1 का भाग	3.00 एकड़
8	बाहरन पिता पंडा	32/1 का भाग	2.13 एकड
9	प्यारी पिता बिसेलया	32/1 का भाग	1.30 एकड

पंजी में अनुमति संबंधी अन्य प्रविष्टियों उल्लेखित/दर्ज नहीं है।**(घ)** उक्त प्रावधान के विपरीत ग्राम पंचायत सेजबहार एवं धरमपुरा में श्रीरामचंदजी स्वामी जैतूसाय मठ के द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से जमीन बिक्री की शिकायत प्राप्त हुई, जिस पर प्रकरण पंजीबद्ध कर जॉच की जा रही है, प्रकरण विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में निष्कर्ष अभिलिखित नहीं किया जा रहा है। विचाराधीन प्रकरणों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

बीज निगम द्वारा किसानों को वितरित बीज का भुगतान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

22. (*क्र. 2831) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में 15-02-2026 तक रबी और खरीफ सीजन में क्या बीज उत्पादक किसानों को उनके उत्पादों का भुगतान लंबित है? यदि लंबित है तो कितना? **(ख)** 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान बीज निगम में किसानों का पंजीयन एवं बीज उपार्जन (बीज निगम द्वारा) बढ़ा है अथवा घटा है? जानकारी दें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं **(ख) जानकारी संकलित की जा रही है।**

प्रदेश में बीज निगम के द्वारा क्रय बीजों की मात्रा

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

23. (*क्र. 2849) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** बीज विकास निगम की क्या-क्या योजनायें है? किसानों/सोसायटी/सहकारी समिति/अशासकीय फर्मो/संस्थाओं से बीज खरीदने की नियमावली क्या है? विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार वर्ष 2023 से फरवरी, 2026 तक छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम के द्वारा कुल कितने प्रकार की बीजों की कितनी-कितनी मात्रा में किन-किन संस्थाओं, फर्म व सहकारी या निजी सोसायटियों के माध्यम से खरीदी की गयी है ? जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या वर्तमान में बीज खरीदी की कोई योजना है? बतावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लि. में पृथक से कोई योजना संचालित नहीं है। प्रदेश में प्रमाणित बीजों की आपूर्ति हेतु विभाग के आदेश क्रमांक 5467 दिनांक 20.12.2011 एवं आदेश पत्र क्र. 987/एफ-04-09/ बीनि/2011/14-2 दिनांक 28.02.2025 के द्वारा विभिन्न बीज प्रदायक संस्थाओं से सीधे दर बुलाकर प्रमाणित बीज कय करने के लिये भण्डार कय नियम-2002 के नियम 4 में निविदा आमंत्रित करने की शर्तों में छूट प्रदान की गई है। उपरोक्त आदेश के अंतर्गत प्रमाणित बीज क्रय हेतु नियमावली का विवरण निम्नानुसार है:-

सर्वप्रथम बीज का उपार्जन बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से किया जायेगा। इसके पश्चात आवश्यकता की पूर्ति राज्य की बीज उत्पादक सहकारी समितियों, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रमों, नाफेड, मध्यप्रदेश बीज महासंघ की समितियों, भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंन्ट्रल एजेंसी को बीज निगम द्वारा जारी आफर लेटर से न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था या एजेंसी से की जावेगी।

(ख) वर्ष 2023 से फरवरी 2026 की अवधि में बीज की आपूर्ति हेतु विभिन्न बीज प्रदायक संस्थाओं से क्रय बीज का फसलवार, संस्थावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।(ग)** आगामी वर्ष में खरीफ/रबी सीजन हेतु विभाग की आंकलित बीज मांग की पूर्ति बीज निगम द्वारा स्वयं उत्पादित बीज से किये जाने के उपरांत आपूर्ति हेत शेष बीज/किस्मों की व्यवस्था कंडिका"क" में उल्लेखित प्रक्रिया अनुसार की जायेगी।

छत्तीसगढ़ में सी-बीड जेल, ह्यूमिक एसिड एवं समकक्ष उत्पादों का विक्रय एवं दर

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

24. (*क्र. 2884) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ में क्या वर्ष 2024 -25 तथा 2025 -26 में सी-बीड जेल, ह्यूमिक एसिड एवं समकक्ष उत्पादों का विक्रय (शासकीय प्राथमिक सहकारी विपणन संस्थाओं के माध्यम से) कृषकों को किया गया ? यदि हां तो उक्तावधि में विक्रय किए गए उत्पादों की मात्रा वर्षवार, जिलावार बताएं ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के उत्पादों को कृषकों के उपयोग के लिए अनुशंसा व विक्रय दर का निर्धारण कब तथा किस प्रक्रिया में किया गया? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'क' के उत्पादों को कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा निष्फल मानते हुए पत्राचार किया गया ? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्या उक्त उत्पादों की सफलता (गुणवत्ता) का परीक्षण कराया जाएगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी नही। **(ख)** कंडिका "क" में उल्लेखित उत्पादो को दिनांक 12 सितम्बर 2024 से 16 फरवरी 2026 के मध्य विभिन्न राजपत्रों में प्रकाशित कर उर्वरक (नियंत्रण)

आदेश, 1985 में "जैव उत्प्रेरक" की श्रेणी में रखा गया है तथा इनके विभिन्न संघटन (कम्पोजिशन) विशिष्ट फसलवार उपयोग संबंधी उल्लेख अनुसूची में शामिल है। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 भारत की संसद द्वारा अधिनियमित है, अतः अनुशंसा की प्रक्रिया का उत्तर इस स्तर से दिया जाना संभव नही है। विक्रय दर का निर्धारण विनिर्मिताओ/विपणनकर्ताओ द्वारा किया जाता है। अतः विक्रय दर निर्धारण प्रक्रिया का विवरण दिया जाना संभव नही है। **(ग)** प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नही होता है।

जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिरगहनी-च में अवैध फ्लाई एश भंडारण

[आवास एवं पर्यावरण]

25. (*क्र. 2858) श्री ब्यास कश्यप : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वर्ष 2025 से 20 फरवरी, 2026 तक जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरगहनी-च में कुछ व्यवसायियों द्वारा अवैध रूप से फ्लाई एश का बड़े पैमाने पर खुले में भंडारण करने की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हॉ, तो उन पर की गई कार्रवाई का विवरण दें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : जी हाँ। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छ:"]

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

राजस्व भू अभिलेख में दोरला जाति त्रुटि सुधार संबंधी

[आदिम जाति विकास]

1. (क्र. 370) श्री विनायक गोयल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या चित्रकोट विधानसभा अंतर्गत ग्राम ककनार, चंदेला, काटाबांस, करेकोट, सतसपुर, पालम में वर्ष 1944 से दोरला जाति निवासरत हैं किंतु उच्चारण त्रुटिवश होने के कारण राजस्व भू अभिलेख में दोरला को दोरा अभिलिखित होने से उक्त जाति समुदाय के लोग शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित हैं? **(ख)** क्या उन्हें सरकार द्वारा संज्ञान में लेकर प्राथमिकता के आधार पर उच्चारण संबंधी त्रुटि सुधार किये जाने का प्रावधान है? **(ग)** यदि हाँ, तो क्या बस्तर जिले में निवासरत दोरला जाति को अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित किये जाने हेतु फरवरी, 2026 तक की गयी कार्यवाही से अवगत कराने की कृपा करेगें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी नहीं। छ.ग. राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में दोरा जाति शामिल नही है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** जी हां। मात्रात्मक/वर्तनीय/उच्चारणगत/लेखन/ध्वन्यात्मक एवं स्थानीय बोलचाल के कारण पूर्वजों के स्वतंत्रतापूर्व के अभिलेखों में इंद्राज जाति नाम जो भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत छत्तीसगढ राज्य हेतु जारी अनुसूचित जनजाति की सूची में अधिसूचित जनजाति नामों से भिन्नता संबंधी त्रुटि सुधार के निराकरण हेतु भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय को प्रस्ताव प्रेषित किया जाता है। **(ग)** कार्यालय आदिमजाति अनुसंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान के पत्र दिनांक 30.10.2023 एवं 03.07.2024 के माध्यम से दोरला/दोरा समाज प्रमुख को प्राथमिक जानकारी/अभिलेख चाही गई थी। समाज से प्राप्त जानकारी का उपलब्ध स्वतंत्रता पूर्व संदर्भ साहित्यों, जनगणना प्रतिवेदनों के आधार पर परीक्षण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

चित्रकोट जलप्रपात में पर्यटन विकास हेतु प्रयास

[पर्यटन]

2. (क्र. 393) श्री विनायक गोयल : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट जलप्रपात के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं? **(ख)** क्या पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटकों के लिए जगह-जगह शौचालय, बैठक व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं साफ-सफाई की व्यवस्था की गयी है? जानकारी प्रदान करें? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2023-24 से फरवरी, 2026 तक कितनी योजनाओं में कितनी राशि प्रदान की गयी है? यदि नहीं तो क्यों ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) पर्यटन विभाग द्वारा विधानसभा चित्रकोट जलप्रपात के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों/निर्माण कार्यों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जी हां, पर्यटन विभाग के द्वारा चित्रकोट में पर्यटक रिसॉर्ट का निर्माण कराया गया है, जहां पर्यटकों हेतु सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है एवं पर्यटन विभाग के द्वारा पर्यटकों को प्राकृतिक अनुभव प्रदान करने के लिए नेचर ट्रेल एवं गार्डन का विकास किया गया है जिसमें पर्यटकों के बैठने एवं शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन के द्वारा बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, हाईमास्ट लाईट एवं नौकायान की सुविधा उपलब्ध

करायी गयी है। **(ग)** प्रश्नांक ''क'' अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रश्नांकित अवधि वर्ष 2023-24 से फरवरी, 2026 तक विभाग द्वारा दो योजनाओं में कुल राशि रु. 119.14 लाख की स्वीकृति जिला प्रशासन को जारी की गयी है एवं जिला प्रशासन स्तर पर दो योजनाओं में कुल राशि रु. 49.54 लाख की स्वीकृति जारी की गई है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

राज्य में जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक

[आदिम जाति विकास]

3. (क्र. 828) श्री जनक ध्रुव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- राज्य में जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक प्रत्येक कितने माह में किए जाने का प्रावधान है तथा उस प्रावधान के अनुसार फरवरी, 2026 तक पिछले 5 वर्षों में कितनी बैठकें हुई हैं? समय पर बैठक नहीं करवाने के दोषी कौन हैं और विभाग द्वारा उन पर क्या कार्यवाही की जा रही है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : राज्य में जनजाति सलाहकार परिषद की बैठक प्रति छः माह में साधारणतया एक बार अध्यक्ष द्वारा निश्चित किए गए स्थान पर और तारीख को कराये जाने का प्रावधान है। फरवरी 2026 तक पिछले 5 वर्षों में (1) दिनांक 16-07-2021 (2) दिनांक 09-07-2022 (3) दिनांक24-11-2022 (4) दिनांक 16-01-2023 (5) दिनांक 11-03-2025 को जनजाति सलाहकार परिषद की बैठक आयोजित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि जनजाति सलाहकार परिषद का पुनर्गठन 8.11.2024 को किया गया है तदोपरांत 11.03.2025 को परिषद की बैठक का आयोजन किया गया है। विभाग द्वारा परिषद की बैठक का आयोजन परिषद के माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किया जाता है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

आदिवासी विकास विभाग द्वारा कोंडागांव जिला में परियोजना सलाहकार मंडल गठन

[आदिम जाति विकास]

4. (क्र. 930) श्री नीलकंठ टेकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या आदिवासी विकास विभाग द्वारा कोंडागांव जिला में परियोजना सलाहकार मंडल का गठन किया गया है ? **(ख)** यदि हां, तो अध्यक्ष एवं सदस्यों की जानकारी दी जावे तथा परियोजना सलाहकार मंडल की जनवरी, 2024 से जनवरी, 2026 तक कितनी बैठक संपन्न की गयी है? बैठक का एजेंडा एवं लिए गये निर्णय की जानकारी देवें? **(ग)** यदि बैठक नहीं की गई है तो इसके क्या कारण हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी नहीं। **(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता हैं। **(ग)** परियोजना सलाहकार मण्डल गठन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। परियोजना सलाहकार मण्डल गठन पश्चात बैठक आयोजन संबंधी कार्यवाही की जावेगी। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता हैं।

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय में निर्माणाधीन कार्यों की मां पुस्तिका खो जाने की जांच

[पशुधन विकास]

5. (क्र. 972) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग से संबद्ध पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, बिलासपुर में क्या निर्माणाधीन कार्यों की माप पुस्तिका खो जाने की कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो क्या इस अनियमितता की जांच हेतु कोई जांच समिति गठित की गई है? **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार यदि कोई जांच समिति गठित कर जांच की जा रही है तो प्रथम दृष्टया किन-किन अधिकारियों अथवा कर्मचारियों

को इस कृत्य के लिए जिम्मेदार पाया गया है? क्या जांच की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है? **(ग)** इस अनियमितता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों अथवा कर्मचारियों के विरुद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी नहीं, अपितु तत्कालीन कार्यपालन अभियंता द्वारा कुलसचिव दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय को सहायक अभियंता द्वारा माप/देयक पुस्तिकायें कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किये जाने संबंधी पत्र लेख किया गया है तथा उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की अनुसंशा की गई है। अनियमितता की जॉच हेतु तत्कालीन निदेशक विस्तार शिक्षा, दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में जॉच समिति गठित की गई। **(ख)** जाँच समिति द्वारा सहायक अभियंता द्वारा माप पुस्तिकायें जमा नहीं किये जाने के कारण यह निष्कर्ष निकाला गया की माप पुस्तिकायें उन्ही के पास है। **(ग)** सहायक अभियंता द्वारा माप पुस्तिकायें उपलब्ध नहीं कराये जाने पर तत्कालीक कार्यपालन अभियंता द्वारा शासकीय दस्तावेजों को गुमाने/चोरी करने के संबंध में पुलिस चौकी प्रभारी, अंजोरा दुर्ग को सहायक अभियंता के विरूद्ध प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज किये जाने पत्र लिखा गया है।

<u>छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अंतर्गत बीज उत्पादन</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

6. (क्र. 1059) श्री अजय चंद्राकर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक किसानों द्वारा खरीफ/रबी फसलों के लिये कितनी-कितनी मात्रा में मांग की गयी? मांग के अनुरूप बीज की उपलब्धता कितनी रही तथा बीज उपलब्ध कराने की अवधि क्या तय की गयी है? **(ख)** उक्त वर्ष में खरीफ/रबी फसल के लिये बीज निगम अंतर्गत कितने किसान एवं किन-किन निजी संस्थाओ ने पंजीयन कराया गया तथा किसान/बीज निगम का फर्म/निजी संस्थाओं द्वारा कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन सी फसलों का उत्पादन किया गया? कितनी-कितनी राशि, किस दर पर, कितनी अवधि के दौरान सरकार द्वारा भुगतान की गयी? **(ग)** राज्य में बीज उत्पादन व आत्मनिर्भरता के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये तथा इसके लिये क्या नीति एवं कार्यक्रम किये गये तथा उसका परिणाम क्या रहा? इसके लिये कितनी राशि का बजट प्रावधान किया गया है? किन-किन कार्यो के लिये कितनी-कितनी राशि व्यय की गयी? उक्त वर्षवार अलग-अलग बतायें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क), **(ख)** एवं **(ग) जानकारी संकलित की जा ही है।**

<u>बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में खरीफ/रबी सीजन के दौरान खाद-बीज की कमी एवं कालाबाजारी</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

7. (क्र. 1678) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान सीजन (खरीफ/रबी 2025-26) में यूरिया, डीएपी और धान/गेहूं के उन्नत बीजों की कितनी मांग निर्धारित की गई थी और अब तक कितनी आपूर्ति सोसायटियों और निजी केंद्रों में की गई है? पृथक-पृथक विवरण देवें। **(ख)** क्या बिलाईगढ़ की सहकारी समितियों में खाद की कमी के कारण किसानों को निजी दुकानों से ऊंचे दामों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर है? यदि नहीं, तो सोसायटियों में वर्तमान स्टॉक की स्थिति क्या है? **(ग)** क्या शासन को बिलाईगढ़ क्षेत्र में खाद-बीज की कालाबाजारी या अमानक (नकली) खाद-बीज की बिक्री की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो क्या कार्यवाही की गई है? **(घ)** किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए शासन ने क्या ठोस कदम उठाए हैं, ताकि बुआई प्रभावित न हो?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सम्मिलित विकासखण्ड बिलाईगढ़ हेतु खरीफ वर्ष 2025 एवं रबी वर्ष 2025-26 में यूरिया एवं डीएपी की आँकलित मांग और दिनांक 10.03.2026 तक सहकारी समितियों एवं निजी केन्द्रों में की गई आपूर्ति की मौसमवार, उर्वरकवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** उक्त अवधि में विकासखण्ड बिलाईगढ़ में धान एवं गेंहूं फसल के प्रमाणित बीज की आंकलित मांग एवं दिनांक 10.03.2026 तक सहकारी समितियों में की गई आपूर्ति की मौसमवार, फसलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** विभाग द्वारा निजी क्षेत्र को बीज की आपूर्ति नहीं की जाती। **(ख)** जी नहीं। बिलाईगढ़ विकासखण्ड की सहकारी समितियों में दिनांक 10.03.2026 की स्थिति में रासायनिक उर्वरकों का कुल 2220.400 मेट्रिक टन स्कंध शेष है। सहकारी समितिवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।(ग)** प्रश्नांकित अवधि में बिलाईगढ़ विकासखण्ड में रासायनिक उर्वरक एवं बीज की कालाबाजारी अथवा अमानक (नकली) उर्वरक एवं बीज की बिक्री के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः शेष जानकारी निरंक है। **(घ)** किसानों को समय पर उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराने के लिये मांग के अनुरूप सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों एवं प्रमाणित बीजों का अग्रिम भंडारण खरीफ एवं रबी मौसम प्रारंभ होने के पूर्व ही कराया जाता है तथा विभागीय मैदानी अमलो के माध्यम से अग्रिम भंडारण का व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को अग्रिम उठाव हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

जे. के. लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड द्वारा भवन अनुज्ञा प्राप्त न किए जाने से राजस्व हानि

[आवास एवं पर्यावरण]

8. (क्र. 1729) श्री रिकेश सेन : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या दुर्ग जिला अंतर्गत मलपुरी खुर्द में स्थित जे. के. लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड द्वारा भवन निर्माण हेतु नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं संबंधित निकाय से विधिवत भवन अनुज्ञा प्राप्त नहीं की गई है? **(ख)** यदि हाँ, तो बिना भवन अनुज्ञा निर्माण कार्य किए जाने से राज्य शासन को कितने राजस्व की हानि हो रही है? **(ग)** क्या उक्त कंपनी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 एवं नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है? यदि हॉ तो क्या? यदि नहीं तो इसके लिए कौन से अधिकारी दोषी हैं? तथा कंपनी पर जुर्माना अधिरोपित कर राजस्व वसूली की कार्यवाही कब तक की जावेगी?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय से भवन अनुज्ञा हेतु अनापत्ति प्राप्त की गई है, संबंधित निकाय से भवन अनुज्ञा प्राप्त नहीं की गई है।**(ख)** नगर पालिका परिषद् अहिवारा से प्राप्त जानकारी अनुसार राजस्व हानि की गणना वर्तमान में किया जाना संभव नहीं है।**(ग)** जी, हां। नगर पालिका परिषद्, अहिवारा द्वारा नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 187 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

किसानों को समय पर उर्वरक एवं बीज उपलब्ध न हो पाना

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

9. (क्र. 1940) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या यह सत्य है कि वर्ष 2025-26 में राज्य के अनेक किसानों को समय पर उर्वरक एवं बीज उपलब्ध नहीं हो पाया? यदि हॉ तो जिलेवार विवरण दे? **(ख)** कितने जिलों में बीज और उर्वरक की कमी होने की शिकायत प्राप्त हुई?जिले का विवरण दे? **(ग)** राज्य में जिलेवार बीज उर्वरक की आवश्यकता क्या थी और कितनी मात्रा में उपलब्ध कराया गया?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क), (ख) एवं **(ग) जानकारी संकलित की जा रही है।**

जिला गरियाबंद में आश्रम/छात्रावासों में सुदृढ़ीकरण/ उन्नयन/ मरम्मत कार्य

[आदिम जाति विकास]

10. (क्र. 2027) श्री जनक ध्रुव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिला गरियाबंद में वर्ष 2023-24, 2024-25, 2025-26 में आश्रम/छात्रावासों में सुदृढ़ीकरण/ उन्नयन/ मरम्मत के कितने कार्य स्वीकृत किये गये हैं? कार्यवार, ग्रामवार, लागत सहित जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांक "क" में वर्णित कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति क्या है? कार्यवार, ग्रामवार, लागत सहित जानकारी उपलब्ध करावें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला गरियाबंद में आश्रम/छात्रावासों में सुदृढ़ीकरण/उन्नयन/मरम्मत के वर्ष 2023-24में कुल 134 कार्य, वर्ष 2024-25 में कुल 14 कार्य, वर्ष 2025-26 में कुल 65 कार्य इस प्रकार कुल 213 कार्य स्वीकृत किये गये हैं। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, कार्यवार, ग्रामवार, लागत सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

किसानों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मौसम आधारित फसल बीमा

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

11. (क्र. 2095) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2023-24 से 10 फरवरी 2026 तक कितने किसानों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मौसम आधारित फसल बीमा कराया गया है ? प्रति एकड़ फसल बीमा की राशि क्या है ? वर्षवार, विकासखण्डवार, जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के उक्त किसानों में से कितनें किसानों को फसल बीमा का लाभ दिया गया एवं कुल कितनी प्रीमियम राशि जमा कराई गई ? वर्षवार, विकासखण्डवार, जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) फसल बीमा योजनाओ में जानकारी का संधारण तहसीलवार किया जाता है और बीमित राशि प्रति हेक्टेयर जिलावार अधिसूचित की जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खुज्जी विधानसभा से संबधित तहसीलो में मौसम खरीफ वर्ष 2023 में 51134, रबी वर्ष 2023-24 में 6680, खरीफ वर्ष 2024 में 50134, मौसम रबी वर्ष 2024-25 में 4889 एवं खरीफ वर्ष 2025 में 50034, मौसम रबी वर्ष 2025-26 दिनांक 10 फरवरी 2026 तक 4643 कृषकों द्वारा फसल बीमा आवरण प्राप्त किया गया है। फसल बीमा आवरण प्राप्त करने वाले कृषको की संख्या और प्रति हेक्टेयर बीमित राशि की वर्षवार, मौसमवार, तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत मौसम खरीफ वर्ष 2023 में 294, रबी वर्ष 2023-24 में 772, खरीफ वर्ष 2024 में 356, मौसम रबी वर्ष 2024-25 में 366 एवं खरीफ वर्ष 2025 में 340, मौसम रबी वर्ष 2025-26 दिनांक 10 फरवरी 2026 तक 607 कृषकों द्वारा फसल बीमा आवरण प्राप्त किया गया है। फसल बीमा आवरण प्राप्त करने वाले कृषको की संख्या और प्रति हेक्टेयर बीमित राशि की वर्षवार, मौसमवार, तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।(ख)** प्रश्नांश "क" की अवधि में वर्ष 2023-24 से 10 फरवरी 2026 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा दावा भुगतान से लाभान्वित कृषक

संख्या एवं क्रियान्वयक बीमा कंपनी को भुगतान किये प्रीमियम की वर्षवार, मौसमवार, तहसीलवार **जानकारी क्रमशः संलग्न प्रपत्र-स एवं प्रपत्र-द अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

प्रदेश में ग्रामीण विस्तार अधिकारियों के स्वीकृत/रिक्त एवं कार्यरत् पद

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

12. (क्र. 2096) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्रदेश में ग्रामीण विस्तार अधिकारी के कितनें पद स्वीकृत है? स्वीकृत पद के विरूध्द कितनें पद भरे है एवं कितनें रिक्त हैं? और रिक्त पद की पूर्ति कब तक की जावेगी? जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** क्या ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को बीज निगम में बीज प्रबंधक पद एवं अन्य पदों पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किया गया है ? यदि हॉ तो किन-किन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को से किस-किस आधार पर प्रतिनियुक्ति प्रदान की गयी है और उन्हें कब तक मूल संस्था हेतु कार्यमुक्त किया जावेगा ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में ग्रामीण विस्तार अधिकारी के 4456 पद स्वीकृत है। स्वीकृत पद के विरूद्ध 3136 पद भरे है एवं 1320 रिक्त है। रिक्त पद की पूर्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है समयसीमा बताया जाना संभव नहीं है। जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अ अनुसार है। (ख)** जी हाँ। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीयों के मूल संस्था हेतु कार्यमुक्त किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, अतः समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

धमतरी जिले में पर्यटन स्थलों को विकसित करने की योजना

[पर्यटन]

13. (क्र. 2226) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिले में पर्यटन की दृष्टि से प्रमुख रूप से कौन-कौन से पर्यटन/स्थल/स्मारक स्थित है ? शासन ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देनें, सैलानियों को आकर्षित करने हेतु कौन-कौन से पर्यटन स्थलों को विकसित करने की क्या योजना बनाई है ? **(ख)** सिहावा श्रृंगी ऋषि /नरहरा जलप्रपात/निराई माता/माडमसिल्ली डैम को टूरिस्ट स्थल के रूप में विकसित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर इसे स्पॉट बनाने की क्या योजना है ? **(ग)** वर्तमान में सिहावा श्रृंगी ऋषि/नरहरा जलप्रपात/निराई माता माडमसिल्ली डैम में पर्यटन की दृष्टि से पर्यटकों के मनोरंजन, आवास, भ्रमण व प्रदर्शिनी आदि की क्या-क्या व्यवस्था, संसाधन व सुविधाएं है ? कौन-कौन से संसाधन व सुविधाएं बढ़ाने की आवश्यकता है ? इस संबंध में जिला प्रशासन व राज्य पर्यटन निगम के द्वारा क्या प्रयास किये गये है ? विकास की क्या योजना बनाई है ? कृपया अवगत करावें ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) धमतरी जिले में पर्यटन की दृष्टि से चिन्हांकित किए गए पर्यटन स्थलों की सूची **संलग्न प्रपत्र- अ** अनुसार है। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने, सैलानियों को आकर्षित करने हेतु विभाग द्वारा एवं जिला स्तर पर विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसका विवरण **संलग्न प्रपत्र- ब** अनुसार है।**(ख)** प्रस्तावित स्थल सिहावा श्रृंगी ऋषि एवं नरहरा जलप्रपात को टूरिस्ट स्थल के रुप में विकसित करने हेतु विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है जिसका विवरण **संलग्न प्रपत्र- ब** अनुसार है। वर्तमान में निराई माता के पर्यटन विकास हेतु कोई योजना प्रस्तावित नही है। **(ग)** जिला कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में सिहावा श्रृंगी ऋषि/नरहरा जलप्रताप/निराई माता/माडमसिल्ली डैम में पर्यटन की दृष्टि से पर्यटकों के मनोरंजन हेतु आकर्षक चित्रकारी, आवास हेतु होमस्टे को प्रोत्साहन, भ्रमण व प्रदर्शनी

हेतु स्थानीय रूप से गठित समिति के माध्यम से पर्यटकों को उस क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। भविष्य में प्रदेश में चिन्हांकित पर्यटन स्थल एवं नए स्थलों का सर्वे कराकर जिला स्तरीय पर्यटन समिति के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त होने पर निर्धारित मापदंडों के आधार पर मुल्यांकन कर नवीन पर्यटन स्थलों को चिन्हित किया जायेगा एवं बजट उपलब्धतानुसार आवश्यक संसाधन एवं पर्यटक सुविधाएं विकसित करने की कार्यवाही की जायेगी।

[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

भटचौरा स्थित 50 सीटर छात्रावास भवन में तीन प्री-मैट्रिक छात्रावासों का एक साथ संचालन

[आदिम जाति विकास]

14. (क्र. 2442) श्री दिलीप लहरिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या यह सत्य है कि भटचौरा स्थित 50 सीटर छात्रावास भवन में एक ही परिसर में तीन-तीन छात्रावास प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास मानिकचौरी, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास भटचौरा एवं प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास भटचौरा संचालित किए जा रहे हैं? **(ख)** यदि हॉ तो एक ही 50 सीटर भवन में तीन छात्रावास संचालित करने की प्रशासनिक स्वीकृति किस अधिकारी द्वारा, कब और किन शर्तों के आधार पर प्रदान की गई? क्या इसके लिए पृथक-पृथक अधीक्षक,भोजन व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था स्वीकृत हैं? **(ग)** वर्तमान में प्रत्येक छात्रावास में स्वीकृत क्षमता के विरुद्ध वास्तविक निवासरत छात्रों की संख्या कितनी है? क्या मूलभूत सुविधाएँ-शौचालय, स्नानघर,पेयजल, अध्ययन कक्ष एवं शयन व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) जी हाँ। प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास मानिकचौरी, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास भटचौरा एवं प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास भटचौरा का संचालन एक ही परिसर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास भटचौरा में संचालित किया जा रहा है। **(ख)** प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास भटचौरा का स्वयं का भवन न होने से प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास भटचौरा के भवन में संचालित किया जा रहा है। प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास मानिकचौरी किराए के भवन में संचालित था किन्तु किराये के भवन में मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण एवं मानिकचौरी में किराये का भवन एवं अन्य शासकीय भवन उपलब्ध न होने से तात्कालिक व्यवस्था अंतर्गत दिनांक 05.07.2024 से संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है। छात्रावास संचालन की दृष्टि से कार्यालय द्वारा मौखिक रूप से संचालन करने की अनुमति दी गई। वर्तमान में दो अधीक्षकों (1. अधीक्षक श्री तरूण केशरवानी, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास भटचौरा एवं 2. अधीक्षक श्री आलोक शर्मा, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास भटचौरा) की पदोन्नति हो गई है। चूंकि तीनों संस्था एक ही परिसर में होने के कारण एक ही अधीक्षक द्वारा तीनों छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। तीनों छात्रावासों के भोजन व्यवस्था एक ही परिसर में संचालित होने से संयुक्त मेस संचालन एवं सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। **(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** जी हाँ, छात्रावास में मूलभूत सुविधाएं-शौचालय, स्नानागार, पेयजल, विद्युत, अध्ययन कक्ष एवं शयन व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में हैं।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

आवासीय शैक्षणिक संस्थान, प्रशिक्षण संस्थानों का कार्यसंचालन

[आदिम जाति विकास]

15. (क्र. 2547) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला बस्तर में आदिवासी विकास विभाग के अधीन संचालित आवासीय शैक्षणिक संस्थान, प्रशिक्षण

संस्थान (खेल परिसर, प्रयास विद्यालय, आदर्श आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय) के लिए स्वीकृत, कार्यरत, रिक्त सहित इन संस्थानों में बच्चों/ प्रशिक्षणार्थियों की दर्ज संख्या अद्यतन स्थिति में बतावें? **(ख)** इन संस्थानों के लिए वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में प्राप्त बजट एवं व्यय की स्थिति मदवार बतावें? **(ग)** इन संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी दे ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''स''** अनुसार है।

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद

[पशुधन विकास]

16. (क्र. 2549) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022-23 की स्थिति में छ0ग0 राज्य के जिलों में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद की स्थिति सहित 2022-23 के बाद नवीन सृजित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद के विरूद्ध कार्यरत एवं रिक्तता की स्थिति बतावें ? **(ख)** छ0ग0 राज्य अंतर्गत ऐसे कौन-कौन से पशु औषधालय, कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र, पशु चिकित्सालय, शासकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र तथा कार्यालय उपसंचालक एवं सयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवा कार्यालय हैं जहां सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के स्वीकृत पद के विरूद्ध कार्यरत की स्थिति शून्य (निरंक) है ? **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' के परिपेक्ष्य में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की पदस्थापना की स्थिति निरंक होने पर विभागीय कार्यक्रमों, योजनाओं का क्रियान्वयन(टीकाकारण, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, पशु- पक्षी उपचार, हितग्राहियों को पशु-पक्षियों का वितरण कार्य) की कार्यवाही की स्थिति बतावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2022-23 की स्थिति में छ.ग. राज्य के जिलों में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के 2175 पद स्वीकृत, 1172 पद कार्यरत एवं 1003 पद रिक्त थे। वर्ष 2022-23 के बाद नवीन सृजित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद के विरूद्ध कार्यरत एवं रिक्तता की स्थिति निम्नानुसार है-

क्र.	संस्था का नाम	सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद की स्वीकृति		
		स्वीकृत पद	कार्यरत पद	रिक्त पद
1	25 नवीन पशु औषधालय की स्वीकृति अंतर्गत	25	4	21
2	17 पशु औषधालय से पशु चिकित्सालय में उन्नयन अंतर्गत	17	3	14
3	17 नवीन जिलों में जिला रोग अन्वेषण प्रयोगशाला की स्वीकृति अंतर्गत	15	0	15
योग		57	7	50

(ख) छ.ग राज्य अंतर्गत पशु औषधालय, कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र, पशु चिकित्सालय, शासकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र तथा कार्यालय उपसंचालक एवं संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवा कार्यालय, जहां सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के स्वीकृत पद के विरूद्ध कार्यरत की स्थिति निरंक है की **जानकारी पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र अनुसार है।(ग)** प्रश्नांक **(ख)** के परिपेक्ष्य में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की पदस्थापना की स्थिति निरंक होने पर विभागीय कार्यक्रमों, योजनाओं का क्रियान्वयन (टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, पशु-पक्षी उपचार, हितग्राहियों को पशु-पक्षियों का वितरण कार्य) की कार्यवाही की जानकारी निम्नानुसार हैं-

संस्था का नाम	कार्य का विवरण	रिमार्क
पशु चिकित्सालय एवं पशु औषधालय	टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, पशु-पक्षी उपचार, हितग्राहियों को पशु-पक्षियों का वितरण कार्य	निकटस्थ संस्था के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को अतिरिक्त कार्यभार दिया जाकर तथा संस्था में पदस्थ अन्य कर्मचारियों, प्रशिक्षित गौसेवको, प्राईवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं, मैत्री वर्कर, तथा पशु सखियों के सहयोग से विभागीय कार्यक्रमों, योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता हैं।
कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, कृत्रिम गर्भाधान उपकेन्द्र,एवं मुख्य ग्राम खण्ड इकाई	टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, पशु-पक्षी उपचार, हितग्राहियों को पशु-पक्षियों का वितरण कार्य	निकटस्थ संस्था के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को अतिरिक्त कार्यभार दिया जाकर तथा संस्था में पदस्थ अन्य कर्मचारियों, प्राईवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं तथा मैत्री वर्कर के सहयोग से विभागीय कार्यक्रमों, योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता हैं।
शासकीय प्रक्षेत्र (पशु/पक्षी)	प्रक्षेत्र प्रबंधक के निर्देशानुसार आवंटित कार्य का सम्पादन	प्रक्षेत्र में पदस्थ अन्य कर्मचारियों से कार्य लिया जाता है।
कार्यालय संयुक्त संचालक/उप संचालक,प.चि.से.एवं जिला रोग अन्वेषण प्रयोगशाला	कार्यालय प्रमुख के निर्देशानुसारआवंटित कार्य का सम्पादन	पदस्थ अन्य कर्मचारियों के सहयोग से कार्य का सम्पादन किया जाता है।

कृषि विभाग के अंतर्गत निदेशालय, कृषि यंत्री कार्यालय एवं सहायक कृषि यंत्री कार्यालय का गठन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

17. (क्र. 2590) श्री देवेन्द्र यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या बजट वर्ष 2024-25 के बजट भाषण दिनांक 09.02.2024 में छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि के आधुनिकीकरण, यंत्रीकरण एवं तकनीकी सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से कृषि अभियांत्रिकी हेतु एक पृथक निदेशालय, 02 कृषि यंत्री कार्यालय (दुर्ग एवं सरगुजा) तथा 07 सहायक कृषि यंत्री कार्यालय (बेमेतरा, कोरबा, बलरामपुर, कोरिया, जांजगीर-चांपा, राजनांदगांव एवं कोंडागांव) के गठन हेतु बजट प्रावधान किए जाने की घोषणा की गई थी? **(ख)** यदि हां, तो क्या उक्त कृषि अभियांत्रिकी निदेशालय तथा 02 कृषि यंत्री कार्यालय एवं 07 सहायक कृषि यंत्री कार्यालयों का विधिवत गठन कर लिया गया है? यदि हाँ, तो उनकी वर्तमान प्रशासनिक एवं क्रियात्मक स्थिति क्या है? **(ग)** यदि इन कार्यालयों का गठन अब तक नहीं किया गया है, तो इसके क्या कारण हैं तथा कौन-कौन सी प्रक्रियाएँ वर्तमान में लंबित हैं? **(घ)** उक्त निदेशालय एवं कार्यालयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील किए जाने की संभावित समय-सीमा क्या है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2024-25 के बजट भाषण दिनांक 09.02.2024 में छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि अभियांत्रिकी हेतु एक पृथक निदेशालय, 02 कृषि यंत्री कार्यालय (दुर्ग एवं सरगुजा) की स्थापना किये जाने सम्बन्धी उल्लेख था। **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार कार्यालयो के गठन संबंधी प्रस्ताव पर प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त है वर्तमान में वित्तीय स्वीकृति संबंधी कार्यवाहियां प्रक्रियाधीन है।

(ग) कंडिका 'ख' अनुसार वित्तीय स्वीकृति अपेक्षित है। **(घ)** कंडिका "ग" के परिपेक्ष्य में निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नही है।

कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में प्रवेश

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

18. (क्र. 2613) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कुल कितने शासकीय एवं निजी कृषि अभियांत्रिकीय महाविद्यालय कहां-कहां पर संचालित हैं? महाविद्यालयों में कुल स्वीकृत छात्र-छात्राओं की प्रवेश संख्या कितनी है तथा वर्तमान में कितने अध्ययनरत हैं? स्थानवार, जिलावार बतावें। **(ख)** कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, मुंगेली में विभिन्न संवर्गो के कुल कितने पद स्वीकृत हैं? कितने कार्यरत हैं, कितने रिक्त हैं, रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जावेगीं समयावधी बतावें। **(ग)** कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं विषयों की क्या आर्हताएं है? प्रदेश के कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालयों में भौतिक रसायन एवं गणित विषयों के अलावा अन्य राज्यों तथा आईसीएआर कोटा से प्रवेश हेतु भौतिक, रसायन एवं जीवविज्ञान विषय के विद्यार्थीयों को भी प्रवेश देने हेतु कोई योजना शासन स्तर पर विचाराधीन है? यदि हां, तो कब की जावेगी, यदि नहीं तो क्यों?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) प्रदेश में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधीन शासकीय एवं निजी कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय संचालित हैं जिनमें स्वीकृत प्रवेश संख्या एवं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, मुंगेली में विभिन्न संवर्गो के स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** रिक्त पदों की पूर्ति हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, जिसकी निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।**(ग)** कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता विज्ञान समूह- भौतिक, रसायन, गणित में 12वीं (10+2) उत्तीर्ण है। जी नहीं, भौतिक, रसायन एवं जीवविज्ञान विषय के विद्यार्थियों को प्रवेश देना विचाराधीन नहीं है, अतः शेष जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

केन्द्र तथा राज्य योजनाओं के अंतर्गत किसानों/हितग्राहियों को वितरित कृषि उपकरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

19. (क्र. 2614) श्री अनुज शर्मा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**जिला रायपुर में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 15/02/2026 तक केन्द्र तथा राज्य योजनाओं के अंतर्गत कितने-कितने किसानों/हितग्राहियों को कौन-कौन से कृषि उपकरण एवं कितनी-कितनी अनुदान राशि का वितरण किया गया?योजनावार ,वर्षवार एवं विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)**प्रश्नांक 'क' अवधि में कितने-कितने तथा कौन-कौन से कृषि उपकरणों की खरीदी किन माध्यमों से विभाग के द्वारा की गई?विवरण प्रदान करें? **(ग)**प्रश्नांक 'ख' अनुसार उपकरण/यंत्रों की खरीद में क्या निविदा प्रक्रिया अपनाई गई थी? यदि हां तो किन-किन निविदाकर्ताओं ने इस प्रक्रिया में भाग लिया? विवरण प्रदान करें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) संचालनालय कृषि अंतर्गत जिला रायपुर में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 15/02/2026 तक केन्द्र तथा राज्य योजनाओं के अंतर्गत कुल 1809 हितग्राहियों को लाभांवित कर राशि ₹905.02 लाख अनुदान प्रदाय किया गया है। अनुदान पर वितरित कृषि यंत्रों/उपकरणों व अनुदान राशि की वर्षवार, योजनावार एवं विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत जिला रायपुर में वर्ष 2024-25 में केन्द्र प्रवर्तित राष्ट्रीय बागवानी

मिशन अंतर्गत 89 कृषकों को उनके द्वारा क्रय किये गए पावर वीडर एवं पावर स्प्रेयर पर राशि ₹55.12 लाख का अनुदान उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया। वर्षवार, योजनावार एवं विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** वर्ष 2025-26 में में दिनांक 15/02/26 तक कृषकों को प्रदाय अनुदान की जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार संचालनालय कृषि अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 15.02.2026 तक राज्य पोषित योजना जैविक खेती मिशन अंतर्गत अंबिका पेडीवीडर एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तिलहन योजनांतर्गत नैपसेक स्प्रेयर जेम पोर्टल (सीमित निविदा पद्धति) के माध्यम से खरीदी की गई है। वितरित यंत्रों का योजनावार, यंत्रवार **विवरण संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।** संचालनालय उद्यानिकी द्वारा कोई भी कृषि उपकरण की खरीदी नहीं की गई है, अतः जानकारी निरंक है।**(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार संचालनालय कृषि अंतर्गत जेम पोर्टल में सीमित निविदा पद्धति से क्रय किया गया है। क्रय की प्रक्रिया में दरों के तुलनात्मक विवरण में संस्थाओं एवं प्रोपराईटर के नाम प्रदर्शित नहीं होते। न्यूनतम दर के चयन उपरांत इससे संबंधित आपूर्तिकर्ता संस्था/प्रोपराईटर का नाम प्रदर्शित होता है जिसकी **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

जलाशयों/जलक्षेत्रों को मछुआ समिति/ग्राम पंचायत या निकायों को आबंटित किये जाने की प्रक्रिया

[मछली पालन]

20. (क्र. 2623) श्री अनुज शर्मा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**रायपुर जिले अंतर्गत किन-किन जलाशयों/जलक्षेत्रों को किन-किन मछुआ समिति/ग्राम पंचायत या निकायों को कितने-कितने वर्ष की लीज अवधि/ठेेके पर आबंटित किया गया है? विकासखण्ड़ व ग्राम पंचायतवार विवरण प्रदान करें? **(ख)**प्रश्नांक 'क' अनुसार इन जलाशयों/जलक्षेत्रों को किन-किन नियमों तथा कितनी-कितनी राशि पर इन समितियों को प्रदाय किया गया? क्या निर्धारित नियमों के तहत इनका संचालन किया जा रहा है? **(ग)**प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या किसी जलाशय/जलक्षेत्र में समितियों अथवा ग्राम में विवाद की स्थिति निर्मित हुई है? यदि हां, तो क्या और विभाग द्वारा इस विवाद को सुलझाने हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है? **(घ)**पूर्व में आबंटित जलाशय की लीज/ठेके को बदल कर नयी समितियों को आबंटन किये जाने की क्या प्रक्रिया हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) रायपुर जिले अंतर्गत त्रि-स्तरीय पंचायतों व नगरीय निकायों के अधिनस्थ जलाशयों/तालाबों को 10 वर्षीय लीज़ पर मछुआ सहकारी समिति/समूह/व्यक्ति को आबंटित किया गया है, त्रि-स्तरीय पंचायतों की विकासखण्डवार/ग्राम पंचायतवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है**तथा नगरीय निकायों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है।(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार इन जलाशयों/तालाबों को नवीन मछलीपालन नीति-2022 में निहित निर्देश/प्रक्रिया के तहत् आबंटित किया गया है, पट्टाधारकों से प्राप्त प्रारंभिक पट्टा राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं ब अनुसार है।**जी हां, निर्धारित नियमों के तहत इनका संचालन किया जा रहा है। **(ग)** जी हां, प्रश्नांक 'क' अनुसार मानपुर जलाशय के पट्टा आबंटन में 03 मत्स्य सहकारी समितियों के मध्य में विवाद की स्थिति निर्मित हुई, विभाग द्वारा नवीन मछलीपालन नीति में निर्धारित नियमों के तहत् सबसे पुरानी क्रियाशील मत्स्य सहकारी समिति को पट्टा आबंटन हेतु अनुमति दिया गया है। **(घ)** यदि पूर्व में आबंटित पट्टाधारक द्वारा मछली पालन नीति अनुरूप निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है तो नियमानुसार आबंटन निरस्त कर नए सिरे से पट्टा आबंटन की कार्यवाही किए जाने की प्रावधान है।

खाद बीज एवं उर्वरक की आपूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

21. (क्र. 2647) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खरीफ वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 15/02/2026 तक कौन-कौन से एवं कितनी-कितनी मात्रा में रासायनिक खाद/उर्वरक एवं बीज की मांग थी ? मांग के विरूद्ध कितनी-कितनी मात्रा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा प्राप्त हुई ? उनमें से निजी संस्थाओं एव सरकारी संस्थाओं को किस अनुपात में देने का प्रावधान है और किस अनुपात में, कितनी-कितनी मात्रा में, किस दर पर निजी संस्थाओं को उपलब्ध कराया गया ? इन निजी संस्थाओं द्वारा किसानों को कितने मूल्यों पर विक्रय किया गया ? जानकारी अलग-अलग बतायें? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार किसानों की मांग के अनुरूप कितनी-कितनी मात्रा में रासायनिक खाद/उर्वरक व बीज की कमी आयी एवं सहकारी संस्था को वितरण की गयी? रासायनिक खाद / उर्वरक एवं बीज को किसानों को कितनी-कितनी दरों पर विक्रय किया गया ? क्या कालाबाज़ारी, जमाखोरी एवं अनियमित वितरण पर नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं **(ख) जानकारी संकलित की जा रही है।**

जिला धमतरी में मछली पालन योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों को लाभ वितरण

[मछली पालन]

22. (क्र. 2815) श्री ओंकार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022-23 से15-02-2026 तक जिला धमतरी व कांकेर में मछली पालन विभाग द्वारा किन-किन योजनाओं के अंतर्गत कितने हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है तथा इस पर कुल कितनी राशि व्यय की गई है? विकासखण्ड-वार विवरण दें? **(ख)** क्या धमतरी एवं कांकेर जिलों में तालाबों के जीर्णोद्धार, बीज मछली की उपलब्धता तथा आहार वितरण में अनियमितता संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो क्या जाँच की गई? दोषियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही का विवरण क्या है? **(ग)** मछुआ समुदाय की आय में वृद्धि एवं युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सरकार द्वारा क्या ठोस कार्ययोजना बनाई गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2022-23 से 15.02.2026 तक जिला धमतरी व कांकेर में मछली पालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 6257 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है तथा इस पर कुल राशि रू. 3179.65 लाख व्यय की गई है, विकासखण्डवार, योजनावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।(ख)** जी नहीं, धमतरी एवं कांकेर जिलों में तालाबों के जीर्णोद्धार, मछली बीज की उपलब्धता तथा आहार वितरण में अनियमितता संबंधी शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं। **(ग)** जी हां, मछुआ समुदाय की आय में वृद्धि एवं युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु विभागीय प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाकर एवं शासन की राज्य पोषित व केन्द्र पोषित योजनाओं से लाभान्वित करके आय में वृद्धि की जा रही है। उक्त हेतु शासन द्वारा नवीन मछलीपालन नीति-2022 जारी की गई है।

मछली पालन विभाग में तालाब पट्टा, अनुदान वितरण एवं निगरानी व्यवस्था

[मछली पालन]

23. (क्र. 2816) श्री ओंकार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022-23 से 15-02-2026 तक जिला धमतरी में कितने शासकीय/पंचायती तालाब मछली पालन हेतु पट्टे पर दिए गए हैं तथा उनसे शासन को कितनी राजस्व प्राप्ति हुई है? विकासखण्ड-वार विवरण दें? **(ख)** क्या

उक्त जिले में तालाब पट्टा वितरण एवं अनुदान स्वीकृति में अपात्र व्यक्तियों को लाभ दिए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो अब तक की गई जाँच एवं निरस्तीकरण की संख्या कितनी है? **(ग)** मछुआ सहकारी समितियों को सशक्त बनाने एवं विभागीय योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या निगरानी व्यवस्था लागू की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2022-23 से 15-02-2026 तक जिला धमतरी में 306 शासकीय/पंचायती तालाबों को मछली पालन हेतु पट्टे पर दिए गए हैं तथा उनसे शासन को राशि रू. 17.58 लाख राजस्व प्राप्ति हुई है। विकासखण्डवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।(ख)** जी हां, उक्त जिले में तालाब पट्टा वितरण एवं अनुदान स्वीकृति में अपात्र व्यक्तियों को लाभ दिए जाने की 01 शिकायत प्राप्त हुई है। जाँच प्रक्रियाधीन है एवं निरस्तीकरण की संख्या निरंक है। **(ग)** मछुआ सहकारी समितियों को सशक्त बनाने हेतु नवीन मछलीपालन नीति-2022 अंतर्गत पट्टा आबंटन में प्रथम प्राथमिकता क्रम, विभागीय योजनाओं में प्राथमिकता, नवीन गठित मछुआ सहकारी समितियों को प्रधानमंत्री कृषक सह समृद्धि योजनांतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। विभागीय योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु योजनांतर्गत किए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन के पश्चात् अनुदान राशि का डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान किए जाने की व्यवस्था लागू है।

दंतेवाड़ा के किरंदुल में खनिज अवशेष को नदी किनारे डंप किया जाना

[आवास एवं पर्यावरण]

24. (क्र. 2818) श्री विक्रम मंडावी : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** किरंदुल स्थित आर्सेलर मित्तल कम्पनी से प्रतिदिन कितना खनिज अवशेष (लाल मिट्टी) का उत्सर्जन होता है? लाल मिट्टी के सुव्यवस्थित निस्तारण हेतु पर्यावरण संरक्षण विभाग एवं राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण की गाईड लाईन क्या है? क्या नियम का पालन आर्सेलर मित्तल कंपनी द्वारा किया जा रहा है? **(ख)** ग्राम पूरन तराई में डंकिनी शंखिनी संगम के पास कम्पनी से निकलने वाले खनिज अवशेष (टेलिंग्स) को नदी तट से कितनी दूर पर डम्प किया जा रहा है? क्या इस हेतु विधिवत अनुमति ली गई है? यदि हां तो अनुमति का विवरण देवें? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार निकलने वाले खनिज अवशेष के प्रभाव से कितने क्षेत्रफल की खेती प्रभावित हो रही है? कितने ग्रामों में भूजल से लाल पानी (आर्सेनिक युक्त) आ रहा है? विवरण देवें? **(घ)** एन.जी.टी. के निर्देशों एवं गाईड लाइन का उल्लंघन करने पर कम्पनी के विरूद्ध पिछले दो वर्षो में प्राप्त शिकायतें एवं की गई कार्यवाही का ब्यौरा देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) मेसर्स आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड, आयरन ओर बेनीफिकेशन प्लांट, किरंदुल, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा से प्रतिदिन लगभग 1300 टन आयरन ओर टेलिंग्स जनित होता है। जनित आयरन ओर टेलिंग्स के निस्तारण के संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा खदान को जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981के अंतर्गत जारी की जाने वाली संचालन सम्मति में आयरन ओर टेलिंग्स के डंपिंग हेतु उपयुक्त स्थल का चयन, गारलैंड ड्रेन एवं चेक डैम का निर्माण, ओवरबर्डन का भराव सामग्री के रूप में पुनः उपयोग, भंडारण स्थल पर लीचेट उत्पन्न होने से रोकने हेतु आवश्यक उपाय आदि शर्तें निहित की जाती है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण द्वारा कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। उद्योग मेसर्स आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड द्वारा उक्त नियमों का पालन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत टेलिंग्स के सुरक्षित भंडारण हेतु मिनी टेलिंग पॉण्ड, मेन टेलिंग्स स्टोरेज फेसिलिटी की व्यवस्था की गई है। भंडारण स्थल पर लीचेट उत्पन्न होने से रोकने हेतु आवश्यक उपाय यथा सैन्ड बैग, टो-वाल, गारलैण्ड ड्रैन, सेटलिंग पॉण्ड आदि की व्यवस्था की गई

है।**(ख)** मेसर्स आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड द्वारा ग्राम पूरनतराई मे आयरन ओर टेलिंग्स को डंकनी नदी तट से लगभग 114 मीटर की दूरी पर डम्प किया जा रहा है। डम्पिंग स्थल डंकनी-शंखिनी नदी संगम स्थल से लगभग 1.40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। उक्त स्थल पर आयरन ओर टेलिंग्स की डम्पिंग हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा दिनांक 05/01/2026 तथा कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा द्वारा दिनांक 16/01/2026 को सशर्त अनुमति जारी की गई है।**(ग)** कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला दंतेवाड़ा के अंतर्गत किरंदुल क्षेत्र एवं आसपास के प्रभावित माने जाने वाले ग्रामों में कृषि विभाग को किसी भी किसान द्वारा खनिज अवशेष (लाल मिट्टी) के कारण खेती प्रभावित होने के संबंध मे कोई भी लिखित या मौखिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार खनिज अवशेष (लाल मिट्टी) के प्रभाव से कोई भी ग्राम में भूजल से लाल पानी (आर्सेनिक युक्त) नहीं आ रहा है।**(घ)**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को उद्योग के विरूद्ध पिछले दो वर्षों में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

सरगुजा जिले के हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा कोल ब्लाक की वन स्वीकृति

[आदिम जाति विकास]

25. (क्र. 2819) श्री विक्रम मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा जिला पंचायत सभागार अंबिकापुर में सुनवाई आयोजित कर दिनांक 04.11.2024 को प्रेषित प्रतिवेदन में हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा कोल ब्लाक के प्रभावित ग्राम साल्ही, हरिहरपुर, फतेहपुर में फर्जी ग्राम सभाओं के आयोजन की शिकायत की गई है? **(ख)** क्या आयोग की जांच में फर्जी एवं कूटरचित ग्राम सभा प्रस्ताव का विधि विरूद्ध जनसुनवाई किये जाने का तथ्य पाया गया अथवा नहीं? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार आयोग द्वारा शासन और संबंधित विभाग को प्रेषित जांच प्रतिवेदन पर क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी देवे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां। **(ख)** उक्त शिकायत के संबंध में आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा दिनांक 10.09.2024 को जिला पंचायत सभागार अंबिकापुर में सुनवाई की गई थी। शिकायत सही पाये जाने पर आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा पत्र क्रमांक 4307 दिनांक 04.11.2024 द्वारा कलेक्टर, जिला- सरगुजा को जांच प्रतिवेदन कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया था। **(ग)** इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उदयपुर, जिला सरगुजा ने अपने पत्र क्रमांक-155 दिनांक 26.02.2026 जो सचिव, छ.ग. राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग को संबोधित है के साथ पत्र क्रमांक 1378 दिनांक 31.12.2018 संलग्न किया गया है, जिसमें दिनांक 24.01.2018 को हरिहरपुर, दिनांक 27.01.2018 को ग्राम साल्ही, दिनांक 26.08.2017 को ग्राम फत्तेपुर एवं दिनांक 22.04.2018 को ग्राम घाटबर्रा में ग्राम सभा का आयोजन राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के कोयला खदान के लिये वन/राजस्व भूमि के व्यपवर्तन हेतु सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

खूटाघाट बांध में स्वीकृत ग्लास हाउस रेस्टोरेंट का निर्माण कार्य

[पर्यटन]

26. (क्र. 2825) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर जिले में पर्यटन विभाग द्वारा कौन-कौन से कार्य योजना हॉटल मोटल एवं कॉटेज का संचालन किया जा रहा है? **(ख)** क्या बिलासपुर जिले के खूटाघाट बांध में ग्लास हाउस रेस्टोरेंट और कॉटेज निर्माण की

कोई योजना प्रस्तावित अथवा स्वीकृत है? अगर हॉ तो योजना अथवा कार्य का नाम वर्ष एवं राशि का विवरण क्या है? **(ग)** प्रश्न के कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है? अगर हॉ तो कब जारी की गई है और कितनी राशि जारी की गई है? **(घ)** क्या ग्लास हाउस रेस्टोरेंट और कॉटेज निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है? अगर हॉ तो कब प्रारंभ किया गया है? निर्माण एंजेसी कौन है? अगर नहीं तो किन कारणों से लंबित है और कब से निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा? 15/02/2026 तक निर्माण कार्य की भौतिक स्थिति क्या है?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) बिलासपुर जिले में ग्राम विजयपुर में विजयपुर मंदिर किला में राशि रुपए 20.00 लाख से शेड निर्माण का कार्य जिला कलेक्टर के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बिलासपुर जिले में पर्यटन विभाग द्वारा कुरदर हिल ईको रिसॉर्ट, कुरदर (वुडन कॉटेज) का संचालन माह अगस्त 2019 से किया जा रहा है।**(ख)** जी हॉ। वर्ष 2022-23 में बिलासपुर जिले के खूंटाघाट बांध में राशि रू. 295.45 लाख के ''खारंग जलाशय के बांयी तट स्लूस गेट के समीप टापू में ग्लास हाउस (रेस्टोरेंट) का निर्माण कार्य'' प्रस्तावित है। **(ग)** जी हॉ। खूंटाघाट बांध में ग्लास हाउस रेस्टोरेंट निर्माण कार्य हेतु कार्यालयीन पत्र क्र. 3128 दिनांक 14.11.2022 के द्वारा कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर को प्राक्कलित लागत राशि रू. 295.45 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दिनांक 18.11.2022 को राशि रू. 10.00 लाख जारी किया गया था। **(घ)** ग्लास हाउस रेस्टोरेंट और कॉटेज निर्माण का कार्य प्रारम्भ नही किया गया है। कार्यालयीन पत्र दिनांक 14.11.2022 के द्वारा कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर को कार्यादेश प्रदाय कर निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण, नवा रायपुर के पत्र में दिए गए निर्देशानुसार प्रस्तावित स्थल पर कार्य नही कराया जा सकता। तत्संबंध में निर्माण स्थल में परिवर्तन होने से पुनः प्रशासकीय स्वीकृति हेतु कलेक्टर जिला बिलासपुर को पुनः खूंटाघाट जलाशय के पूर्व प्रस्तावित आईलैण्ड की भूमि में ग्लास हाउस व कॉटेज आदि का निर्माण नही कराने तथा जल संसाधन विभाग द्वारा नवीन प्रस्तावित ''ब'' बांध के समीप 1 हेक्टेयर भूमि में कार्य कराये जाने के संबंध में नवीन प्रस्तावित स्थल का परीक्षण कराकर उपर्युक्त प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु लेख किया गया, तत्संबंध में कलेक्टर, जिला बिलासपुर से प्रस्ताव अप्राप्त है ।

<u>जिला रायगढ़ में जैविक कृषि को बढ़ावा देने हेतु जा रहे प्रयास</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

27. (क्र. 2826) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायगढ़ में जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए पिछले 03 वर्षों में कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं व कृषि विभाग के द्वारा इस दिशा में क्या क्या प्रयास किए गए हैं? क्या विभाग के प्रयासों से जैविक खेती करने वाले किसानों की आय में वृद्धि हुई है? विकासखंडवॉर जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक **(क)** अवधि से 15/02/2026 जनवरी, तक कितने किसान लाभान्वित हुए हैं, विकासखंडवॉर जानकारी देंगे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला रायगढ़ में जैविक कृषि को बढ़ावा देने लैलूंगा विकासखण्ड को चिन्हांकित किया गया है। पिछले तीन वर्षों में राज्य पोषित जैविक खेती मिशन तथा केन्द्र प्रवर्तित परम्परागत कृषि विकास योजना संचालित है। विभाग द्वारा योजना के प्रावधान अनुसार प्रशिक्षण, शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम, जैविक कम्पोस्ट उत्पादन, जैविक फसल प्रदर्शन, पी.जी. एस. प्रमाणीकरण, कीटनाशी अवशेष परीक्षण, जैविक उत्पादों के विपणन व प्रचार-प्रसार हेतु जैविक किसान मेला का आयोजन आदि के माध्यम से जैविक खेती के अंगीकरण हेतु कृषकों को प्रोत्साहित करने के प्रयास किये जा रहे है। लैलूंगा विकासखण्ड के कृषकों द्वारा मुख्य रूप से धान एवं उड़द फसलों की जैविक खेती की जाती है। जैविक उत्पादों का विक्रय मूल्य सामान्य उत्पादों से अधिक प्राप्त होता है। सामान्य रूप से उत्पादित धान की अपेक्षा जैविक

धान का विक्रय मूल्य लगभग 45 से 48 प्रतिशत अधिक तथा जैविक उड़द का विक्रय मूल्य लगभग 85 से 87 प्रतिशत अधिक प्राप्त होता है। किसानों की आय में वृद्धि का पृथक से आंकलन विभाग द्वारा नहीं किया जाता, अतः जानकारी दिया जाना संभव नहीं है। **(ख)** प्रश्नांक (क) अवधि से 15/02/2026 तक जिला-रायगढ़ के लैलूंगा विकासखंड के कुल 1762 किसान लाभान्वित हुए हैं।

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत स्वीकृति ग्राम

[आदिम जाति विकास]

28. (क्र. 2834) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत वर्ष 2023-24 से 31 जनवरी, 2026 तक प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पी.एम.ए.ए.जी.वाय) के तहत कितने ग्रामो का चयन किया गया है? जिले में चिन्हित ग्रामों की जानकारी विकासखंडवार देवें। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार चिन्हित ग्रामों में क्या-क्या कार्य कितनी-कितनी राशि के कब-कब किये गये है? कार्यवार, जानकारी देवें। **(ग)** उक्त योजना के माध्यम से जनजातीय समुदाय के लिए किस-किस प्रकार की सामाजिक और वित्तीय सुधार के कार्य किये जाने की योजना बनाई गई है? जानकारी देवें। **(घ)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी राशि के किये गए है? विकासखंडवार, ग्रामवार व्यय राशि की जानकारी देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पी.एम.ए.ए.जी.वाय) के तहत जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अंतर्गत 89 ग्रामों का पूर्व में चयन किया गया है। वर्ष 2023-24 से 31 जनवरी 2026 की अवधि में चयन नहीं किया गया है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-''अ'' अनुसार है। (ख)** प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना हेतु दी गई वित्तीय स्वीकृति में जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी शामिल नहीं है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ग)** जनजातीय समुदाय के सामाजिक और वित्तीय सुधार के लिए योजना के दिशा-निर्देशानुसार जनजातीय क्षेत्रों के विकास/सुधार हेतु ग्राम विकास योजना तैयार की जाती है जिसमें निम्नांकित क्षेत्रों जैसे- स्वास्थ्य और पोषण, पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, मकान, कौशल प्रशिक्षण, विद्युत वितरण, संपर्क सड़क, मोबाईल और इंटरनेट कनेक्टिविटी, कृषि और गैर-कृषि गतिविधियां, कौशल और उद्यमिता विकास, बाज़ार हस्तक्षेप, वित्तीय समावेश, सामाजिक सुरक्षा एवं डिजिटाइजेशन इत्यादि क्षेत्रों के अंतर्गत कार्य लिये जाने का प्रावधान है। **(घ) जानकारी संलग्न प्रपत्र-''ब'' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

आदिम जाति विकास विभाग में सामग्री क्रय की जांच

[आदिम जाति विकास]

29. (क्र. 2836) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या कोरबा, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, कोरिया व गरियाबंद जिला में वर्ष 2023-2024 एवं 2024-2025 में छात्रावास/आश्रम हेतु फर्नीचर, बर्तन अन्य सामग्रियों का क्रय किया गया है ? यदि हां, तो कितनी मात्रा में, किस दर पर व क्या-क्या, एवं किन संस्थानों द्वारा ? **(ख)** क्या विभाग द्वारा सामग्री क्रय करने हेतु नियम बनाया गया है एवं क्रय करते समय इन नियमों का पालन किया जा रहा है ? **(ग)** क्या प्रश्नांक 'क' में उल्लेखित अवधि में सामग्रियों के क्रय बाजार भाव से ज्यादा था ? यदि हां, तो कितना ज्यादा ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां, जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम 2002 यथा संशोधित प्रावधान अनुसार सी.एस.आई.डी.सी. ई-मानक तथा Gem Portel के माध्यम से क्रय की कार्यवाही की गई है। **(ग)** प्रश्नांक ''क'' के संबंध में नियमानुसार

क्रय की कार्यवाही की गई है। तत्समय सी.एस. आई.डी.सी. ई-मानक तथा Gem Portelमें प्रचलित दर से किया गया है।

राज्य के मोवार/मौवार जाति को अ.ज.जा. में शामिल किया जाना

[आदिम जाति विकास]

30. (क्र. 2837) श्री फूलसिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह सत्य है कि लेकिन मात्र राज्य के कई जिलों में निवासरत मोवार/मौवार जाति को अ.ज.जा. का दर्जा प्राप्त है कोरबा, जांजगीर-चांपा व सक्ती जिले के मोवार/मौवार जाति को अ.ज.जा. का दर्जा प्राप्त नहीं है यदि हॉ तो अ.ज.जा. का दर्जा देने हेतु क्या कार्चवाही की जा रही है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जी नहीं। राज्य के किसी भी जिले में मोवार/मौवार जाति को अ.ज.जा. का दर्जा प्राप्त नहीं है। मोवार/मौवार जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के संबंध में प्राप्त आवेदन के तारतम्य में कार्यालयीन पत्र कं/जा.प./मोवार (मन्नेवार)/08/4451 दिनांक 23.08.08 के माध्यम से उक्त जाति के नृजातीय अध्ययन हेतु समाज प्रमुखों से प्रारंभिक जानकारी यथा शैक्षणिक स्थिति, सामाजिक स्थिति एवं जनसांख्यिकी संबंधी अभिलेख उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था, परंतु वांछित जानकारी आज दिनांक तक अप्राप्त रही है। समाज द्वारा उक्त जानकारी प्रदाय किये जाने पर आगामी कार्यवाही की जायेगी।

मेसर्स नुवोको विस्टास कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों का उल्लंघन

[आवास एवं पर्यावरण]

31. (क्र. 2838) श्री दिलीप लहरिया : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हाटी में मेसर्स नुवोको विस्टास कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित ओपन कास्ट पद्धति से केप्टिव चूना पत्थर खदान को पर्यावरणीय स्वीकृति किन शर्तों के साथ प्रदान की गई थी? विवरण देवें? **(ख)** क्या खदान संचालन के दौरान पर्यावरणीय स्वीकृति में निर्धारित डस्ट सप्रेशन सिस्टम, नियमित जल छिड़काव, हरित पट्टी विकास, ओवरबर्डन डंपिंग का वैज्ञानिक प्रबंधन, वर्षा जल संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधी, अनिवार्य प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिल्हाटी में संचालित मेसर्स नुवोको विस्टास कारपोरेशन लिमिटेड को भारत सरकार, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पर्यावरण प्रभाव आंकलन (ई.आई.ए.) अधिसूचना 2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार जारी पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र में ओपन कास्ट मेकेनाईज़्ड पद्धति से खनन करने, माइनिंग लीज क्षेत्र के बाउन्ड्री पर सघन वृक्षारोपण करने, ठोस अपशिष्ट यथा टॉप सॉइल एवं ओवरबर्डन डम्प को निर्धारित स्थान पर डम्प करने, फ्यूजिटीव डस्ट के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था तथा मिनरल्स का ढककर परिवहन करने, जल स्त्रोतों की नियमित मॉनिटरिंग करने, कंट्रोल्ड ब्लास्टिंग करने, कॉलोनी हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था करने, परिवेशीय वायु गुणवत्ता का नियमित मापन करने, ध्वनि स्तर को निर्धारित मानक के भीतर रखने, शिवनाथ नदी, जल स्त्रोतों तथा निकटतम ग्रामों पर विपरीत प्रभाव न पड़े इस हेतु सुरक्षात्मक उपाय करने, रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था करने की प्रमुख शर्तें निहित हैं। **(ख)** जी नहीं। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

नवीन मछली पालन नीति की अवहेलना कर तालाब एवं जलाशय का आबंटन

[मछली पालन]

32. (क्र. 2841) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले में कितने मछुवारा समिति एवं मछुआ समूह पंजीकृत हैं? क्या नवीन मछली पालन नीति में (सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा एवं मल्लाह के) पंजीकृत समूहों को प्राथमिकता देने का प्रावधान है? यदि हां तो वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कितने तालाबों एवं जलाशयों के आबंटन हेतु उक्त मछुवारा समाज के पंजीकृत समितियों ने आवेदन किया? उसमें से कितने समूहों को आबंटित किया गया एवं कितने को नहीं व क्यों? विकासखण्डवार, वर्षवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** उक्त अवधि में गैर मछुवारा समाज के मछुवा समिति को आबंटित तालाबों की सूची पृथक से उपलब्ध करावें? **(ग)** विगत दो वर्षों में जांजगीर-चाम्पा जिले में मछली पालन नीति का उल्लंघन कर तालाबों/जलाशयों का आबंटन करने संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार, शिकायतवार जानकारी प्रदान करें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जांजगीर-चाम्पा जिले में 103 मछुवारा समिति पंजीकृत है, पंजीकृत मछुआ समूह की जानकारी निरंक है। जी हां, नवीन मछली पालन नीति में सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा एवं मल्लाह के पंजीकृत मछुआरा सहकारी समिति एवं मछुआ समूह को प्राथमिकता देने का प्रावधान है। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कुल 133 तालाबों एवं जलाशयों के आबंटन हेतु उक्त मछुवारा समाज के पंजीकृत समितियों ने आवेदन किया, जिसमें से 74 समितियों को तालाब/जलाशय आबंटित किया गया एवं 51 समितियों को आबंटित नहीं किया गया है, विकासखण्डवार, वर्षवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** उक्त अवधि में गैर मछुवारा समाज के मछुवा समिति को आबंटित तालाबों की सूची **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है।(ग)** विगत दो वर्षों में जांजगीर-चाम्पा जिले में मछली पालन नीति का उल्लंघन कर तालाबों/जलाशयों का आबंटन करने संबंधित 03 शिकायतें प्राप्त हुई, प्राप्त शिकायतों पर जांच प्रक्रियाधीन है। वर्षवार, शिकायतवारजानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र-स अनुसार है।

बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा में हार्टिकल्चर कॉलेज का निर्माण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

33. (क्र. 2844) श्री ईश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विकासखण्ड- साजा में निर्माणाधीन हार्टिकल्चर कॉलेज वर्तमान में पूर्ण हो चुका है? **(ख)** यदि हाँ तो उसका 15.02.2026 लोकार्पण क्यों नहीं हुआ है तथा कब तक होगा? **(ग)** यदि नहीं, तो इस हेतु दोषी अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विकासखण्ड-साजा में अधीक्षक भौतिक संयंत्र, इंदिरा गाधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा हार्टिकल्चर कॉलेज भवन एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। बालक छात्रावास भवन का निर्माणाधीन कार्य दि. 31.03.2026 तक पूर्ण होना संभावित है। **(ख)** शेष निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् निर्मित भवन महात्मा गाधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सांकरा, दुर्ग को हस्तांतरण पश्चात् लोकार्पण किया जायेगा, निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** "ख" के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है।

बीज विकास निगम में बीज प्रदाय करने वाले किसानों को मंडी निधि की राशि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

34. (क्र. 2853) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** निगम द्वारा किसानों से क्रय की जाने वाली बीज (धान) का निर्धारित दर क्या है? जांजगीर-चाम्पा जिले में कितने किसान बीज विकास निगम में बीज प्रदाय करने हेतु पंजीकृत हैं? खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में उनके द्वारा कितनी-कितनी मात्रा में बीज (धान) प्रदाय किया गया? प्रदाय किए गए बीज में से कितने किसानों के बीज मानक एवं कितने किसानों के बीज अमानक पाए गए? किसानों को कितना भुगतान किया गया? कितना शेष है? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** क्या वर्ष 2024-25 के आपूर्तिकर्ता किसानों का मंडी निधि की राशि का भुगतान लंबित है? यदि हां तो इसके क्या कारण हैं एवं कब तब भुगतान कर दिया जावेगा? **(ग)** क्या विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष पंजीयन करने वाले किसानों में कमी आई है? प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने वाले बीज की दर में बढ़ोतरी की क्या कार्य योजना है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बीज निगम द्वारा वर्ष 2025-26 में उत्पादित धान बीज का किसानों से क्रय किये जाने हेतु निर्धारित उपार्जन दर निम्नानसार हैः-

(रु. प्रति क्वि.)

क्र.	फसल	विपणन वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित धान बीज उपार्जन दर	कृषक उन्नति योजनान्तर्गत देय राशि	कुल देय राशि
1	धान (मोटा)	3050/-	731	3781
2	धान (पतला)	3211/-	711	3922
3	धान (सुगंधित)	4221/-	711	4932

जिला जांजगीर चांपा में धान बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु वर्ष 2023-24 में 308 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया था। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 250 किसानों द्वारा 31880.00 क्विं. उत्पादित धान बीज (कच्चा बीज) बीज निगम को प्रदाय किया गया। जिसमें से 238 किसानों से प्राप्त 26109.80 क्विं. बीज मानक तथा 12 किसानों से प्राप्त 1044.15 क्विं. बीज अमानक प्राप्त हुआ। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में धान बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु 329 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया था। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 271 किसानों द्वारा 42860.00 क्विं धान बीज (कच्चा बीज) बीज निगम को प्रदाय किया गया, जिसमें से 261 किसानों से प्राप्त 34695.45 क्विं. बीज मानक तथा 10 किसानों से प्राप्त 1611 क्विं. बीज अमानक पाया गया। विस्तृत **विवरण संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** जी हां। छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम से मंडी निधि से राशि का मांग प्रस्ताव प्राप्त नहीं होने के कारण राशि का भुगतान लंबित है। छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम से नियमानुसार प्रस्ताव प्राप्त होने पर विधिवत भुगतान की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अधीन कार्यरत बीज प्रक्रिया केन्द्र खोखसा जिला जांजगीर चांपा में जिला जांजगीर चाम्पा एवं जिला सक्ती के किसानों द्वारा वर्ष 2023-24 में 1263.70 हे. हेतु 538 किसान एवं वर्ष 2024-25 में 1572.54 हे. हेतु 721 किसानों द्वारा धान बीज उत्पादन हेतु पंजीयन कराया गया है। वर्तमान वर्ष 2025-26 में 1957.98 हे. हेतु 855 किसानों का धान बीज उत्पादन हेतु पंजीयन किया गया है। इस प्रकार विगत 02 वर्षों की तुलना में वर्ष 2025-26 में धान बीज उत्पादन हेतु पंजीकृत किसानों की संख्या में कमी परिलक्षित नहीं हुई है। धान बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु पंजीयन की तुलनात्मक **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने वाले बीज की दर में बढोतरी संबंधी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

जांजगीर-चांपा जिले के पर्यटन स्थलों की पहचान एवं विकास

[पर्यटन]

35. (क्र. 2859) श्री ब्यास कश्यप : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चांपा जिले में कितने स्थल पर्यटन विभाग द्वारा अधिसूचित हैं? **(ख)** जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल जैसे विष्णु मंदिर जांजगीर, भीमा तालाब, हसदेव तट, कलेश्वरनाथ मंदिर पीथमपुर सहित स्थानीय प्राचीन मंदिर एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं विकास हेतु विभाग द्वारा विगत तीन वर्षों में क्या कार्य किए गए हैं? **(ग)** क्या जिले के कई पर्यटन स्थल मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उपेक्षित हैं? यदि हां, तो इनके विकास हेतु क्या कार्य योजना बनाई गई है?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) जांजगीर-चांपा जिले में सात पर्यटन स्थल चिन्हांकित किए गए हैं। जिसका विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** विगत तीन वर्षों में कराए गए कार्यों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ब** अनुसार है।**(ग)** जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के पर्यटन स्थल उपेक्षित नही है। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मूलभूत सुविधायें उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के द्वारा जिले के अंतर्गत चिन्हांकित पर्यटन स्थलों एवं अन्य पर्यटन महत्व के स्थलों के विकास हेतु भविष्य में प्रदेश में नए स्थलों का सर्वे कराकर जिला स्तरीय पर्यटन समिति के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त होने पर निर्धारित मापदंडों के आधार पर मुल्यांकन कर नवीन पर्यटन स्थलों को चिन्हित किया जायेगा एवं बजट उपलब्धतानुसार उन्हें विकसित करने की कार्यवाही की जायेगी। चिन्हांकित पर्यटन स्थल एवं उसके आस-पास पर्यटन विकास, अधोसंरचना एवं अन्य पर्यटन गतिविधियों के विकास हेतु भूमि बैंक की स्थापना हेतु जिला प्रशासन से भूमि चिन्हांकित कर प्रस्ताव मांगे गये है। जिला प्रशासन से प्रस्ताव प्राप्त होने उपरान्त बजट उपलब्धतानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना

[मछली पालन]

36. (क्र. 2864) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-2025 और 2025-26 में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए मत्स्य पालन विभाग की किन-किन योजनाओं के अंतर्गत क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए थे? योजनावार लक्ष्य एवं वर्तमान भौतिक प्रगति का विवरण देवें?**(ख)** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत बिलाईगढ़ क्षेत्र में अब तक कितने आवेदन प्राप्त हुए और कितने स्वीकृत किए गए? ग्राम और विकासखंड सहित उपलब्ध कराएं? **(ग)** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत हितग्राहियों को प्रदान की जाने वाली आवश्यक सामग्रियों (जैसे जाल, मोटर, फीड, बायोफ्लॉक यूनिट आदि) का विवरण दें? क्या इन सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच हेतु कोई मापदण्ड निर्धारित है?**(घ)** विगत दो वर्षों में बिलाईगढ़ क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन, सामग्री वितरण या चयन प्रक्रिया में अनियमितता को लेकर विभाग को कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं? उन पर अब तक क्या कार्रवाई की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-2025 और 2025-26 में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए मत्स्य पालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित भौतिक लक्ष्य एवं उपलब्धि की योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत बिलाईगढ़ क्षेत्र में अब तक 110 आवेदन प्राप्त हुए और 84 स्वीकृत किए गए हैं, ग्राम और विकासखंड सहित **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।(ग)** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत हितग्राहियों को

प्रदान की जाने वाली आवश्यक सामग्रियों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है**। जी हां, इन सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच हेतु मापदण्ड निर्धारित है। **(घ)** जी नहीं, विगत दो वर्षों में बिलाईगढ़ क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन, सामग्री वितरण या चयन प्रक्रिया में अनियमितता को लेकर विभाग को कोई शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

किसानों को शासकीय अनुदान पर कृषि यंत्र वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

37. (क्र. 2868) श्री धर्मजीत सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या राज्य के किसानों को कृषि यंत्र शासकीय अनुदान पर वितरण CHAMPS के माध्यम से किया जा रहा है? **(ख)** क्या कंडिका "क" की योजनांतर्गत वितरित कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन वर्तमान में निजी संस्थाओं के द्वारा किया जा रहा है? **(ग)** कंडिका "क" के अंतर्गत CHAMPS योजना के माध्यम से कृषि यंत्रों के वितरण में विलंब, आवेदक कृषकों से अधिक पैसों की मांग एवं अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो विगत 03 वर्षों में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है और दोषियों के ऊपर क्या कार्यवाही हुई है? **(घ)** कंडिका "क" योजनांतर्गत तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 03 वर्षों में कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कितने आवेदकों को कृषि यंत्र वितरण किया गया है एवं कितने लंबित हैं? लंबितों का निराकरण कब तक कर लिया जाएगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड अंतर्गत कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना कंपोनेंट क्रमांक-1 कृषि यंत्रों पर अनुदान के तहत चैम्प्स प्रणाली के माध्यम से वर्तमान में कृषकों को अनुदान पर शक्ति चलित कृषि यंत्रों का वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना कंपोनेंट क्रमांक-2 एवं 3 फार्म मशीनरी बैंकों की स्थापना के तहत कृषकों द्वारा ट्रेक्टर, कम्बाईन हार्वेस्टर एवं शक्ति चलित यंत्रों के क्रय पर अनुदान दिया जा रहा है। **(ख)** जी हां, कंडिका 'क' में उल्लेखित कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना कंपोनेंट क्रमांक-1 के तहत वितरित कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार तृतीय पक्ष भौतिक सत्यापन एजेंसी के माध्यम से जीपीएस बेस मोबाईल एप के द्वारा हितग्राही, स्थल एवं साम्रगी का जियो टैग बेस के आधार पर भौतिक सत्यापन किया जाता है। कंपोनेंट क्रमांक-2 एवं 3 फार्म मशीनरी बैंकों की स्थापना अंतर्गत संभागीय कृषि यंत्री एवं संबंधित बैंकों के अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से भौतिक सत्यापन किया जाता है। **(ग)** जी हां, कंडिका 'क' के अंतर्गत चैम्प्स प्रणाली के माध्यम से कृषि यंत्रों के वितरण में विलंब, आवेदक कृषकों से अधिक पैसों की मांग एवं अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। विगत 03 वर्षों में प्राप्त शिकायतों एवं उन पर की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** **(घ)** योजना के अंतर्गत अनुदान पर वितरित यंत्रों की जानकारी विधानसभा क्षेत्रवार संधारित नहीं की जाती है, अपितु विकासखण्डवार की जाती है। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखण्ड में कंपोनेंट क्रमांक-1 कृषि यंत्रों पर अनुदान (चैम्प्स) एवं कंपोनेंट क्रमांक-2 तथा 3 फार्म मशीनरी बैंकों की स्थापना हेतु कृषको के प्राप्त आवेदन, लाभान्वित कृषक, लंबित आवेदन एवं निराकृत प्रकरणों की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2025-26 में बीमा दावा निर्धारण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

38. (क्र. 2869) श्री धर्मजीत सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला बिलासपुर अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2025-26 में बीमा दावा निर्धारण हेतु कुल कितने फसल कटाई किये जाने का लक्ष्य था, जिनमें से कितनी कटाई की गयी एवं कितनी लंबित रही? **(ख)** क्या यह भी सत्य है कि कंडिका "क" के तहत बिलासपुर नगर निगम अंतर्गत कृषि भूमि के स्थान पर गैर-कृषि भूमि में फसल कटाई प्रयोग किया गया है? यदि हाँ, तो इसके लिए कौन दोषी है एवं उसके ऊपर क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** क्या कंडिका "क" की योजना के तहत फसल कटाई प्रयोग हेतु कृषि भूमि के स्थान पर गैर-कृषि भूमि करने के कारण किसानों के बीमा दावा निर्धारण में त्रुटि हुई है? यदि हाँ, तो इससे कितने किसान प्रभावित हुए हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला बिलासपुर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मौसम खरीफ वर्ष 2025 में बीमा दावा निर्धारण हेतु कुल 4,902 फसल कटाई प्रयोग किए जाने का लक्ष्य था, जिसमें से 4,816 फसल कटाई प्रयोग संपादित किया गया है एवं अधिसूचित फसल उपलब्ध नहीं होने के कारण 86 फसल कटाई प्रयोग संपादित नहीं किये जा सके है। **(ख)** जी नही। अतः शेष जानकारी निरंक है। **(ग)** कंडिका 'ख' में उल्लेख अनुसार प्रश्न उपस्थित नही होता है।

चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत खाद एवं बीज का प्रदाय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

39. (क्र. 2873) श्री रामकुमार यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अप्रेल, 2024 से चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 02 फरवरी, 2026 तक खरीफ एवं रबी फसल हेतु किस-किस प्रकार के कितनी मात्रा में रासायनिक खाद एवं बीज की मांग के विरूद्ध केन्द्र शासन द्वारा कितनी मात्रा में आबंटन दिया गया ? **(ख)** प्रश्नांक अवधि में चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र के कृषकों द्वारा किस-किस प्रकार के बीज एवं किस-किस प्रकार की रासायनिक खाद की मांग के विरूद्ध कितनी मात्रा में खाद एवं बीज का प्रदाय किया गया ? क्या राज्य शासन द्वारा किन्हीं अन्य माध्यम/एजेंसी से भी रासायनिक खाद एवं बीज की खरीदी की गईं ? यदि हां तो कितनी मात्रा में कितनी राशि की ? वर्षवार विकासखण्डवार बतावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र से सबद्ध विकासखण्ड डभरा एवं मालखरौदा में अप्रैल 2024 से दिनांक 02 फरवरी 2026 तक खरीफ एवं रबी मौसम हेतु रासायनिक उर्वरकों की मांग एवं केन्द्र शासन द्वारा आबंटित (भंडारित) मात्रा की वर्षवार, विकासखण्डवार, मौसमवार, उर्वरकवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** प्रदेश की बीज मांग ना ही भारत सरकार को प्रेषित की जाती है और न ही भारत सरकार द्वारा बीज आबंटित की जाती है। प्रदेश मे आँकलित बीज मांग छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को उपलब्ध कराया जाता है। चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र से सबद्ध विकासखंड डभरा एवं मालखरौदा में अप्रैल 2024 से दिनांक 02 फरवरी 2026 तक खरीफ एवं रबी मौसम हेतु बीज की मांग एवं बीज निगम द्वारा भंडारित मात्रा की वर्षवार, विकासखण्डवार, मौसमवार, फसलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है। (ख)** प्रश्नांक अवधि में चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र से सबद्ध विकासखण्ड डभरा एवं मालखरौदा में रासाययनिक उर्वरको एवं बीजों की आँकलित मांग, भंडारण तथा किसानों द्वारा किये गये उठाव का वर्षवार, विकासखण्डवार, मौसमवार, उर्वरकवार एवं फसलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है।** विभाग द्वारा रासायनिक उर्वरक की खरीदी किसी भी माध्यम/एजेंसी

से नहीं की गई है। अन्य माध्यम/एजेंसी से क्रय किये गये बीज की मात्रा एवं राशि की वर्षवार, विकासखण्डवार, मौसमवार, फसलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के सीमेंट संयंत्रों के विरुद्ध प्राप्त पर्यावरणीय शिकायतों की जांच

[आवास एवं पर्यावरण]

40. (क्र. 2876) श्री संदीप साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विभिन्न सीमेंट संयंत्रों के विरुद्ध प्राप्त पर्यावरणीय शिकायतों के आधार पर सितंबर, 2025 के पश्चात छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण विभाग/छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को जांच आदेश प्रेषित किए गए हैं? यदि हाँ, तो सितंबर, 2025 के पश्चात किन-किन सीमेंट संयंत्रों (संयंत्र का नाम, स्थान एवं प्रबंधन का नाम सहित) के विरुद्ध जांच आदेश प्राप्त हुए? तिथि-वार विवरण प्रदान करें? **(ख)** प्राप्त शिकायतों का स्वरूप क्या था? जैसे—वायु प्रदूषण, धूल उत्सर्जन, भूजल प्रदूषण, पर्यावरण स्वीकृति शर्तों का उल्लंघन, अपशिष्ट प्रबंधन में अनियमितता आदि की जानकारी देवें? **(ग)** राज्य पर्यावरण विभाग/छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उक्त जांच आदेशों के पालन में क्या-क्या जांच की गई? जांच दल की संरचना, निरीक्षण की तिथि तथा प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट का सारांश क्या है? **(घ)** जांच में किन-किन संयंत्रों में अनियमितताएँ पाई गईं? उनके विरुद्ध क्या दंडात्मक/प्रशासनिक कार्रवाई (नोटिस, जुर्माना, उत्पादन पर रोक, आंशिक/पूर्ण सीलिंग, पर्यावरण क्षतिपूर्ति आदि) की गई ? विवरण दें? **(ङ)** क्या किसी संयंत्र के विरुद्ध प्रकरण न्यायालय/राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) में लंबित है? यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति विवरण दें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जी हाँ। दिनांक 01/09/2025 से 28/02/2026 तक की अवधि में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थापित सीमेंट संयंत्र को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के सम्बन्ध में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली से छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को 01 शिकायत मेसर्स श्री रायपुर सीमेंट लिमिटेड (ए यूनिट ऑफ श्री सीमेंट) ग्राम-खपराडीह, तहसील-सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा के विरुद्ध जाँच हेतु दिनांक 13/10/2025 को प्राप्त हुई है।**(ख)**दिनांक 01/09/2025 से 28/02/2026 तक की अवधि में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थापित सीमेंट संयंत्रों के विरुद्ध वायु प्रदूषण, धुल उत्सर्जन, भूजल प्रदूषण, अपशिष्ट प्रबंधन में अनियमितता के संबंध में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। तथापि दिनांक 13/10/2025 को मेसर्स श्री रायपुर सीमेंट लिमिटेड (ए यूनिट ऑफ श्री सीमेंट) ग्राम-खपराडीह, तह.-सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा के विरुद्ध प्राप्त शिकायत में उल्लेखित मुख्य बिंदुओं का विवरण निम्नानुसार है :-(1) भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 11/09/2019 में ई.आई.ए. आंकलन की अनियमिताऍं।(2) जारी जल एवं वायु स्थापना सम्मति/संचालन सम्मति में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की मिलीभगत।(3) राजस्व हानि व अवैध खनन।(4) चरणबद्ध आपत्तियाँ और शिकायतों की अनदेखी।(5) लोकसभा ओर विधानसभा में तथ्य प्रस्तुतीकरण में विसंगति।**(ग)**शिकायत के बिंदु क्रमांक 1 - भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 (यथा संशोधित) के प्रावधनों के तहत उद्योग को क्लिंकर क्षमता - 13.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष, सीमेंट क्षमता - 16.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं अन्य उत्पादों हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 11/09/2019 को जारी की गई है। अत: अनियमिताऍं की स्थिति नहीं है। शिकायत के बिंदु क्रमांक 2 -छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के आधार पर उद्योग को क्लिंकर क्षमता - 13.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष, सीमेंट क्षमता - 16.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं अन्य उत्पादों हेतु जल एवं वायु स्थापना सम्मति दिनांक 12/02/2020 को जारी की गई है । तत्पश्चात दिनांक

24/03/2022 को क्लिंकर क्षमता - 12.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं अन्य उत्पादों हेतु जल एवं वायु संचालन सम्मति जारी की गई है। अत: मिलीभगत का कथन निराधार है। शिकायत के बिंदु क्रमांक 3 - उद्योग द्वारा उपलब्ध कराये गये खदान एवं क्लिंकर के उत्पादन आकडे की जानकारी पर्यावरणीय स्वीकृति एवं सम्मति में दी गई क्षमता के भीतर है। अत: अवैध एवं राजस्व हानि जैसी स्थिति नहीं है। शिकायत के बिंदु क्रमांक 4 - उद्योग के द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति एवं सम्मति में दी गई क्षमता के भीतर ही उत्पादन किया गया है। अत: चरणबद्ध आपत्तियाँ और शिकायतों की अनदेखी की स्थिति नहीं है।शिकायत के बिंदु क्रमांक 5 -प्राप्त शिकायत के संबंध में पूर्व में कोई विधानसभा प्रश्न प्राप्त नहीं हुआ है। अत: कोई विसंगति की स्थिति नहीं है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दिनांक 06/03/2026 को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दिवस उद्योग संचालित पाया गया एवं उद्योग वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु स्थापित ई.एस.पी., बैग फिल्टर इत्यादि का संचालन किया जाना पाया गया। जल प्रदूषण नियंत्रण हेतु दूषित जल के उपचार हेतु स्थापित एस.टी.पी./ई.टी.पी. संचालित पाया गया एवं स्थिति सामान्य पाई गई है।**(घ)**प्राप्त शिकायत के संबंध में किसी भी प्रकार की अनियमितताएँ नहीं पाई गई है। अत: शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।(ङ)जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में स्थित सीमेंट संयंत्रों के विरूद्ध न्यायालय/राष्ट्रीय हरित अधिकरण में प्रकरण लंबित नही है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

Ultra Tech Cement की गुमा-2 खदान परियोजना के खदान-क्षेत्र में सम्मिलित चरनोई-भूमि

[आवास एवं पर्यावरण]

41. (क्र. 2877) श्री संदीप साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या Ultra Tech Cement की गुमा-2 खदान परियोजना को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रदत्त पर्यावरण-स्वीकृति में यह शर्त निहित है कि खदान-क्षेत्र में सम्मिलित चरनोई-भूमि ग्राम-गुमा रकबा 27.722 हेक्टेयर के बदले समतुल्य-भूमि उपलब्ध कराई जाएगी? यदि हाँ, तो क्या चरनोई भूमि के बदले समतुल्य भूमि उपलब्ध करा-दी-गई है? यदि हाँ, तो उपलब्ध कराई गई भूमि का खसरा-नंबर, रकबा, ग्राम, तहसील, भू-स्वामित्व की स्थिति एवं हस्तांतरण की तिथि का विवरण दें? यदि नहीं, तो खनन अनुमति किस आधार पर प्रदान की गई? **(ख)** क्या खनन अनुमति एवं जारी खनन कार्य के कारण स्थानीय पशुधन (गोधन) के चराई-क्षेत्र में जाने का पारंपरिक-मार्ग अवरुद्ध/लैंड-लॉक हो गया है? यदि हाँ, तो इस संबंध में विभाग को प्राप्त शिकायतों की संख्या का विवरण दें? क्या विभाग/जिला प्रशासन द्वारा स्थल निरीक्षण कराया गया है? निरीक्षण प्रतिवेदन का सारांश दें? **(ग)** पर्यावरण-स्वीकृति की शर्तों, खनिज नियमों एवं ग्राम्य-चरागाह संरक्षण के प्रावधानों के अंतर्गत क्या कंपनी को वैकल्पिक चराई मार्ग/एप्रोच रोड, अंडरपास/ओवरपास अथवा सुरक्षित कॉरिडोर उपलब्ध कराने हेतु बाध्य किया गया है? यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है? **(घ)** यदि पर्यावरण-स्वीकृति की शर्तों का उल्लंघन पाया गया है, तो कंपनी के विरुद्ध अब तक क्या दंडात्मक/प्रशासनिक कार्रवाई की गई है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हाँ। जी नही। प्रश्न उपस्थित नही होता है। उक्त चरनोई भुमि पर खनन अनुमति नही है।**(ख)** जी नहीं। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(ग)** जी नही। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(घ)** पर्यावरण -स्वीकृति की शर्तों का उल्लंघन नहीं पाया गया है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में कृषि का रकबा एवं खाद बीज की मांग/वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

42. (क्र. 2880) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल कितना कृषि रकबा है? विकासखंडवार जानकारी

देवें? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 में उर्वरक (खाद) एवं प्रमाणित बीज की मांग, उनके भंडारण तथा किसानों को किए गए वितरण की वास्तविक स्थिति की वर्षवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) कृषि रकबे की जानकारी का संधारण विकासखण्डवार किया जाता है। कार्यालय भू-अभिलेख, जिला-कबीरधाम से प्राप्त जानकारी अनुसार पंडरिया विधान सभा क्षेत्र से सम्बद्ध विकासखंड कवर्धा, पंडरिया एवं सहसपुर लोहारा अंतर्गत कुल कृषि रकबा 1,46,124 हेक्टेयर है। विकासखंडवार विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	विकासखंड का नाम	कुल कृषि रकबा (हे.)
1	कवर्धा	43727
2	पंडरिया	54315
3	सहसपुर लोहारा	48082
योग		**146124**

(ख) वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 (दिनांक 06.03.2026 तक) में उर्वरक एवं प्रमाणित बीज की मांग, भंडारण एवं वितरण की वर्षवार, मौसमवार, विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र- ब अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

कबीरधाम जिले के आदिवासी आश्रम, शालाओं एवं छात्रावासों में रिक्त पद

[आदिम जाति विकास]

43. (क्र. 2881) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कबीरधाम जिले में आदिम जाति विकास मंत्रालय अंतर्गत संचालित आश्रम, शालाओं एवं छात्रावासों में शिक्षकों व अधीक्षकों के कितने पद रिक्त हैं, रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर ली जावेगी ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** जिले में आदिवासी विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं अन्य प्रोत्साहन राशि पिछले दो वर्षों से विलंब से क्यों मिल रही है? इस विलंब के लिए कौन जिम्मेदार हैं तथा भविष्य में समय पर नियमित भुगतान सुनिश्चित करने हेतु क्या व्यवस्था की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विभाग अंतर्गत कबीरधाम जिले में संचालित आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों में अधीक्षक के 44 पद रिक्त हैं। जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। रिक्त पदों की पूर्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** विलंब की स्थिति निर्मित नहीं हुई है, केवल 02 विद्यार्थियों का आधार सीडिंग एवं खाता बंद होने के कारण भुगतान असफल रहा है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत् विद्यार्थियों को वर्तमान सत्र से नवीन व्यवस्था के तहत् भुगतान समय पर सुनिश्चित करने हेतु समय-सीमा का निर्धारण किया जाकर कार्यवाही की जा रही है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के द्वारा सामग्री क्रय व भुगतान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

44. (क्र. 2885) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में दुर्ग जिले के किन-किन फर्मों ,एजेंसियों से कृषि व अन्य सामग्री का क्रय एवं भुगतान किया गया ? जिलावार ,वर्षवार बताएं? **(ख)** क्या उक्त अवधि में किसान

एग्रोटेक दुर्ग की कंपनी का जीएसटी निलंबित था, जिससे उद्यान विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा लेनदेन किया गया है? यदि हां तो इस अनियमितता पर क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** किसान एग्रोटेक दुर्ग कंपनी जीएसटी निलंबित होने के बावजूद किन-किन जिलों में डीबीटी के माध्यम से लेनदेन (उक्तावधि में) किया? उक्त (लेनदेन) व्यापार संबंधी शिकायत व जांच तथा कार्यवाही 2024- 25 ,2025 -26 का वर्षवार जिलावार बताएं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में दुर्ग जिले की फर्मों/एजेंसियों से संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी द्वारा क्रय की गई कृषि व अन्य सामग्री तथा उसके भुगतान की जिलावार, वर्षवार एवं एजेंसीवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र क्रमशः प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है।(ख)** अधीक्षक, जीएसटी रेज-2, डिवीजन-1, भिलाई, जिला-दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त अवधि में किसान एग्रोटेक, दुर्ग की कंपनी का जीएसटी निलंबित नहीं था। अतः उक्त के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है। **(ग)** प्रश्नांश "ख" के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है।

राज्य के उद्योगों द्वारा वायु प्रदूषण पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

45. (क्र. 2888) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023-24 से 20 फरवरी, 2026 तक कितने औद्योगिक/ऊर्जा संयंत्रों ने निर्धारित उत्सर्जन मानकों से अधिक उत्सर्जन किया और इनके विरुद्ध किस प्रकार की कार्यवाही की गई? जानकारी दें ? **(ख)** राज्य सरकार व पर्यावरण संरक्षण विभाग द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार हेतु क्या प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं? क्या एनजीटी ने छत्तीसगढ़ की बिगड़ती वायु गुणवत्ता के संदर्भ में कोई कमेटी गठित की है? यदि हाँ, तो उसमें कौन-कौन सदस्य हैं और किन मुद्दों पर जांच/रिपोर्ट तैयार की है? **(ग)** क्या राज्य में अब तक 'नॉन-अटेनमेंट शहरों' के लिए कोई ठोस व्यवस्था की गई है और ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) प्रभावी रूप से लागू हुआ है? यदि हाँ, तो पूर्ण जानकारी दें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**(ख)**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा प्रदूषणकारी उद्योगों में उनकी प्रकृति के अनुसार वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण यथा ईएसपी, बैग फिल्टर, स्क्रबर, साईक्लोन, डस्ट कलेक्टर आदि स्थापित कराये गये हैं। उद्योगों पर सतत निगरानी रखी जाकर इन उपकरणों का सतत संचालन सुनिश्चित करवाया जाता है। उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। उद्योगों के रॉ-मटेरियल, उत्पाद, ठोस अपशिष्ट ले जाने वाले वाहनों से परिवहन के दौरान धूल उत्सर्जन नियंत्रण हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित की गई है जिसके अनुसार वाहनों की निगरानी कर उल्लंघनकारी उद्योगों के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जाती है। जी हाँ, माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, सेन्ट्रल जोनल बेंच, भोपाल द्वारा विचाराधीन प्रकरण ओ.ए. क्रमांक 175/2025 (सी.जेड.) में पारित आदेश दिनांक 16/01/2026 में छत्तीसगढ़ राज्य में रायपुर, भिलाई व कोरबा शहर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता के सन्दर्भ में समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति में सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग के प्रतिनिधि, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के प्रतिनिधि एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि सदस्य हैं। प्रकरण में जाँच रिपोर्ट तैयार किया जाना शेष है।**(ग)**नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में नॉन अटेनमेंट शहर के रूप में रायपुर, भिलाई एवं कोरबा को चिन्हित किया जाकर वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु सिटी एक्शन प्लान बनाया गया है। उक्त एक्शन प्लान में सम्मिलित कार्यों के अंतर्गत डस्ट रोकथाम हेतु वॉटर केनन, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु हॉपर टिप्पर एवं ट्रैक्टर क्रय, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापना का कार्य, फाउंटेन लगाना, जन जागरूकता

से संबंधित कार्य, वृक्षारोपण, डामरीकरण, पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य एवं गार्डन निर्माण कार्य जैसे अन्य कार्य कराये गए हैं। उक्त के अतिरिक्त, उपरोक्त नॉन अटेनमेंट शहरों हेतु आवास एवं पर्यावरण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) भी तैयार किया गया है। उक्त ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान को गंभीर परिस्थितियां यथा वायु गुणवत्ता ख़राब अथवा बहुत ख़राब होने पर लागू करने एवं वायु प्रदूषण का स्तर सामान्य होने पर वापस लेने का प्रावधान है। उक्त ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) का क्रियान्वयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

महासमुंद जिले के छात्रावासों एवं आश्रमों हेतु सामग्री क्रय

[आदिम जाति विकास]

46. (क्र. 2889) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्ष 2023-24 से दिनांक 20 फरवरी, 2026 तक महासमुंद जिले के छात्रावासों/आश्रमों में कौन-कौन सी सामग्री किस-किस दर पर कब-कब क्रय की गई है ? सामग्री का नाम, राशि की जानकारी विधानसभावार बताएं ? **(ख)** क्या सामग्री खरीदी में गड़बड़ी या अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां तो की गई कार्रवाई की जानकारी दें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। विधानसभावार सामग्री क्रय नही किया जाता है। **(ख)** किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितत की शिकायतें प्राप्त नही हुई है। अतःप्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

लोक संगीत अकादमी एवं लोकगीतों का संरक्षण

[संस्कृति]

47. (क्र. 2893) श्री दलेश्वर साहू : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में वर्ष 2022-23 से फरवरी, 2026 तक योजना क्रमांक 8975, छ.ग लोक संगीत अकादमी एवं लोकगीतों का संरक्षण एवं योजना क्रमांक 5753, समारोह हेतु अनुदान के तहत कितनी-कितनी राशि किन-किन संस्थाओं, विभागों एवं अन्य को किन-किन कार्यक्रमों के लिए कब जारी किया गया है? कितने कार्यक्रमों का क्रियान्वयन विभागीय या संचालक स्तर, जिला कलेक्टर स्तर, संस्था स्तर पर कहॉ-कहॉ पर आयोजन किया गया है एवं उक्त आयोजनों में कितनी राशि किन-किन मदों में व्यय की गयी है? जिलेवार, आयोजन संस्थावार, मदवार, राशिवार, व्यय प्रतिशतवार एवं जनप्रतिनिधिवार अनुशंसा की जानकारी देवें?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : प्रदेश में वर्ष 2022-23 से फरवरी 2026 तक योजना क्रमांक 8975, छ.ग. लोक संगीत अकादमी एवं लोकगीतों का संरक्षण मद में संस्थाओं को अनुदान की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र-अ अनुसार तथा योजना क्रमांक 5753, समारोह हेतु अनुदान के तहत जिला कलेक्टर को आबंटित राशि की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है। उक्त योजना क्रमांक 8975 में कलाकारों का मानदेय हेतु 45 प्रतिशत, लाईट-माईक-टेंट हेतु अधिकतम 30 प्रतिशत तथा अन्य आकस्मिक व्यय (स्वल्पाहार, आमंत्रण पत्र, स्मृति चिन्ह, शॉल-श्रीफल, स्टेशनरी, फ्लैक्स, फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी) हेतु 25 प्रतिशत राशि व्यय किया जाता है एवं योजना क्रमांक 5753 में कलाकारों का मानदेय हेतु 45 प्रतिशत, लाईट-माईक-टेंट हेतु अधिकतम 40 प्रतिशत तथा अन्य आकस्मिक व्यय (स्वल्पाहार, आमंत्रण पत्र, स्मृति चिन्ह, शॉल-श्रीफल, स्टेशनरी, फ्लैक्स, फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी) हेतु 15 प्रतिशत राशि व्यय किया जाता है तथा जनप्रतिनिधियों

के अनुशंसाओ पर स्वीकृत कार्यक्रमों में 100 प्रतिशत कलाकारों पर व्यय किया गया है। जनप्रतिनिधिवार अनुशंसा की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार है।**

प्रदेश में संचालित उद्योगों के द्वारा पर्यावरणीय नियम के उल्लंघन की जांच

[आवास एवं पर्यावरण]

48. (क्र. 2896) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कितने लघु, मध्यम एवं वृहद उद्योग संचालित हैं ? जिलेवार उद्योगों की संख्या की जानकारी दें ? **(ख)** प्रश्नांश "क" के संचालित लघु, मध्यम एवं वृहद उद्योगों के संचालन में क्या-क्या पर्यावरणीय नियम/ मापदंड निर्धारित हैं ? संचालित उद्योगों द्वारा पर्यावरणीय नियम के पालन की जांच किन-किन बिंदुओं के आधार पर की जाती है? क्या वर्ष 2024 से फरवरी, 2026 तक बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, कोरबा एवं बलौदा बाजार जिला में संचालित उद्योगों की जांच की गई? यदि हां, तो जांच में क्या पाया गया? नियम विरुद्ध संचालित उद्योगों पर क्या कार्यवाही की गई? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : जानकारी एकत्रित की जा रही है।

पंजीयन विभाग द्वारा अभिलेखों के पंजीयन शुल्क पर रोजगार एवं युवा विकास पर अधिरोपित उपकर

[वाणिज्यिक कर]

49. (क्र. 2897) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या पंजीयन विभाग द्वारा अभिलेखों के पंजीयन शुल्क पर रोजगार एवं युवा विकास उपकर अधिरोपित किया गया था? यदि हां तो कब से एवं क्या वर्तमान में यह उपकर प्रभावशील है? इस उपकर को लगाने का क्या उद्देश्य है? **(ख)** प्रश्नांश "क" के कर से प्राप्त राशि का उपयोग किन-किन मदों हेतु किया जाता है? इसके लिए क्या नियम / निर्देश बनाये गये हैं? राशि स्वीकृति की क्या प्रक्रिया है? **(ग)** इस उपकर के लागू दिनांक से फरवरी, 2026 तक कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई? जिलेवार बतावें ? **(घ)** प्रश्नांश "ग" की प्राप्त राशि में से कितनी राशि किन-किन कार्यों में व्यय की गई? क्या निर्धारित नियम के विरुद्ध राशि व्यय करने की शिकायतें प्राप्त हुई? यदि हां तो क्या कार्रवाई की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जी हाँ, अभिलेखों के पंजीयन पर लगने वाले ग्रामीण विकास उपकर के अलावा रोजगार एवं युवा विकास उपकर अधिरोपित किया गया है।अधिसूचना दिनांक 22 फरवरी 2023 के द्वारा अभिलेखों के पंजीयन पर प्रभार्य उपकर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत किया गया है जो वर्तमान में प्रभावशील है। उपकर का उद्देश्य ग्रामीण विकास निधि एवं छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन तथा राजीव मितान क्लब योजना से संबंधित प्रयोजनों के लिए है।**(ख)** उपकर के रूप में गत वित्तीय वर्ष में प्राप्त राशि महालेखाकार के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बजट मद में अंतरित की जाती है। उपकर की राशि का उपयोग किये जाने हेतु मदों का निर्धारण एवं उसके नियम / निर्देश बनाने तथा स्वीकृति की प्रक्रिया पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित है**(ग)**· रोजगार एवं युवा विकास उपकर अधिरोपित किये जाने के दिनांक 22 फरवरी 2023 से फरवरी, 2026 तक प्राप्त उपकर की कुल राशि **308.93 करोड़** है। पंजीयन जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र**अनुसार है।**(घ)**प्रश्नांश **(ग)** में उल्लेखित उपकर राशि राज्य की संचित निधि में जमा हुई है, अतः राशि का उपभोग किन-किन कार्यो हेतु किया गया है, की वन-टू-वन मैपिंग संधारित नहीं होती है, विवरण दिया जाना संभव नहीं है। व्यय के संबंध में पंजीयन विभाग को कोई शिकायत प्राप्त नहीं होने से जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

उद्योगों/संयंत्रों में प्रदूषण की रोकथाम हेतु उद्योगों में लगाये गये उपकरण

[आवास एवं पर्यावरण]

50. (क्र. 2904) श्री मोतीलाल साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थापित कौन-कौन से उद्योगों/संयंत्रों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु कौन-कौन से विशेष यंत्र लगाये गए हैं तथा उससे प्रदूषण में कितने प्रतिशत की कमी दर्ज की गई ? उद्योगवार/संयंत्रवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांक ''क'' के संचालित उद्योगों में प्रदूषण की मात्रा को कम करने हेतु विभाग द्वारा उद्योगों में विशेष यंत्र लगाने हेतु अनिवार्य निर्देश जारी किये गये हैं ? यदि हां तो प्रति उपलब्ध करावें ? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' अंतर्गत संचालित उद्योगों का विगत तीन वर्षों में किस-किस स्तर के किन-किन अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया ? निरीक्षण में कितने उद्योगों/संयंत्रों में निर्धारित पर्यावरणीय नियमों एवं विभागीय निर्देशों की अवहेलना पायी गई ? विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार, जानकारी उपलब्ध करावें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : जानकारी एकत्रित की जा रही है।

कृषि तथा उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत संचालित योजनायें एवं लाभान्वित हितग्राही

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

51. (क्र. 2908) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 20 फरवरी, 2026 की स्थिति में बालोद जिले में कृषि तथा उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत किसानों के हितार्थ कौन-कौन सी योजनाएँ संचालित हैं? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 20 फरवरी, 2026 तक कृषि तथा उद्यानिकी विभाग जिला बालोद को पृथक-पृथक किन-किन योजनाओं/मदों में कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है एवं प्राप्त राशि का उपयोग किन-किन योजनाओं/मदों के अंतर्गत किन-किन कार्यों के लिए कितना-कितना किया गया है? वर्षवार, योजनावार/मदवार कार्यों के नाम सहित जानकारी देवें ? **(ग)** कण्डिका 'क' की समयावधि में बालोद जिले में कहॉं-कहॉं पर विभाग द्वारा कौन-कौन से शिविरों का आयोजन किया गया है? उक्तावधि में जिले के कितने हितग्राहियों को विभाग की किन-किन योजनाओं से लाभान्वित किया गया है? जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) दिनांक 20 फरवरी, 2026 की स्थिति में बालोद जिले में किसानों के हितार्थ विभाग के अधीन संचालित योजनाओं की कृषि विभाग की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- अ** एवं उद्यानिकी विभाग की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है। (ख)** वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 20 फरवरी, 2026 तक जिला बालोद को विभागीय योजनाओ के अंतर्गत आबंटित एवं व्यय राशि की वर्षवार, योजनावार, घटकवार कृषि विभाग की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** एवं उद्यानिकी विभाग की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द एवं प्रपत्र-इ अनुसार है। (ग)** वित्तीय वर्ष 2025-26 में बालोद जिले के चयनित 84 ग्रामों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया है। स्थानवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-फ अनुसार है।** उक्त अवधि में योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियो की कृषि विभाग की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** एवं उद्यानिकी विभाग की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द एवं प्रपत्र-इ अनुसार है।**

किसानों द्वारा कराये गये फसल बीमा के विरूद्ध भुगतान की गई क्षतिपूर्ति की राशि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

52. (क्र. 2909) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खरीफ एवं रबी मौसम वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 20 फरवरी, 2026 तक बालोद जिले के कितने किसानों ने अपने कृषि एवं उद्यानिकी फसलों का बीमा करवाया है एवं कृषक प्रीमियम के रूप में इनसे कितनी राशि ली गई है? वर्षवार, तहसीलवार जानकारी देवें ? **(ख)** कण्डिका 'क' की समयावधि में बीमा करवाने वाले कितने किसानों की कितनी राशि के फसल की क्षति आंकलित की गई है तथा इनमें से कितने किसानों को बीमा की राशि किस दर से भुगतान की जा चुकी है एवं दिनांक 20 फरवरी, 2026 की स्थिति में कितने किसानों की कितनी राशि भुगतान हेतु शेष है? वर्षवार, तहसीलवार बतावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बालोद जिले से संबंधित तहसीलों में कृषि फसलों के बीमा हेतु संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में फसल बीमा आवरण प्राप्त करने वाले 1,23,005 कृषकों से ₹14.25 करोड़, वर्ष 2024-25 में 1,18,414 किसानों से ₹14.35 करोड़ एवं वर्ष 2025-26 में दिनांक 20 फरवरी 2026 की स्थिति में 1,24,568 कृषकों से ₹14.43 करोड़ फसल बीमा प्रीमियम के कृषक अंश के रूप में प्राप्त की गई है वर्षवार, मौसमवार एवं तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।**उद्यानिकी फसलों के बीमा हेतु संचालित पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में फसल बीमा आवरण प्राप्त करने वाले 831 कृषकों से ₹14.17 लाख, वर्ष 2024 में 862 कृषकों से ₹20.63 लाख एवं वर्ष 2025-26 में दिनांक 20 फरवरी 2026 तक 1,018 कृषकों से ₹17.90 लाख फसल बीमा प्रीमियम के कृषक अंश के रूप में प्राप्त की गई है वर्षवार, मौसमवार एवं तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र ब अनुसार है।(ख)** कंडिका क की अवधि में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा आवरण प्राप्त करने वाले कृषकों को फसल क्षति एवं पात्रता के आधार पर वर्ष 2023-24 में 6,230 कृषकों को ₹8.04 करोड, वर्ष 2024-25 में 6,092 कृषकों को ₹11.12 करोड़ का बीमा दावा भुगतान क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा किया गया है। मौसम खरीफ वर्ष 2025 में दावा गणना एवं मौसम रबी 2025-26 में फसल कटाई प्रयोग की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रश्नाधीन अवधि तक किसी भी कृषक को बीमा दावा भुगतान किया जाना लंबित नहीं है। वर्षवार, मौसमवार एवं तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** योजनांतर्गत क्षति प्रतिशत के आधार पर जिलावार निर्धारित फसलवार प्रति हेक्टेयर बीमित राशि के अनुसार बीमा दावा राशि का भुगतान क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा किया जाता है। जिला बालोद में कृषि फसलो के फसलवार प्रति हेक्टेयर बीमांकित राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।** पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा आवरण प्राप्त करने वाले कृषकों को फसल क्षति एवं पात्रता के आधार पर वर्ष 2023-24 में 304 कृषकों को ₹10.29 लाख, वर्ष 2024-25 में 710 कृषकों को ₹44.56 लाख का बीमा दावा भुगतान क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा किया गया है। मौसम खरीफ वर्ष 2025 हेतु अधिसूचित उद्यानिकी फसलो की जोखिम अवधि समाप्त नहीं हुई है जबकि मौसम रबी 2025-26 में फसल बीमा का कार्य प्रगतिरत है। प्रश्नाधीन अवधि तक किसी भी कृषक को बीमा दावा भुगतान किया जाना लंबित नहीं है। वर्षवार, मौसमवार एवं तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** योजनांतर्गत क्षति प्रतिशत के आधार पर जिलावार निर्धारित फसलवार प्रति हेक्टेयर बीमित राशि के अनुसार बीमा दावा राशि का भुगतान क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा किया जाता है। जिला बालोद में उद्यानिकी फसलो के फसलवार प्रति हेक्टेयर बीमांकित राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-द अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

प्रदेश में संचालित कोल वाशरियां तथा कोल डिपो एवं उनका निरीक्षण

[आवास एवं पर्यावरण]

53. (क्र. 2916) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में निजी क्षेत्र में कोल वाशरियां तथा कोल डिपो कहां-कहां स्थित हैं उनका संचालन कौन-कौन कर रहा है, क्षमता कितनी-कितनी है तथा कब-कब से स्थापित हैं? **(ख)** कोल वाशरियों का निरीक्षण जनवरी, 2024 से फरवरी, 2026 तक चालू स्थिति में तथा बंद स्थिति में कब-कब, किसके-किसके द्वारा किया गया, और क्या-क्या कमियां पाई गईं तथा क्या-क्या कार्यवाहियां की गईं? **(ग)** कोल वाशरियों के द्वारा प्रदूषण फैलाने के संबंध में जनवरी 2024 से फरवरी, 2026 तक प्राप्त शिकायतों और उन पर की गई कार्यवाहियों का विवरण देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जानकारी पुस्ताकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है।**(ख)जानकारी पुस्ताकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है।**(ग)जानकारी पुस्ताकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार** है।

मिनीमाता (हसदेव बांगो) जलाशय में मत्स्यपालन एवं मत्स्याखेट ठेका एवं केज कल्चर

[मछली पालन]

54. (क्र. 2917) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्तमान में मिनीमाता (हसदेव बांगो) जलाशय में मत्स्यपालन एवं मत्स्याखेट का ठेका किसे तथा किस अवधि के लिये दिया गया है? ठेके पर दिये जाने से अब तक कितना मछली का उत्पादन हुआ है, माहवार बताएं? इस जलाशय में कितने मछुआरे कार्य करते है? उनकी कितनी सहकारी समितियां हैं तथा कितने-कितने सदस्य हैं? **(ख)** क्या उक्त जलाशय में केज कल्चर पद्धति से भी मछली पालन किया जाता है? यदि हां तो कितने केज स्थापित हैं तथा किसको-किसको आबंटित हैं? कितने मछुआरों को केज आबंटित नही है और क्यों?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्तमान में मिनीमाता (हसदेव बांगो) जलाशय में मत्स्यपालन एवं मत्स्याखेट का ठेका श्री छत्रपाल पटेल, भरत नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) को दिनांक 12.11.2025 से 15.06.2035 तक की अवधि के लिये दिया गया है। ठेके पर दिये जाने से अब तक पट्टाधारक द्वारा मत्स्याखेट कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने के कारण प्रश्नांकित अवधि तक मछली का उत्पादन निरंक है। इस जलाशय में 792 मछुआरे कार्य करते है। उनकी कुल 23 सहकारी समितियां हैं तथा समितिवार सदस्यों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** जी हां, उक्त जलाशय में केज कल्चर पद्धति से भी मछली पालन किया जाता है। कुल 1525 केज स्थापित हैं जिसमें से 11 मछुआ सहकारी समितियों के 200 सदस्यों तथा 44 व्यक्तिगत आबंटित है, **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**बजट उपलब्ध नहीं होने के कारण 245 मछुआरों को केज आबंटित नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

अधिसूचित रेत खदानें एवं पर्यावरणीय विधि विधान का पालन

[आवास एवं पर्यावरण]

55. (क्र. 2918) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में ऐसे अधिसूचित रेत खदानों की जिलावार तथा रकबा सहित सूची बताएं जिनमें रेत का उत्खनन करने के पूर्व पर्यावरण संबंधी विधि-विधान के अन्तर्गत स्टेट लेवल एनवायरमेंट इम्पैक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी से एनवायरमेंट क्लीयरेंस आवश्यक होता है? **(ख)** एनवायरमेंट क्लीयरेंस प्राप्त रेत खदानों तथा क्लीयरेंस हेतु प्रक्रियाधीन रेत खदानों की जिलावार सूची देवें? **(ग)** एनवायरमेंट क्लीयरेंस के टर्मस एंड कंडीशन्स तथा राज्य पर्यावरण संरक्षण

मंडल के द्वारा अधिरोपित टर्मस एंड कंडीशंस को सुनिश्चित करने के लिए जनवरी, 2024 से फरवरी, 2026 तक किन-किन रेत खदानों का निरीक्षण किया गया है और क्या पाया गया है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ईआईए अधिसूचना**,** 2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के तहत् सभी रेत उत्खनन परियोजनाओं को स्टेट लेवल इन्व्हायरन्मेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी**,** छत्तीसगढ़ से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म**,** छत्तीसगढ़ से प्राप्त जिलावार तथा रकबा सहित प्रदेश मे अधिसूचित रेत खदानों की सूची **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-अ अनुसार** है।**(ख)** स्टेट लेवल इन्व्हायरन्मेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी**,** छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त रेत खदानों की जिलावार सूची **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-ब अनुसार** है तथा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु स्टेट लेवल इन्व्हायरन्मेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी**,** छत्तीसगढ़ में प्रक्रियाधीन रेत खदानों की जिलावार सूची **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-स अनुसार** है।**(ग)** जनवरी 2024 से फरवरी 2026 तक छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा रेत खदानों में किये गये निरीक्षण तथा पाई गई स्थिति की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द अनुसार** है।

छ.ग. टूरिज्म बोर्ड द्वारा निर्मित अधोसंरचनाएं एवं उनकी स्थिति

[पर्यटन]

56. (क्र. 2920) डॉ. चरण दास महंत : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छ.ग. टूरिज्म बोर्ड तथा छ.ग. पर्यटन विकास निगम के द्वारा राज्य के किन-किन स्थानों पर होटल, मोटल, रिसोर्ट, पर्यटन सुविधा केन्द्र आदि संरचनाओं का निर्माण एवं विकास कब-कब, कितनी-कितनी लागत से, कितने-कितने क्षेत्रफल में किया गया था ? **(ख)** उपरोक्त संरचनाओं की वर्तमान स्थिति क्या-क्या है, किसको-किसको लीज आदि पर किन-किन शर्तों पर दिया गया है, कौन-कौन केन्द्र कब से तथा क्यों बंद हैं, किसका संचालन बोर्ड के द्वारा किया जा रहा है, प्रत्येक केन्द्र/संरचना का पृथक-पृथक बताएं?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड तथा छत्तीसगढ़ पर्यटन विकास निगम के द्वारा राज्य के किन-किन स्थानों पर होटल, मोटल, रिसॉर्ट, पर्यटन सुविधा केंद्र आदि संरचनाओं का निर्माण एवं विकास कब-कब, कितनी-कितनी लागत से, कितने - कितने क्षेत्रफल में किया गया था, की जानकारी **जानकारी पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र- अ** अनुसार है।**(ख)** उपरोक्त संरचनाओं की वर्तमान स्थिति की **जानकारी पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र- ब,** लीज एवं उसकी शर्तों की जानकारी **जानकारी पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र- स**, इकाईयों के बंद रहने के संबंध में जानकारी **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द** में एवं बोर्ड के द्वारा संचालित इकाईयों की जानकारी **जानकारी पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र- इ** अनुसार है।

सुरजपुर जिले में स्थित मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा भास्कर पारा कोल माईन की स्वीकृति

[आवास एवं पर्यावरण]

57. (क्र. 2921) श्री बालेश्वर साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सुरजपुर, तहसील भैयाथान अंतर्गत ग्राम बड़सरा, खाड़ापारा, बस्करपारा, कुर्रीडीह, केवरा, दनौलीखुर्द, कुसमूसी में मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित भास्कर पारा कोल खनन परियोजना 920 हेक्टेयर की जनसुनवाई के दौरान स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायतों द्वारा कोल खनन परियोजना का विरोध किया गया ? जानकारी देवें ? **(ख)** क्या अंग्रेजी में उपलब्ध ईआईए रिपोर्ट स्थानीय भाषा में अनुवाद न कर उपलब्ध करने तथा अखबारों में उचित प्रचार-प्रसार न होने की शिकायत ग्रामीणो द्वारा दर्ज की गयी ? यदि

हां, तो दर्ज शिकायतों की जानकारी देवें ? **(ग)** क्या राज्य सरकार द्वारा उक्त कोल खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया के पुन: परीक्षण हेतु पुन: समीक्षा किया जाना विचाराधीन है ? कब-तक ? उक्त कोल खनन परियोजना को एनजीटी व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कब-कब निरीक्षण किया गया ? विवरण देवें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हाँ। मेसर्स प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ग्राम भास्करपारा, खाडापारा, बड़सरा, कुर्रीडीह, कुसमुसी, दनौलीखुर्द एवं केवरा, तहसील भैयाथान, जिला सूरजपुर में कुल क्षेत्रफल 932 हेक्टेयर में प्रस्तावित ओपनकास्ट एवं अंडरग्राउंड कोल माईन क्षमता–1.0 मिलियन टन प्रतिवर्ष की जनसुनवाई दिनांक 09/11/2022 में जनसुनवाई के दौरान स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायतों द्वारा मौखिक एवं लिखित रूप से आवेदन प्रस्तुत कर विरोध किया गया।**(ख)** प्रस्तावित कोल माइन की जनसुनवाई के संबंध में अंग्रेजी में उपलब्ध ई आई ए रिपोर्ट स्थानीय भाषा में अनुवाद कर उपलब्ध नहीं कराने की 01 शिकायत ग्रामीणों द्वारा दर्ज की गई है। जनसुनवाई के संबंध में अखबारों में उचित प्रचार-प्रसार नहीं होने की कोई शिकायत ग्रामीणों द्वारा दर्ज नहीं की गई है।**(ग)** कोल माइन परियोजना को भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 18/09/2023 को कुल क्षेत्रफल 932 हेक्टेयर में प्रस्तावित ओपनकास्ट एवं अंडरग्राउंड कोल माईन क्षमता – 1.0 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है। राज्य सरकार द्वारा उक्त कोल खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया के पुनः परीक्षण विचाराधीन नही है। एन.जी.टी. द्वारा उक्त कोल खनन परियोजना का निरीक्षण किये जाने की जानकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को नहीं है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा विगत वर्ष 2025 में खदान का दिनांक 05/02/2025, 17/04/2025, 22/07/2025, 09/10/2025 एवं 22/10/2025 को निरीक्षण किया गया है।

सरगुजा जिले में अर्दन डैम, चेक डैम, स्टाप डैम हेतु स्वीकृत राशि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

58. (क्र. 2922) श्री प्रबोध मिंज : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में सरगुजा जिले में अर्दन डैम, चेक डैम, स्टाप डैम कहां-कहां एवं कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी गई ? उसमें कितनी-कितनी राशि खर्च की गई एवं कितने का मूल्यांकन किया गया एवं कितनी-कितनी राशि शेष है? विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** उक्त कार्य की निर्माण एजेंसी कौन-कौन थे? **(ग)** क्या निर्माण कार्य में शिकायतें प्राप्त हुई थी? यदि हां तो उन पर क्या-क्या कार्रवाई की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में सरगुजा जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण विकास घटक 2.0 योजनांतर्गत अर्दन डैम, चेक डैम, स्टाप डैम के कुल 09 कार्यों के लिए राशि रू. 128.08 लाख की स्वीकृति दी गई। जिसमें राशि रू. 86.28 लाख खर्च की गई एवं राशि रू. 41.80 लाख शेष है। उक्त समस्त कार्यों का मूल्यांकन किया गया है। विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** उक्त कार्य की निर्माण एजेंसी जलग्रहण समिति है। **(ग)** नहीं, निर्माण कार्य में शिकायतें प्राप्त नहीं हुई थी, अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के घटक एवं भौतिक-वित्तीय स्थिति

[आदिम जाति विकास]

1. (क्र. 1060) श्री अजय चंद्राकर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कितनी एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना लागू हैं? उसके कौन-कौन से घटक हैं? इसके अंतर्गत कौन-कौन से योजना/प्रोजेक्ट संचालित है एवं इसकी क्रियान्वयन एजेंसी कौन-कौन सी है? **(ख)** उक्त परियोजना अंतर्गत विगत 3 वर्षो में क्या-क्या कार्य स्वीकृत हुये हैं तथा उन कार्यो की भौतिक स्थिति क्या है? कितने लाभार्थी हुये और कितने का लक्ष्य रखा गया था? **(ग)** उक्त परियोजना की वित्तीय व्यवस्था किस प्रकार है? राज्य एवं केन्द्र सरकार का अलग-अलग बतायें? विगत तीन वित्तीय वर्षो में कितनी राशि का अनुदान केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त हुआ है तथा उक्त स्वीकृत कार्यो के अनुरूप कितनी-कितनी राशि कौन-कौन से योजना/प्रोजेक्ट अंतर्गत किन-किन कार्यो में व्यय की गयी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में 19 एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना संचालित हैं। सेक्टरवार घटक क्रमशः शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य उपलब्ध कराना, विद्युतीकरण, पेयजल, आवास, संपर्क सड़को का निर्माण, सार्वजनिक वितरण व्यवस्था को गतिमान्य बनाना, शैक्षणिक संस्थाओं के भवन मरम्मत कार्य इत्यादि है। विभाग द्वारा एकीकृत आदिवासी विकास परियोजनाओं के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार संविधान के अनुच्छेद 275(1), विशेष केन्द्रीय सहायता पोषित योजनाओं से स्थानीय विकास कार्यक्रम के अधीन प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना का क्रियान्वयन विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से किया जाता है। क्रियान्वयन एजेंसी का चयन स्वीकृत कार्य के प्रकृति के आधार पर किया जाता है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ग)** उक्त परियोजनाओं को संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत कार्यो हेतु राज्य सरकार/विभाग के माध्यम से ग्रांट इन एड के रुप में शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में भारत सरकार की स्वीकृति अनुसार केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। जानकारी **''पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है।

जिला महासमुंद में छात्रावासों हेतु क्रय सामग्री में भंडार क्रय नियमों का पालन

[आदिम जाति विकास]

2. (क्र. 1187) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** महासमुंद जिले में वर्ष 2022-23 से 15 फरवरी 2026 तक की स्थिति में छात्रावासों के लिए क्या-क्या सामग्री, किस-किस दर पर किस फर्म से खरीदी गई है? विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या उपरोक्त सामग्री क्रय में छत्तीसगढ़ शासन के भंडार क्रय नियमों का पालन किया गया है? यदि नहीं तो संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार

है। विकासखण्डवार खरीदी नहीं किया जाता है। **(ख)** जी हाँ, सामग्री क्रय में छत्तीसगढ़ शासन के भंडार क्रय नियमों का पालन किया गया है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

बस्तर संभाग में औद्योगिक इकाईयों की पर्यावरणीय स्वीकृति

[आवास एवं पर्यावरण]

3. (क्र. 1507) श्री विक्रम मंडावी : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में बस्तर संभाग में नए उद्योग स्थापना हेतु कितनी ईकाईयों को किन-किन स्थलों में उद्योग स्थापना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है? कितने आवेदन विचाराधीन एवं प्रक्रियाधीन हैं? **(ख)** क्या प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत उद्योग स्थापना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं, यदि हां तो उन पर क्या कार्यवाही की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) वर्ष 2023-24 2024-25 एवं 2025-26 में बस्तर संभाग में 01 उद्योग मेसर्स एन.एम.डी.सी. सी.एम.डी.सी. लिमिटेड को स्क्रीनिंग कम बेनिफिकेशन प्लांट (750 टीपीएच ऑफ 4 लाइन्स इच) अलोंग विथ 2200 टी.पी.एच. डाउनहिल कन्वेयर एंड लोडिंग फैसिलिटीज इन फारेस्ट एरिया-100.077 हेक्टेयर एंड रिवेन्यू लैंड (गवर्नमेंट, प्राइवेट एंड बड़े झाड़ के जंगल)– 22.4658 हेक्टेयर लोकेटेड ऐट आउटसाइड द माइनिंग लीज एरिया ऑफ़ बैलाडीला आयरन ओर डिपाजिट–4 ऐट ग्राम भंसी, तहसील-बड़े बचेली, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाडा, छत्तीसगढ़ हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है। वर्तमान में बस्तर संभाग में नए उद्योग स्थापना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का कोई भी प्रकरण विचाराधीन एवं प्रक्रियाधीन नहीं हैं।**(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में उद्योग स्थापना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

बजट 2024-25 एवं 2025-26 में सम्मिलित अधोसंरचना कार्यों की स्वीकृति

[वित्त]

4. (क्र. 1915) श्री दीपेश साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-बेमेतरा अंतर्गत वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में सम्मिलित अधोसंरचना विकास कार्यों में से कितने कार्यों को तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है? कार्यवार विवरण, प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति की तिथि, स्वीकृत राशि तथा संबंधित विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देवें। साथ ही, उक्त वर्षों में जिन अधोसंरचना कार्यों को तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है, उनका कार्यवार एवं विधानसभा क्षेत्रवार विवरण तथा स्वीकृति न मिलने के कारणों की जानकारी देवें। **(ख)** प्रश्न **(क)** के परिप्रेक्ष्य में, उक्त कार्यों के बजट में सम्मिलित होने के बावजूद तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति में विलंब के लिए क्या किसी की जवाबदेही निर्धारित की गई है अथवा नहीं? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? जानकारी देवें।

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) एवं **(ख)** जिला बेमेतरा में बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में सम्मिलित अधोसंरचना विकास कार्यों की विभिन्न विभागों से संकलित **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) में शामिल कार्य एवं राशि अनुमान होते हैं। विभागों द्वारा सामान्यतः नवीन मद में अपरीक्षित मद के कार्य शामिल कराये जाते हैं,जिनकी स्वीकृति विभाग अपनी आवश्यकता एवं औचित्य के अनुसार प्राथमिकता का निर्धारण करते हुए करता है। बजट में नवीन मद में शामिल कार्यों को प्रावधानित वित्तीय वर्ष अथवा आगामी वित्तीय वर्ष के अंत तक प्रशासकीय स्वीकृति दी जाती है। उल्लेखनीय है कि सक्षम स्तर से अनुमोदन के उपरांत संबंधित विभाग द्वारा ही प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जाती है। इसी प्रकार निर्माण विभाग द्वारा ही विस्तृत प्राक्कलन, नक्शा, डिजाइन, मात्रा तथा दरों की सक्षम

अभियंता द्वारा जाँच कर तकनीकी स्वीकृति जारी की जाती है। प्रशासकीय स्वीकृति हेतु विभागों को वित्त निर्देश 25/2012 दिनांक 01 मई 2012 द्वारा रू. 3 करोड़ के अधिकार प्राप्त थे, जिसे स्थायी वित्त निर्देश 15/2025 दिनांक 14.05.2025 द्वारा बढ़ाकर 5 करोड़ किया गया है, ताकि कार्यों की स्वीकृति में गति आए। वित्त विभाग द्वारा 5 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति पर केवल सहमति दी जाती है।

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व द्वारा किये गये कार्य एवं व्यय

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

5. (क्र. 1942) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा राज्य में कौन कौन से कार्य किये जाते है? **(ख)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में किये गये कार्य एवं व्यय का जिलेवार विवरण क्या है?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) विभाग द्वारा प्रदेश के मंदिरों के जीर्णोंद्वार, धर्मशाला का निर्माण, धार्मिक न्यास, सिन्धु दर्शन एवं मानसरोवर यात्रा, राजिम कुम्भ (कल्प) मेला, गिरोधपुरी एवं लालपुर मेला, दामाखेड़ा मेला, बस्तर दशहरा, जशपुर दशहरा तथा डोगरगढ़ मेला संबधी कार्य संपादित किया जाता है। **(ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है।**

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की लंबित श्रम सम्मान राशि का भुगतान

[आदिम जाति विकास]

6. (क्र. 2073) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राज्य शासन द्वारा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को प्रति माह ₹4000 श्रम सम्मान राशि देने का स्पष्ट प्रावधान होने के बावजूद सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में अगस्त 2023 से भुगतान रोका गया है? यदि हां तो क्यों? **(ख)** वर्तमान में कितने कर्मचारी प्रभावित हैं तथा कुल कितनी राशि लंबित है? **(ग)** अन्य विभागों (PWD एवं वन विभाग) में नियमित भुगतान होने के बावजूद आदिम जाति विकास विभाग में भुगतान न होने के लिए कौन अधिकारी जिम्मेदार है? क्या उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई प्रस्तावित है? **(घ)** सरकार प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत सभी लंबित राशि का भुगतान किस निश्चित तिथि तक अनिवार्य रूप से करेगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विभाग अंतर्गत सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला में पात्रता नहीं होने के कारण भुगतान नहीं किया गया है।**(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(घ)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

जिलें में बीज विकास निगम द्वारा कृषि उपकरण व अन्य सामग्री की खरीदी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

7. (क्र. 2097) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिलें में बीज विकास निगम द्वारा जनवरी 2024 से 10 फरवरी 2026 तक कौन-कौन से कृषि उपकरण व अन्य सामग्री कितनी-कितनी राशि से किन-किन फर्म/एजेंसियों से क्रय की गई ? वर्षवार, जिलेवार, विकास खण्डवार जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अवधि में क्रय की गई सामाग्री कितनें हितग्राहियों को वितरित की गई ? सामाग्रीवार, विकासखण्डवार, हितग्राहियों की सूची सहित जानकारी देवें ? **(ग)** क्या उक्त की गई सामाग्री/उपकरण खरीदी में गुणवत्ता व अन्य संबधित शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हॉ तो किन-किन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) जनवरी 2024 से 10 फरवरी 2026 तक राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिलें में छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा कृषि उपकरण व अन्य सामग्री का क्रय नहीं किए जाने के कारण वांछित जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है। **(ग)** प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है।

अमानक बीज, नकली उर्वरक, व कीटनाशक दवाई का विक्रय/भण्डारण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

8. (क्र. 2098) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिलें में वर्ष 2023-24 से 10 फरवरी 2026 तक अमानक बीज, नकली उर्वरक, व कीटनाशक दवाई विक्रय/भण्डारण किए जाने के संबध में किन-किन कंपनियों, व्यापारियों के विरूध्द शिकायत प्राप्त हुई है? प्राप्त शिकायत के विरूध्द क्या कार्यवाही की गई है ? वर्षवार, विकासखण्डवार, कंपनियों, व्यापारियों के नाम सहित जानकारी देवें ? **(ख)** उक्त अवधि में किन-किन कंपनियों के विरूध्द खरीदे गये फसल की राशि तथा फसल क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है ? प्राप्त शिकायत पर उनके विरूध्द क्या कार्यवाही की गई है ? वर्षवार, विकासखण्डवार, जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) राजनांदगांव जिलें में वर्ष 2023-24 से 10 फरवरी 2026 तक नकली उर्वरक के संबंध में प्राप्त शिकायत की वर्षवार, विकासखण्डवार, व्यापारियों के नाम सहित **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** प्रश्नांकित अवधि में राजनांदगांव जिले में अमानक बीज और नकली कीटनाशक तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में अमानक बीज, नकली उर्वरक व कीटनाशक के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अतः शेष जानकारी निरंक है। **(ख)** उक्त अवधि में किसी कंपनी के विरूद्ध खरीदे गये फसल की राशि तथा फसल क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान नहीं किए जाने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः शेष जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

कृषि विज्ञान केंद्रों में अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन का भुगतान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

9. (क्र. 2153) श्री उमेश पटेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कृषि विज्ञान केंद्रों में अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन भुगतान में केन्द्रांश और राज्यांश राशि कितना है एवं कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं? केद्रवार बताएं। **(ख)** यह भी बताएं कि राज्यांश राशि का भुगतान नियमित रूप से होता है या नहीं? यदि नहीं तो प्रश्नांकित अवधि तक कुल कितना राशि वेतन भुगतान हेतु शेष है और कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा? **(ग)** कृषि विज्ञान केंद्रों में अधिकारी/कर्मचारियों को राज्यांश राशि का नियमित भुगतान हो इसके लिए क्या कार्ययोजना है और कब तक कर लिया जाएगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से प्राप्त शतप्रतिशत अनुदान से प्रावधानित वेतन, डीए एवं गृहभाड़ा भत्ता का नियमित भुगतान किया जा रहा है। इसके लिए राज्य शासन से कोई राज्यांश प्रावधानित नहीं है। कृषि विज्ञान केन्द्रवार कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या **संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** राज्यांश प्रावधानित नहीं होने से शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता, तथापि माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में दायर याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी.एस. 3288/2025 एवं समरूप अन्य याचिकाओं में दिनांक

24.06.2025 में जारी स्थगन आदेश के परिपालन में पूर्वानुसार भुगतान किये जाने के परिपेक्ष्य में अंतर की राशि की व्यवस्था विश्वविद्यालय के स्थापना अनुदान से किये जाने प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हुआ है, जो अनुमति हेतु वित्त विभाग को अग्रेषित किया गया है। अनुमति प्राप्त होने पर शेष कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। समय सीमा बताया जाना संभव नही है। **(ग)** कंडिका ख अनुसार अनुमति प्राप्त होने के उपरांत माननीय उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। समय सीमा बतया जाना संभव नही है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

जिला रायगढ़ में उर्वरक गुण नियंत्रक प्रयोगशाला हेतु सेटअप व कार्य

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

10. (क्र. 2154) श्री उमेश पटेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिला में उर्वरक गुण नियंत्रक प्रयोगशाला की स्वीकृति कब हुई थी ? क्या उक्त प्रयोगशाला का कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि नहीं तो कब तक पूर्ण होगी और अद्यतन स्थिति क्या है ? **(ख)** क्या उर्वरक गुण नियंत्रक प्रयोगशाला में टेस्ट किया जा रहा है? यदि हाँ तो 2024-25 एवं 2025-26 में किन-किन फसलों का कितना-कितना टेस्ट किया गया है? यदि नहीं तो किस कारण से टेस्टिंग नहीं किया जा रहा है और कब तक प्रारंभ कर दिया जाएगा? **(ग)** क्या उर्वरक गुण नियंत्रक प्रयोगशाला के लिए सेटअप का पर्याप्त संख्या है ? यदि हाँ तो कितने का सेटअप है ? यदि नहीं तो कब तक पूर्ण सेटअप व्यवस्था कर ली जाएगी,जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) रायगढ़ जिला में उर्वरक गुण नियंत्रक प्रयोगशाला की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2017-18 में दी गई है। जी हाँ। प्रयोगशाला भवन निर्माण का कार्य कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायगढ़ के द्वारा वर्ष 2020-21 में पूर्ण कर उप संचालक कृषि रायगढ़ को हस्तांतरित किया जा चुका है। उक्त प्रयोगशाला की पद संरचना वर्ष 2023-24 में स्वीकृत हुई है तथा उप संचालक कृषि की पदस्थापना की जा चुकी है। **(ख)** जी नहीं। प्रयोगशाला में नमूना विशलेषण के कार्य हेतु विशलेषक के रूप में भारत सरकार से प्रशिक्षण प्राप्त किया जाना अनिवार्य है, जिसके लिए भारत सरकार द्वारा ही तिथि निर्धारित कर अधिकारियों का नामांकन चाहा जाता है। भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशलेषक के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ही संबंधित अधिकारी द्वारा विशलेषण का कार्य प्रारंभ किया जाना संभव होगा। **(ग)** जी हाँ। उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला रायगढ़ हेतु 12 पदों की पद संरचना स्वीकृत है।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में पशु औषधालय भवनों की अद्यतन स्थिति

[पशुधन विकास]

11. (क्र. 2224) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में कितने पशु औषधालय संचालित हैं, कितने भवन जर्जर अवस्था में हैं, कितने भवन विहीन हैं ? **(ख)** कब तक भवन निर्माण पूर्ण कर लिए जाएंगे ? **(ग)** कितने नवीन पशु औषधालय खोले जाना प्रस्तावित है ? कब तक खोले जाएंगे ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) सिहावा विधानसभा क्षेत्र में 14 पशु औषधालय संचालित हैं। जिनमें से 04 संस्थायें जर्जर हैं, तथा 01 संस्था भवन विहीन हैं। **(ख)** भवन निर्माण की समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।**(ग)** 04 ग्रामों यथा-करैहा, फरसियां, कसपुर, सियारीनाला में नवीन पशु औषधालय खोले जाने हेतु प्राप्त प्रस्ताव का परीक्षण किया जा रहा है, कब तक खोले जोयेंगे की समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

जिला धमतरी अन्तर्गत धार्मिक स्थलों हेतु राशि का आबंटन

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

12. (क्र. 2225) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिले अन्तर्गत किन-किन धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार/निर्माण हेतु कहॉं-कहॉं व कितने कार्यो हेतु कितनी-कितनी राशि 2023-24 से 15.02.2026 तक आबंटित की गई है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार किस-किस एंजेसी के द्वारा कार्य कराया गया है ? कृपया अवगत करावें ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) धमतरी जिले अंतर्गत प्रश्नांश में दर्शित अवधि में विकासखण्ड धमतरी के 13 एवं कुरूद के 06 कुल 19 मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु आबंटन जारी किया गया है। विस्तृत जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**(ख)** एजेंसी की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कालम क्रमांक 05 में दर्शित है। **[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]**

पूंजीगत व्यय में खर्च की जानकारी

[वित्त]

13. (क्र. 2263) डॉ. चरण दास महंत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में अनुपूरक बजट सहित कुल बजट की कितनी प्रतिशत राशि तथा कुल तय बजट राशि में से कितनी राशि पूंजीगत व्यय में खर्च करने हेतु प्रावधानित थी? कितनी प्रतिशत राशि एवं स्वीकृत बजट की कितनी राशि परिसम्पत्ति निर्माण में खर्च हुई? वर्षवार, विभागवार एवं 2025-26 हेतु 15 फरवरी, 2026 की स्थिति तक ब्यौरा बतावे? **(ख)** आदर्श लेखा मानकों के अनुसार बजट राशि खर्च करने की प्रक्रिया क्या है? **(ग)** देश के राज्यों की मासिक लेखा रिपोर्ट के विश्लेषण के अनुसार क्या छत्तीसगढ़ राज्य को पूंजीगत परिसम्पत्ति निर्माण में सबसे कम खर्च वाले राज्यों की सूची में दर्ज किया गया है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्य बजट एवं अनुपूरक अनुमान सहित 1,75,342.83 करोड एवं वर्ष 2025-26 में मुख्य बजट एवं अनुपूरक अनुमान सहित 2,00,000 करोड़ का प्रावधान था, जिसमें से पूंजीगत व्यय हेतु वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में कमशः 16% (28,560.96 करोड़) एवं 14% (28,278.72 करोड़) का प्रावधान है। वर्ष 2024-25 में परिसम्पत्ति निर्माण में 20,054.62 करोड़ तथा वर्ष 2025-26 में 28 फरवरी तक 10,154.28 करोड़ का व्यय हुआ है। विभागवार पूंजीगत व्यय की **जानकारी "संलग्न प्रपत्र-अ"** में है। **(ख)** छत्तीसगढ़ वित्तीय संहिता के अनुसार "बजट की राशि खर्च करने हेतु संबंधित व्यय सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत होना चाहिए तथा व्यय के लिए अधिकृत अनुदान तथा वर्ष के लिए विनियोजन में पर्याप्त निधि का उपबंध होना चाहिए अथवा पुनर्विनियोजन की स्वीकृति देने हेतु सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से पुनर्विनियोजन स्वीकृत हो।" साथ ही बजट की राशि खर्च करने हेतु आय-व्यय में संतुलन की दृष्टि से प्रथम छःमाही में 40% (प्रथम तिमाही में 25% तथा द्वितीय तिमाही में 15%) तथा द्वितीय छः माही में 60% (तृतीय तिमाही में 25% तथा चतुर्थ तिमाही में 35%) व्यय करने के निर्देश है।**(ग)** राज्यों की मासिक लेखा रिपोर्ट महालेखाकार द्वारा संकलित की गई जानकारी के अनुसार तैयार की जाती है। विभिन्न राज्यों में लेखा संकलन विभिन्न प्रविधियों से अलग-अलग समय में की जाती हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में गत वर्षों में पूंजीगत व्यय में वृद्धि देखी जा रही है, जो वर्ष 2023-24 में 15,419 करोड से बढ़कर 2024-25 में 20,054.62 करोड़ थी। **[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]**

ग्राम कुर्रा में बिना अनुमति के भूमि विकास एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन

[आवास एवं पर्यावरण]

14. (क्र. 2276) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जनवरी 2024 से फरवरी 2026 के मध्य अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुर्रा में बिना अनुमति के भूमि विकास/भूमि उपयोग में परिवर्तन बाबत कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? **(ख)** कंडिका **(क)** अनुसार चिन्हांकित शिकायतें किन किन के विरुद्ध एवं किन किन के द्वारा किन किन तिथियों को की गयी? **(ग)** प्राप्त शिकायतों पर नगर तथा ग्राम निवेश विभाग तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभनपुर द्वारा किन किन तिथियों को, किन किन खसरों तथा व्यक्तियों के विरुद्ध क्या क्या कार्यवाही की गयी है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में 01 शिकायत प्राप्त हुई है।**(ख)** शिकायर्ता श्री लोकेश गिलहरे, उप सरपंच, ग्राम कुर्रा के द्वारा श्री कैलाश शुक्ला पिता श्री रामाधार शुक्ला, निवासी नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के विरूद्ध दिनांक 24.11.2025 को कार्यालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) में एवं दिनांक 29.12.2025 को नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर में शिकायत की गई।**(ग)**कार्यालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार, प्राप्त शिकायत को निराकृत करते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया है। उक्त शिकायत के विरुद्ध नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के कार्यालयीन पत्र क्रमांक 197 रायपुर, दिनांक 20.01.2026 को छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा-37(1) के तहत् ग्राम कुर्रा तहसील-गोबरानवापारा, स्थित भूमि खसरा न 15000 के विरूद्ध अवैध/अप्राधिकृत भूमि विकास/संनिर्माण को हटाने के संबंध में नोटिस जारी किया गया, साथ ही कार्यालयीन पत्र क्रमांक 568 दिनांक 26.02.2026 को पुनः स्मरण पत्र जारी किया गया है।

छ. ग. प्रदेश में अनुसूचित जनजाति उप योजना अंतर्गत आजीविका से संबंधित योजनाएं

[आदिम जाति विकास]

15. (क्र. 2289) श्री इन्द्रशाह मंडावी (श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े) : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा मानसून सत्र 2025 में दिए गए उत्तर के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-2026 में अनुसूचित जनजाति उप योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्गों की आजीविका से संबंधित योजनाओं के लिए 218583.283 लाख रुपए आबंटित किए गए है। **(ख)** क्या इस बजट अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को आजीविका उपलब्ध कराई गई? यदि हां, तो योजनावार एवं जिलेवार लाभांवित की संख्या की जानकारी दें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां। **(ख)** जी हां, जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

शासकीय आयोजनों में स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों की सहभागिता

[संस्कृति]

16. (क्र. 2474) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- संस्कृति विभाग द्वारा 1 जनवरी 2025 से लेकर 15.02.20206 तक आयोजित राज्य उत्सव, राजीम कुम्भ, चक्रधर समारोह, मैनपाट महोत्सव अवसरों पर कितने स्थानीय कलाकारों को एवं कितने प्रदेश के बाहर के कलाकारों को मौका दिया गया तथा उन्हें कितनी - कितनी राशि भुगतान किया गया ? आयोजनवार कलाकारों के नाम सहित जानकारी देंगे ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : संस्कृति विभाग द्वारा 1 जनवरी 2025 से लेकर 15.02.2026 तक आयोजित राज्य उत्सव, राजिम कुंभ, चकधर समारोह, मैनपाट महोत्सव का आयोजन जिला स्तर में कलेक्टर द्वारा कराया जाता है तथा कलेक्टरों को अनुदान के रूप में राशि जारी की गई थी। जिलों से प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय कलाकारों एवं प्रदेश के बाहर के कलाकारों को राशि भुगतान की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ** अनुसार है। राज्योत्सव, राजिम कुंभ, चक्रधर समारोह मैनपाट महोत्सव की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ब** अनुसार है।

बोर खनन एवं सिंचाई हेतु पंप वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

17. (क्र. 2475) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा विगत 3 वर्षों में कितने कृषकों को कौन-कौन सी योजना के तहत कितने-कितने अनुदान पर कितने बोर खनन एवं सिंचाई हेतु पंप वितरण किए गए हैं? विकास खंडवार एवं वर्षवार जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंद्ध विकासखण्ड भानुप्रतापपुर, चारामा एवं दुर्गकोंदल में विगत 03 वर्षों में कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर नलकूप खनन एवं सिंचाई पंप वितरण से लाभांवित कृषको की योजनावार, वर्षवार, विकासखण्डवार, **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

संस्कृति विभाग के द्वारा स्वीकृत कार्यक्रमों हेतु राशि, व्यय, एवं भुगतान

[संस्कृति]

18. (क्र. 2546) श्री बघेल लखेश्वर : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छ0ग0 राज्य में कार्यक्रमों एवं विभिन्न आयोजनों हेतु प्रावधानित व स्वीकृत बजट राशि वर्ष 2023-24 से 15.02.2026 तक वर्षवार बतावें ? **(ख)** छ0ग0 राज्य के अधीन जिलों में संस्कृति विभाग के द्वारा स्वीकृत कार्यक्रम, स्वीकृत राशि, व्यय, एवं भुगतान हेतु शेष की स्थिति वर्ष 2023-24 से 15.02.2026 तक बतावें ? **(ग)** ऐसे कौन-कौन से कार्यक्रम हैं, जिनकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के बाद स्वीकृति राशि से संबंधित आदेश जारी नहीं किये गये हैं ? कृपया बतावें ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) राज्य में कार्यक्रमों एवं विभिन्न आयोजनों हेतु वर्ष 2023-24 से 15.02.2026 तक प्रावधानित व स्वीकृत बजट निम्नानुसार है:-

क्र.	वित्तीय वर्ष	प्रावधानित बजट
1	2023-24	61,75,01,000
2	2024-25	37,50,00,000
3	2025-26	40, 50,00,000

(ख) संस्कृति विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यक्रम, व्यय राशि एवं भुगतान शेष का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	वित्तीय वर्ष	स्वीकृत कार्यक्रम संख्या	स्वीकृत राशि	व्यय राशि	भुगतान शेष
1	2023-24	1768	97146500	97146500	निरंक
2	2024-25	2662	147650002	134124002	13526000
3	2025-26	2404	112181000	73356000	38825000

(ग) सांस्कृतिक कार्यक्रमों की स्वीकृति आदेश में राशि का उल्लेख किया जाता है, पृथक से राशि से संबंधित आदेश जारी नहीं किये जाते हैं। अत: जानकारी निरंक है।

बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में पर्यटन स्थल व पर्यटन स्थलों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता

[पर्यटन]

19. (क्र. 2548) श्री बघेल लखेश्वर : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में पर्यटन विभाग के द्वारा किन-किन स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता दी गई है ? कृपया स्थलवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के निरंतरता में किन-किन स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता देने का प्रस्ताव विचाराधीन है ? इन प्रस्तावों को कब तक स्वीकृति प्रदान की जावेगी ? कृपया बतावें? **(ग)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में मान्यता प्राप्त पर्यटन स्थल एवं विचाराधीन/प्रस्तावित पर्यटक स्थलों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सहित तथा आगामी दिनों वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित कार्यों की जानकारी देवें? **(घ)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों के पर्यटन स्थलों के लिए वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि, व्यय व कार्य की अद्यतन स्थिति बतावें ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में विभाग द्वारा चिन्हांकित स्थलों की स्थलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र- अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के निरंतरता में सोनादाई (दुर्ग कोंदुल) जिला कांकेर को पर्यटन स्थल घोषित करने हेतु आवेदन विचाराधीन है। उक्त स्थल के संबंध में जिला कलेक्टर से विस्तृत जानकारी चाहा गया है। परीक्षण प्रतिवेदन अप्राप्त है। इस हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नही है।**(ग)** जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रश्नांक "क" में चिन्हांकित पर्यटन स्थलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। विचाराधीन आवेदन स्थल सोनादाई, दुर्ग कोंदुल जिला कांकेर में उपलब्ध सुविधाओं का सर्वे नही कराया गया है। आगामी वित्तीय वर्ष में बस्तर संभागान्तर्गत चिन्हांकित पर्यटन स्थलों में चित्रकोट में टेंट सिटी का विकास, शक्तिपीठ परियोजना के तहत मां दंतेश्वरी मंदिर को विकसित किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु कान्सेप्ट प्लान तैयार करने की कार्यवाही की जा रही है। ग्राम धुड़मारास (कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान) में ओपन एयर थियेटर एवं 08 शॉप्स का निर्माण । **(घ)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों के पर्यटन स्थलों के लिए प्रश्नांकित अवधि वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि, व्यय व कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

जिला मुंगेली में बीज विकास निगम द्वारा क्रय सामग्री

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

20. (क्र. 2597) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली जिला में बीज विकास निगम द्वारा 1 जनवरी, 2024 से दिनांक 23/02/2026 तक कौन-कौन से कृषि उपकरण एवं अन्य सामग्री कितनी-कितनी राशि से किन-किन फर्म/ एजेंसियों से क्रय की गई हैं? **(ख)** प्रश्नांक क अनुसार उक्त अवधि में क्रय की गई सामग्री कितने हितग्रहियों को वितरित की गई है? सामग्रीवार, विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें? क्या उक्त अवधि में क्रय की गई सामग्री/उपकरण में गुणवत्ता व अन्य संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई है? यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाही की गई? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) मुंगेली जिला में बीज विकास निगम द्वारा। जनवरी, 2024 से दिनांक 23/02/2026 तक किसी भी कृषि उपकरण एवं अन्य सामग्री का क्रय नहीं किया गया है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है।

वासवानी इंण्डस्ट्रीज सिलतरा द्वारा अत्यधिक मात्रा में फैलाये प्रदूषण की जांच

[आवास एवं पर्यावरण]

21. (क्र. 2624) श्री अनुज शर्मा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**रायपुर जिले अंतर्गत माह अप्रैल 2025 से दिनांक 15/02/2026 तक किन-किन उद्योगो/फैक्ट्रीयों के विरूद्ध अत्यधिक मात्रा में प्रदूषण फैलाये जाने कि शिकायत ग्राम पंचायतों या जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विभाग को प्राप्त हुई?विभाग द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की गई?विवरण प्रदान करें? **(ख)**क्या सिलतरा स्थित वासवानी इंण्डस्ट्रीज के खिलाफ कोई शिकायत प्रश्नांक 'क' अवधि में विभाग को प्राप्त हुई? यदि हां तो इस पर विभाग द्वारा जांच कर क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार क्या पूर्व में इस फैक्ट्री के विरूद्ध किसी प्रकार की प्रदूषण संबंधी शिकायत विभाग को प्राप्त हुई, यदि हां तो क्या ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जी हां। दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 15.02.2026 तक की अवधि में रायपुर जिले के अंतर्गत उद्योगों से अत्यधिक मात्रा में प्रदूषण फैलाये जाने के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है।**(ख)**जी हाँ। दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 15.02.2026 तक की अवधि में मेसर्स वासवानी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, ग्राम-सोण्ड्रा, फेज-2, जिला-रायपुर के विरूद्ध 01 शिकायत श्री दुर्गा प्रसाद बंजारे द्वारा जनदर्शन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 01.09.2025 को प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायत के परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दिनांक 05.09.2025 को मेसर्स वासवानी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, ग्राम-सोण्ड्रा, फेज-2, जिला-रायपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उद्योग में जल एवं वायु प्रदुषण की स्थिति सामान्य पाई गयी। स्थिति सामान्य पाए जाने के कारण कोई कार्यवाही नहीं की गई।**(ग)**जी हाँ। दिनांक 01.04.2020 से दिनांक 15.02.2026 तक की अवधि में मेसर्स वासवानी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, ग्राम-सोण्ड्रा, फेज-2, जिला-रायपुर के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत की गई कार्यवाहियां

[वित्त]

22. (क्र. 2741) डॉ. चरण दास महंत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम, 2019 की धारा 7(1) तथा 7(2) के अन्तर्गत आदेश किये गये हैं? यदि हां तो कब-कब तथा किसको-किसको सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है? आदेश की प्रतियां उपलब्ध कराएं? सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अब तक की गई कार्यवाहियों का विवरण क्या है? **(ख)** क्या उक्त अधिनियम की धारा 8(1) के अन्तर्गत अधिसूचना जारी की गई है? यदि हां तो कब-कब? उनकी प्रतियां भी उपलब्ध कराएं? **(ग)** उक्त अधिनियम की धारा 8(1) के अन्तर्गत अधिसूचित न्यायालयों में पंजीकृत प्रकरणों तथा निराकृत प्रकरणों का तारीखवार विवरण बताएं? **(घ)** उक्त अधिनियम के अन्तर्गत अब तक किन-किन व्यक्तियों को, किन-किन दंडों से दंडित किया गया है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) हां, अधिनियम की धारा 7(1) के अंतर्गत भारसाधक सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग को अधिनियम की धारा 30 के प्रयोजनों के लिए सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। (दिनांक 28.04.2025 को अधिसूचित) अधिनियम की धारा 7(1) के अंतर्गत राज्य के समस्त संभागीय आयुक्तों को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर अधिनियम की धारा 30 को छोड़कर, सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। (दिनांक 28.04.2025 को अधिसूचित)अधिनियम की धारा 7(2) के अंतर्गत जिले के कलेक्टर को उनके

क्षेत्राधिकार के भीतर, सक्षम प्राधिकारी को, अधिनियम के प्रयोजनों के लिए कर्तव्यों के निर्वहन में सहायता करने के लिए नियुक्त किया गया है। (दिनांक 28.04.2025 को अधिसूचित) अधिसूचना की प्रति **संलग्न प्रपत्र- अ अनुसार** है। **(ख)** हां, अधिसूचना दिनांक 28.11.2025 की प्रति **संलग्न प्रपत्र- ब अनुसार** है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र- स अनुसार** है।**(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र- द अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय हेतु भवन निर्माण

[आदिम जाति विकास]

23. (क्र. 2798) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विकासखण्ड डौंडीलोहारा अंतर्गत ग्राम-पिनकापार में प्रयास आवासीय विद्यालय हेतु स्वीकृति कब प्रदान की गई ? उक्त स्थान पर विद्यालय भवन निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार क्या विद्यालय का संचालन जिला बालोद में किये जाने हेतु जिला प्रशासन को आदेश किया गया है ? यदि हाँ तो कब तक एवं कौन से स्थान को चयनित किया गया है? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विकासखण्ड डौंडीलोहारा अंतर्गत ग्राम- पिनकापार में प्रयास आवासीय विद्यालय हेतु स्वीकृति विभागीय समसंख्यक पत्र दिनांक 14.06.2023 को प्रदान की गई है। विद्यालय भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने संबंधी समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।**(ख)** जी हां, प्रयास आवासीय विद्यालय, पिनकापार जिला बालोद का संचालन जिला बालोद में करने हेतु जिला प्रसाशन को पत्र लिखा गया है। बी.एस.पी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 दल्लीराजहरा का चिन्हांकन कर आधिपत्य देने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भिलाई इस्पात संयत्र, भिलाई जिला दुर्ग को पत्र प्रेषित किया गया है। भवन आबंटन पश्चात् संचालन की कार्यवाही की जावेगी।

जर्जर भवनों में संचालित छात्रावास/आश्रमों में अध्ययनरत विद्वयार्थी

[आदिम जाति विकास]

24. (क्र. 2806) श्री अनुज शर्मा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर संभाग अंतर्गत कितने आवासीय विद्यालय/आश्रम तथा छात्रावास किन-किन स्थानों में संचालित है तथा इनमें से कितने भवन जर्जर तथा अतिजर्जर स्थिति में हैं? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार इन भवनों के निर्माण/संधारण हेतु विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कितनी-कितनी राशि का आबंटन किया गया है? **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार क्या जर्जर तथा अति जर्जर भवनों से अध्ययनरत बालक/बालिकाओं को सुरक्षा की दृष्टि से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है अथवा इन्हीं भवनों में आश्रम/छात्रावास का संचालन किया जा रहा है?छात्र/छात्राओं की सुरक्षा के लिये विभाग द्वारा क्या प्रयास किये गये हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' अनुसार है। **(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार** है। **(ग)** जर्जर तथा अतिजर्जर भवनों से अध्ययनरत बालक/बालिकाओं को सुरक्षा की दृष्टि से अन्य विभागीय छात्रावास भवनों में स्थानांतरित कर संचालित किया जा रहा है, जर्जर भवन में छात्रावास संचालित नहीं किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्राप्त राशि का व्यय

[मछली पालन]

25. (क्र. 2807) डॉ. चरण दास महंत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विभाग को वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में फरवरी 2026 तक केन्द्र सरकार से कितनी राशि प्राप्त हुई? वर्षवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार प्राप्त राशि किन-किन कार्यो में कहां-कहां व्यय हुई ? कितनी-कितनी राशि का उपयोग किया गया? विवरण जिलावार वर्षवार बतावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत् विभाग को वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि रू. 5315.10 लाख एवं 2025-26 में फरवरी 2026 तक राशि रू. 3750.00 लाख केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई। वर्षवार **विस्तृत जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार प्राप्त राशि का विभिन्न कार्यों में जिलावार किए गए व्यय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मदवार विकास कार्य

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

26. (क्र. 2809) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत 3 वर्षों में जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में धार्मिक स्थलों के विकास हेतु कितनी-कितनी राशि, किस-किस मद में स्वीकृत की गई एवं कितनी-कितनी राशि किस-किस मद में व्यय की गई? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** धर्म नगरी डोंगरगढ़ में पदयात्रा के दौरान कितने जगहों पर यात्री विश्राम प्रतिक्षालय का निर्माण किया गया व कौन से मद से किया गया इसमें कौन-कौन ठेकेदार/ ऐजेसी के द्वारा कार्य पूर्ण किया गया पूर्ण जानकारी देवें? **(ग)** क्या उक्त जिलों में धार्मिक/पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्य योजना प्रस्तावित है? यदि हां तो क्या-क्या कार्य धर्मिक न्यास के द्वारा वर्ष 2023-24 से 15-02-2026 तक किया गया जानकारी देवें?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) विगत तीन वर्षो में जिला-राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई की जानकारी **संलग्न प्रपत्र "अ"** अनुसार है।**(ख)** विभाग द्वारा यात्री विश्राम प्रतिक्षालय निर्माण हेतु अनुदान नही दिया जाता है।कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा खनिज मद से की गई निर्माण कार्य की जानकारी **संलग्न प्रपत्र "ब"** अनुसार है।**(ग)** जी नही। प्रश्न ही उपस्थित नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

संस्कृति विभाग द्वारा स्वीकृत योजनाओं एवं निर्माण कार्य

[संस्कृति]

27. (क्र. 2810) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत 3 वित्तीय वर्षों में जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में संस्कृति विभाग द्वारा स्वीकृत योजनाओं की वर्षवार एवं मदवार पूर्ण जानकारी देवें? स्वीकृत राशि का प्रशासकीय स्वीकृति क्रमांक/दिनांक क्या है? **(ख)** क्या उक्त वर्षों में दोनों जिलों में सांस्कृतिक भवन/मंच निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई है? यदि हाँ, तो स्वीकृत राशि का प्रशासकीय स्वीकृति क्रमांक/दिनांक क्या है एवं उसकी अद्यतन स्थिति क्या है? पूर्ण जानकारी देवें ।

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) विगत 03 वर्षों में जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में संस्कृति विभाग (पुरातत्व संचालनालय) द्वारा स्वीकृत योजनाओं की वर्षवार एवं मदवार जानकारी तथा स्वीकृत राशि की प्रशासकीय स्वीकृति क्रमांक/दिनांक निम्नानुसार है-

वित्तीय वर्ष	मद	वित्तीय स्वीकृति क्र./ दिनांक/स्वीकृत राशि
वित्तीय वर्ष 2023-24	अनुरक्षण (758-24-009)	क्र. 1105/ दिनांक 28/07/2023 स्वीकृत राशि – 9,87,200
वित्तीय वर्ष 2024-25	निरंक	-
वित्तीय वर्ष 2025-26	निरंक	-

(ख) उक्त वर्षों में दोनों जिलों में सांस्कृतिक भवन/मंच निर्माण हेतु राशि स्वीकृत नहीं की गयी है। अत प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

संस्कृति विभाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु आबंटित बजट एवं लंबित भुगतान

[संस्कृति]

28. (क्र. 2811) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24 से 2025-2026 में संस्कृति विभाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु कितना कितना बजट प्रावधान हैं? उक्त बजट के आधार पर प्रश्नावधि में कितनी-कितनी राशि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन में खर्च हो गयी है तथा कितनी राशि वर्तमान में शेष है, जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के कौन-कौन से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को किस-किस श्रेणी में रखा गया है व किन-किन संस्थाओं को कितने-कितने कार्यक्रमों के लिए कितनी कितनी राशि स्वीकृत की गईं है? संस्थावार, श्रेणीवार पूर्ण जानकारी देवें? **(ग)** संस्कृति विभाग द्वारा उक्त वर्षों में कितने नवीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों को किन-किन श्रेणी में मान्यता दी गईं तथा उनकी प्रस्तुति के बाद उनको कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है? पूर्ण जानकारी देवें?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) वर्ष 2023-24 से 2025-26 में संस्कृति विभाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु प्रावधानित बजट, व्यय एवं शेष की जानकारी निम्नानुसार है -

क्र	वित्तीय वर्ष	प्रावधानित बजट	व्यय राशि	शेष राशि
1	2023-24	61,75,01,000	51,79,01,689	9,95,99,311
2	2024-25	37,50,00,000	36,83,44,223	66,55,777
3	2025-26	40,50,00,000	35,33,81,176	5,16,18,824

(ख) प्रश्नांक 'क' अंतर्गत प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को श्रेणीकरण नहीं किया गया है तथा संस्थाओं को कार्यक्रम स्वीकृत नहीं किये जाते हैं। **(ग)** सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्रेणीकरण नहीं होने के कारण उक्त प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।

जिला धमतरी में पर्यटन स्थलों का विकास एवं प्रचार-प्रसार

[पर्यटन]

29. (क्र. 2814) श्री ओंकार साहू : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022-23 से 15-02-2026 तक जिला धमतरी में किन-किन पर्यटन स्थलों का विकास कार्य किया गया है तथा उन पर कितनी राशि व्यय की गई है? विकासखण्ड-वार, वर्षवार जानकारी दें? **(ख)** क्या अनेक घोषित पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाएँ (सड़क, पेयजल, शौचालय, विद्युत एवं ठहरने की व्यवस्था) अब भी अपर्याप्त हैं? यदि

हाँ, तो इसके कारण क्या हैं? **(ग)** पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ाने एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा क्या ठोस कार्ययोजना बनाई गई है?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) प्रश्नांकित अवधि में धमतरी जिले में स्थित पर्यटन स्थलों एवं अन्य स्थलों-मुकुंदपुर (नगरी), श्रृंगी ऋषि आश्रम सिहावा, कर्णेश्वर महादेव मंदिर (ग्राम देउरपारा), नरहरा जलप्रपात, महानदी उद्गम स्थल, गणेश घाट, गंगरेल, निराई माता मंदिर (ग्राम पंचायत मोहेरा) एवं बुढ़ीगढ़ (ग्राम सिंगपुर) में विकास कार्य कराए गए हैं जिसमें राशि रु. 408.55 लाख व्यय किया गया है। विकासखण्ड -वार, वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला धमतरी के सभी चिन्हांकित पर्यटन स्थल सड़क मार्ग से जुड़े हुए है, विद्युत व्यवस्था एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। अन्य आवश्यकताओं के कार्यो को जिला स्तरीय कार्ययोजना में शामिल किया जा रहा है। गंगरेल में पर्यटकों के ठहरने हेतु विभाग द्वारा पर्यटक रिसॉर्ट का निर्माण कराया गया है एवं मुकुन्दपुर-नगरी में पर्यटक काटेज, डॉरमेट्री एवं कैफेटेरिया का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन के द्वारा होमस्टे को प्रोत्साहित किया जा रहा है।**(ग)** जिला धमतरी के चिन्हांकित पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ाने हेतु सोशल मीडिया, फेसबुक, टिव्टर, इंस्टाग्राम इलेक्ट्रनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है। स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु ग्राम पंचायत गंगरेल में आजीविका संवर्धन हेतु चौपाटी निर्माण एवं अन्य कार्य तथा बड़वा गार्डन में रूफ कैफे निर्माण कार्य पूर्णता पर है तथा वन विभाग द्वारा ग्राम कोटरवाही एवं गंगरेल में मचान हट एवं मानव वन ईको पर्यटन का विकास किया जा रहा है जिससे स्थानीय वन प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहे है। स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त हो इस उद्देश्य से नरहरा जलप्रपात में ईको टूरिज्म का विकास कराया जा रहा है। पर्यटन स्थलों में पर्यटकों के आवासीय व्यवस्था एवं स्थानीय लोगों के रोजगार बढ़ाने के लिए राज्य में होमस्टे पॉलिसी 2025-30 लागू की गयी है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के युवाओं को गाईड प्रशिक्षण प्रदाय करते हुए रोजगार उपलब्ध कराने हेतु योजना प्रभावशील है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

हार्टिकल्चर विश्वविद्यालय में सिविल इंजीनियर की नियुक्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

30. (क्र. 2822) श्री किरण देव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या हार्टिकल्चर विश्वविद्यालय में सिविल कार्य हेतु सिविल इंजिनियर की नियुक्ति की गई है ? यदि हां तो नियुक्ति कब की गई ? **(ख)** यदि प्रश्नांश के पद पर भर्ती नहीं की गई है तो सिविल कार्यो का मूल्यांकन किस आधार पर किसके द्वारा किया गया ? मूल्यांकनकर्ता के नाम पदनाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें। **(ग)** क्या प्रश्नांश 'क' के कार्यो के मूल्यांकन हेतु अन्य विभाग से सिविल इंजीनियर/अनुविभागीय अधिकारी/कार्यापालन अभियंता की नियुक्ति की गई थी ? यदि हां तो क्या इस हेतु विभाग से अनुमति ली गई थी ? यदि अनुमति नहीं ली गई तो नियुक्ति किस आधार पर, कब, किसकी अनुशंसा पर की गई? **(घ)** नियम विरूद्ध नियुक्ति किये जाने तथा बिना आदेश के मूल्यांकन करने हेतु दोषी अधिकारी पर क्या कार्यवाही की गई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) छ.ग. शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्र./761/एफ 04-38/विविध/2023/14-2, नवा रायपुर दिनांक 23.02.2023 द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के "अधीक्षक भौतिक संयंत्र" को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविदयालय के साथ-साथ ही महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न भवन निर्माण कार्य सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया है। **(ख)** "क" के

परिपेक्ष्य में सिविल कार्यों का मूल्यांकन इंजी. श्री मोहन कोमरे, अधीक्षक भौतिक संयत्र तथा इंजी. श्री अनिल श्रीवास्तव, उप-अभियंता द्वारा किया गया। **(ग)** जी नहीं। **(घ)** उपरोक्त के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है।

जिला रायगढ़ के किसानों को कृषि यंत्र, खाद, बीज हेतु प्रदत अनुदान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

31. (क्र. 2827) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक कितने किसानों को कृषि यंत्र खरीदी, खाद बीज हेतु अनुदान प्रदाय किया गया है? वर्षवार विकासखंडवॉर जानकारी देवें? **(ख)** किन-किन कृषि यंत्रों एव खाद बीज हेतु अनुदान दिया जाता है, इसके मापदंड क्या हैं? बतायेंगे? **(ग)** उक्त अवधि में कितने किसानों को ट्रैक्टर अनुदान में दिया गया है, नाम सहित जानकारी देंवे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) जिला रायगढ़ में वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक अनुदान पर कृषि यंत्र/उपकरण एवं खाद बीज वितरण से लाभान्वित हितग्राहियों की वर्षवार, विकासखण्डवार एवं यंत्रवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे क्रमशः प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है।(ख)** वर्तमान में कृषकों को कृषि यंत्र/उपकरण एवं खाद बीज में दिए जाने वाले अनुदान एवं इसके मापदंड की योजनावार विस्तृत **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द एवं प्रपत्र-इ अनुसार है।(ग)** विभाग द्वारा रायगढ़ जिले में वर्ष 2024 से जनवरी, 2026 तक अनुदान में प्रदाय ट्रैक्टर से लाभांवित कृषकों की नाम सहित **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-फ अनुसार है।**

जिला रायगढ़ अंतर्गत कृषि भूमि कोटवार भूमि की रजिस्ट्री

[वाणिज्यिक कर]

32. (क्र. 2828) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत विगत जनवरी, 2021-2022 से जनवरी, 2026 तक कितने कृषि या अन्य प्रकार के भूमि का खरीद-बिक्री रजिस्ट्री किया गया है, तहसीलवॉर जानकारी देवे? **(ख)** उक्त अवधि में खरीद बिक्री फर्जी रजिस्ट्री के नाम पर अनियमितता के कितने मामले प्रकाश में आए हैं या शिकायत प्राप्त हुई है एवं उन पर क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** धर्मजयगढ़ अनुविभाग में कितने प्रकरण लंबित हैं, कब तक पूर्ण किए जाएँगे?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जिला रायगढ़ अंतर्गत विगत जनवरी, 2021-22 से जनवरी, 2026 तक के भूमि का खरीद-बिक्री रजिस्ट्री की तहसीलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार हैं। **(ख)** जिला रायगढ़ में उक्त अवधि में फर्जी रजिस्ट्री के नाम पर अनियमितता से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई हैं। अतः जानकारी निरंक हैं।**(ग)** जानकारी निरंक हैं।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

किसानों के फसल बीमा भुगतान एवं बारदाने की उपलब्धता

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

33. (क्र. 2830) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बालोद जिले में खरीफ 2024-25, 2025-26 के दौरान कितने किसानों का फसल बीमा किया गया था और कितने किसानों को अब तक दावा (Claim) राशि का भुगतान किया गया है? **(ख)** जिले के उन किसानों की संख्या क्या है, जिनका बीमा दावा तकनीकी कारणों से खारिज कर दिया गया है? **(ग)** बालोद के धान खरीदी

केंद्रों पर बारदाने की उपलब्धता और रख-रखाव की वर्तमान स्थिति क्या है? 2025-26 में कितने बारदाने वितरित किये गये कितनी राशि प्राप्त हुई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) फसल बीमा योजनाओ में जानकारी का संधारण तहसीलवार किया जाता है। बालोद जिले से संबधित तहसीलो में कृषि फसलो के बीमा हेतु संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं उद्यानिकी फसलो के बीमा हेतु संचालित पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत प्रश्नांकित अवधि में फसल बीमा आवरण प्राप्त करने वाले एवं बीमा दावा भुगतान से लाभान्वित कृषको की योजनावार, वर्षवार, तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश "क" की अवधि में बीमा क्रियान्वयक कंपनियो द्वारा तकनीकी कारणों से किसी भी किसान का फसल बीमा दावा खारिज नहीं किया गया है। **(ग)** बालोद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 5,74,154 नग बारदाना उपलब्ध है। उक्त शेष बारदाना समितियों में रखा गया है, आगामी वर्ष में उपयोग किया जावेगा। बालोद जिले में 2025-26 में धान उपार्जन केन्द्रों को 1,84,80,272 नग बारदाना वितरित किया गया। बारदाना हेतु राशि का वितरण नहीं किया गया।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

छ.ग. में गौ अभ्यारण बनाने हेतु लक्ष्य

[पशुधन विकास]

34. (क्र. 2832) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छ.ग. में कितने गौ अभ्यारण बनाने हेतु लक्ष्य रखा गया है, किस-किस जिलों में गौ अभ्यारण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है? क्या बालोद जिले को भी गौ अभ्यारण बनाने हेतु चिन्हांकित किया गया है? प्रत्येक गौ अभ्यारण हेतु कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई है? जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** बेमेतरा के झालम में बने गौ अभ्यारण हेतु कितने एकड़ की अनुमति प्राप्त हुई एवं कितने एकड़ में निर्मित किया गया है? निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है? **(ग)** प्रत्येक गौ अभ्यारण में कितने शेडों का निर्माण किया जावेगा? इसमें कितने मवेशियों को रखने की सुविधा होगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) छ.ग. में गौ अभ्यारण्य बनाने हेतु लक्ष्य निर्धारित नहीं किये गये हैं। जिला बेमेतरा, कबीरधाम, जशपुर एवं जिला बिलासपुर में गौ अभ्यारण्य की स्वीकृति प्राप्त हैं। जी नहीं, बालोद जिले को गौ अभ्यारण्य बनाने हेतु चिन्हांकित नहीं किया गया है। प्रत्येक गौ अभ्यारण्य हेतु स्वीकृत राशि की जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार है**।**(ख)** जिला बेमेतरा के ग्राम झालम में बने गौ अभ्यारण हेतु 53.825 एकड़ की अनुमति प्राप्त है जिसमें से 20 एकड क्षेत्रफल में निर्माण कार्य किया गया है। निर्माण की वर्तमान स्थिति **की जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार है**। **(ग)** प्रत्येक गौ अभ्यारण्य में निर्मित / निर्माण किये जाने वाले शेडों की संख्या एवं उसमें मवेशियों को रखने की सुविधा (क्षमता) से संबंधित **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत पी.एम. प्रणाम योजना का क्रियान्वयन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

35. (क्र. 2835) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी अन्तर्गत वर्ष 2023-24 से जनवरी 2026 तक पी.एम. प्रणाम योजना अन्तर्गत क्या-क्या कार्य किये जा रहे हैं? कार्यो की जानकारी विकासखंडवार देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार

उक्त योजना के तहत प्राप्त आबंटन एवं व्यय की जानकारी कार्यवार देवें? **(ग)** उक्त योजना के प्रचार प्रसार हेतु क्या-क्या कार्य किये गये हैं तथा प्रचार-प्रसार हेतु कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है? वर्षवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) पी.एम. प्रणाम योजना अंतर्गत विभिन्न विभागीय योजनाओं यथा जैविक खेती मिशन, परम्परागत कृषि विकास योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन में प्रावधानित कृषक संगोष्ठी, कृषि चौपाल, कृषि मेला का आयोजन कर कृषकों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने तथा जैव उर्वरक एवं जैविक खाद् के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला-मोहला-मानपुर-अं. चौकी अंतर्गत वर्ष 2023-24 से जनवरी 2026 तक पी.एम. प्रणाम योजना अंतर्गत किए गए कार्यों की वर्षवार, विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** पी.एम. प्रणाम योजना अन्तर्गत। तर्गत पृथक से बजट का प्रावधान नहीं है, कंडिका 'क' में उल्लेखित कार्य अन्य विभागीय योजनाओं से अभिसरण कर संचालित किये गये है। अतः पी.एम. प्रणाम योजना अन्तर्गत आबंटन एवं व्यय की जानकारी निरंक है। **(ग)** पी.एम. प्रणाम योजना के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न विभागीय योजनाओं के अभिसरण से किए गए कार्यों एवं व्यय राशि की वर्षवार, विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

मेसर्स नुवोको विस्टास कारपोरेशन लिमिटेड के विरूद्ध कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

36. (क्र. 2839) श्री दिलीप लहरिया : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या ग्राम पंचायत चिल्हाटी, मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में संचालित मेसर्स नुवोको विस्टास कारपोरेशन लिमिटेड की ओपन कास्ट चूना पत्थर खदान में ब्लास्टिंग, भारी मशीनों के संचालन एवं सैकड़ों ट्रकों की निर्बाध आवाजाही के कारण वायु एवं ध्वनि प्रदूषण खतरनाक स्तर सामान्य से अधिक है? यदि हां तो इस हेतु क्या कार्य योजना है? विगत तीन वर्षों में PM10, PM2.5 एवं ध्वनि स्तर की वर्षवार रिपोर्ट देवें? **(ख)** मानक से अधिक प्रदूषण पाए जाने की स्थिति में कंपनी के विरुद्ध अब तक कौन-सी दंडात्मक कार्रवाई की गई है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी नहीं। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में मेसर्स नुवोको विस्टास कारपोरेशन लिमिटेड की ओपन कास्ट चूना पत्थर खदान (क्षमता 1.38 मिलियन टन प्रतिवर्ष) संचालित है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कराये गये वायु मापन रिपोर्ट में पी.एम. 10, पी.एम. 2.5 एवं ध्वनि स्तर मानकों के अनुरूप पाये गये है। अतः ग्राम पंचायत चिल्हाटी मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में संचालित मेसर्स नुवोको विस्टास कारपोरेशन की ओपन कास्ट चूना पत्थर खदान में ब्लास्टिंग भारी के संचालन एवं सैकड़ो ट्रकों के निर्बाध आवाजाही के कारण वायु एवं ध्वनि प्रदूषण खतरनाक स्तर सामान्य से अधिक होने की पूष्टि नहीं होती है। इस हेतु कार्ययोजना तैयार नहीं की गई है । विगत तीन वर्षो में पी.एम. 10, पी.एम. 2.5 एवं ध्वनि स्तर की वर्षवार रिपोर्ट**की जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** प्रश्नांश **(क)** के उत्तर के अनुक्रम में प्रश्नांश **(ख)** उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

मेसर्स नुवोको विस्टास कारपोरेशन लि. के कारण कृषि भूमि की उत्पादकता तथा भूजल स्तर में गिरावट

[आवास एवं पर्यावरण]

37. (क्र. 2840) श्री दिलीप लहरिया : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या ग्राम पंचायत चिल्हाटी, मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में संचालित संचालित मेसर्स नुवोको विस्टास कारपोरेशन लिमिटेड

की ओपन कास्ट चूना पत्थर खदान के संचालन एवं प्रस्तावित विस्तार के कारण कृषि भूमि की उत्पादकता स्थानीय लोगो के मकान में दरार आने, जलस्रोतों के सूखने, खेतों की उर्वरता घटने एवं ग्रामीणों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव की शिकायतें वर्ष 2025 में प्राप्त हुई ? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जी नहीं। ग्राम पंचायत चिल्हाटी, मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में संचालित मेसर्स नुवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओपन कास्ट चूना पत्थर खदान के संचालन एवं प्रस्तावित विस्तार के कारण कृषि की उत्पादकता स्थानीय लोगों के मकान में दरार आने, जल स्त्रोतों के सूखने, खेतों की उर्वरता घटने एवं ग्रामीणों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव की शिकायतें वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, कार्यालय उपसंचालक कृषि बिलासपुर एवं भारत सरकार खान सुरक्षा महानिदेशालय बिलासपुर क्षेत्र में प्राप्त नहीं हुई है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

अटल नगर विकास प्राधिकरण में मुख्य अभियंता पद पर नियम विरूद्ध की गई पदस्थापना

[आवास एवं पर्यावरण]

38. (क्र. 2842) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्तमान में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण में मुख्य अभियंता के पद पर कौन, कब से पदस्थ है? इनकी सेवाएं कहां से प्रतिनियुक्ति पर ली गई हैं? इनका मूल संस्थान तथा मूल पद क्या है? **(ख)** क्या मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ उक्त अधिकारी कार्यपालन अभियंता है? यदि हां तो मूल पद से 2 पद ऊपर मुख्य अभियंता के पद पर क्यों पदस्थ किया गया है? इस हेतु कौन दोषी है? **(ग)** क्या उक्त अधिकारी को नवा रायपुर अटल नगर स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन में महाप्रबंधक (तकनीकी) का अतिरिक्त प्रभार भी क्या सौंपा गया ? इस पद के लिए अर्हता क्या है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**(ख)** प्राधिकरण में पदस्थ 02 मुख्य अभियंताओं में से 01 मुख्य अभियंता श्री बी. आर. अग्रवाल का मूल पद कार्यपालन अभियंता है।नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अंतर्गत नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में पदस्थ कार्यपालन अभियंता को नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण अंतर्गत अधीक्षण अभियंता के पद पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापित करते हुए मुख्य अभियंता के रिक्त पद के विरूद्ध प्रभार सौंपा गया है। उक्त पदस्थापना नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण में मुख्य अभियंता का पद रिक्त होने के दृष्टिगत् प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यो के सुचारू रूप से संचालन हेतु सक्षम स्तर से अनुमोदन उपरांत की गई है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(ग)**जी,हॉ । महाप्रबंधक (तकनीकी) के पद (वेतनमान 37,400/- से 67,000/- ग्रेड पे 6,600/-) को डेपुटेशन/कान्ट्रेक्ट बेसिक के माध्यम से पूर्ति किये जाने पदसंरचना स्वीकृत है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

राज्य में सांस्कृतिक आयोजनों एवं महोत्सवों पर व्यय

[संस्कृति]

39. (क्र. 2843) श्री ओंकार साहू : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2023-24 से 15.02.2026 तक संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किए गए सांस्कृतिक महोत्सवों/कार्यक्रमों की संख्या कितनी है तथा उन पर कुल कितनी राशि व्यय की गई है? जिला-वार विवरण दें? **(ख)** क्या कई कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के स्थान पर बाहरी कलाकारों को प्राथमिकता दी गई? यदि हाँ, तो इसका कारण क्या है? **(ग)** स्थानीय लोक कलाकारों को प्राथमिकता देने हेतु सरकार की क्या नीति है?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) :(क) वर्ष 2023-24 से 15.02.2026 तक संस्कृति विभाग द्वारा स्वीकृत 6853 सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर राशि रूपये 35,67,06,502/- एवं स्वीकृत 239 सांस्कृतिक महोत्सव पर राशि रूपये 27,35,75,303/- व्यय किया गया है। जिलावार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ' एवं 'ब'** अनुसार है। **(ख)** स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी गई है। **(ग)** स्थानीय लोक कलाकारों को प्राथमिकता देने हेतु शासन की नीतियों का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'स'** अनुसार है।

फसल कटाई प्रयोग में अनियमितता

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

40. (क्र. 2847) श्री धरमलाल कौशिक : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिला बिलासपुर के ग्रामों में खरीफ वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान फसल कटाई प्रयोग (Crop Cutting Experiment) कुल कितनी संख्या में कहॉ-कहॉ प्रस्तावित, पूर्ण/संपन्न एवं लंबित है? वर्षवार, ग्राम/क्षेत्र वार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार क्या क्षेत्रांतर्गत फसल कटाई प्रयोगों में कृषि भूमि के स्थान पर आवासीय भूमि/गैर-कृषि भूमि में फसल कटाई प्रयोग अनियमितताओं के कारण किसानों को फसल बीमा दावा राशि के निर्धारण में त्रुटि हुई, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति हुई है? यदि हॉ तो प्रभावित कृषकों की संख्या कितनी है? उनके बीमा दावा की अद्यतन स्थिति क्या है? जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार ग्रामों में फसल कटाई प्रयोगों में प्रश्नांश ''ख'' अनुसार अनियमितता के संबंध में प्राप्त शिकायतों की जांच/कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है? और क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बिलासपुर जिले के ग्रामों में खरीफ मौसम 2024 एवं 2025 में प्रस्तावित फसल कटाई प्रयोग (सी.सी.ई.) के विरूद्ध संपादित किये गये एवं संपादित नही किये गये फसल कटाई प्रयोग (सी.सी.ई.) की वर्षवार ग्रामवार **जानकारी पुस्तकालय में रखें प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश "क" के अनुसार जिला बिलासपुर अंतर्गत कृषि भूमि के स्थान पर आवासीय भूमि/गैर-कृषि भूमि में फसल कटाई प्रयोग नहीं किया गया है, अतः 'शेष जानकारी निरंक है।**(ग)** कंडिका "ख" में उल्लेख अनुसार प्रश्न उपस्थित नही होता है।

विशेष योजनाओं, सांस्कृतिक महोत्सवों, निर्माण कार्यों एवं निविदा प्रक्रियाओं में अनियमितताएं

[संस्कृति]

41. (क्र. 2848) श्री धरमलाल कौशिक : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या विभाग अंतर्गत विगत दो वर्षों (वित्तीय वर्ष 2024-2025 एवं 2025-2026) में संचालित विशेष योजनाओं, सांस्कृतिक महोत्सवों, अनुदान वितरण, निर्माण कार्यों एवं निविदा प्रक्रियाओं में अनियमितताएँ पाई गई हैं? यदि हाँ, तो मदवार एवं वर्षवार विवरण क्या है? संबंधित कार्यों में स्वीकृत राशि, व्यय राशि तथा वास्तविक कार्य की स्थिति क्या है? क्या किसी एजेंसी/लेखा परीक्षण द्वारा जाँच कराई गई है? यदि हाँ, तो जाँच प्रतिवेदन का सारांश क्या है? दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है? जानकारी देवें? **(ख)** विभाग अंतर्गत विगत दो वर्षो में बस्तर, सरगुजा, रायपुर एवं बिलासपुर संभाग अंतर्गत किन-किन अधिकारियों के विरूद्व सामग्री खरीदी व अन्य कार्यो में अनियमिता के संबंध में प्राप्त? शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई है?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) विभाग अंतर्गत विगत दो वर्षों (वित्तीय वर्ष 2024-2025 एवं 2025-2026) में संचालित विशेष योजनाओं, सांस्कृतिक महोत्सवों, अनुदान वितरण, निर्माण कार्यों एवं निविदा प्रक्रियाओं में अनियमितताएं नहीं पाई गई है। अतः जानकारी निरंक है । **(ख)** विभाग अंतर्गत विगत दो वर्षों में

बस्तर, सरगुजा एवं बिलासपुर संभाग अंतर्गत अधिकारियों के विरूद्व सामग्री खरीदी व अन्य कार्यों में अनियमितता के संबंध में शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। अतः जानकारी निरंक है ।

शासकीय भूमि का पर्यटन/ धर्मस्व से लीज पर प्रदाय

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

42. (क्र. 2850) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में धर्मस्व विभाग के द्वारा किन-किन जिलों के पर्यटन स्थलों या सार्वजनिक स्थानों पर किन-किन व्यक्तियों/संस्थाओं/फ़र्म व निजी या सार्वजनिक सहकारी सोसायटियों को लीज पर भूमि दी गयी है? विवरण जिलेवार देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार उक्त भूमि स्थलों में कितने- कितने वर्षों के लिए किन-किन दरों पर कितनी-कितनी जमीनें शासन के द्वारा आवंटित की गयी है? जानकारी प्रदान करें? **(ग)** वर्ष 2025 में क्या कही शासकीय भूमि/लीज पर लिये जमीनों को पूर्णतः कब्जा/नामांतरण करने की शिकायतें मिली है? तो उस पर क्या कार्यवाही की गई? बतावें?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क), **(ख)** एवं **(ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है।**

विभिन्न जिलों में कृषि विभाग से स्वीकृत कार्य एवं निविदा प्रकिया

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

43. (क्र. 2851) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022 से फरवरी, 2026 तक रायपुर संभाग अंतर्गत जिलों में कहाँ-कहाँ, कितने लागत की चेकडेम, डबरी, तालाब निर्माण किया गया है? उससे सिंचाई क्षेत्र में कितनी वृद्धि हुई है? कार्यो की अद्यतन स्थिति क्या है? जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" की संरचनाओं के निर्माण में भंडार क्रय नियम के तहत क्या निविदा प्रक्रिया का पालन किया गया? यदि हाँ तो निविदा के प्रकार सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांक "ख" के अनुसार यदि निविदा जारी नहीं की गयी तो क्यों? जिम्मेदार कौन हैं? सम्बंधित अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जावेगी ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2022 से फरवरी, 2026 तक रायपुर संभाग के जिलों में चेकडेम्, डबरी एवं तालाब निर्माण, सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि, निर्माण लागत एवं कार्यों के अद्यतन स्थिति की योजनावार, वर्षवार, जिलावार, स्थलवार, कार्यवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे क्रमशः प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है। (ख)** जी हाँ। वर्षवार, जिलावार, स्थलवार, कार्यवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे क्रमशः प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है। (ग)** प्रश्नांश 'ख' के अनुसार सभी कार्यों के निविदा जारी की गई है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

जांजगीर-चाम्पा जिले में कृषि विभाग द्वारा क्रय किए गए कृषि उपकरण एवं अन्य सामग्री

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

44. (क्र. 2852) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्त वर्ष 2025-26 में विभाग द्वारा कौन-कौन से कृषि उपकरण व अन्य सामग्री, कितनी-कितनी मात्रा में, किस-किस दर पर, किन-किन फर्मों/एजेंसियों से क्रय की गई? क्रय करने हेतु कौन सी प्रक्रिया अपनाई गई? इस वर्ष जिले में आयोजित जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एग्रीटेक कृषि मेला के आयोजन में विभाग द्वारा व्यय की गई राशि की संपूर्ण जानकारी पृथक से देवें? **(ख)** क्या खरीदी गई सामग्री/उपकरण की गुणवत्ता

एवं अन्य संबंधित शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो प्राप्त शिकायत पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध करावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला जांजगीर चांपा अंतर्गत वर्ष 2025-26 में संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी द्वारा कृषि उपकरण का क्रय नहीं किए जाने के कारण जानकारी निरंक है। अन्य सामग्री की मात्रा दर एवं फर्मों/एजेंसियों से क्रय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है।** सामग्रियो का क्रय छ.ग. शासन, भंडार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2024) एवं जेम पोर्टल के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित कर किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एग्रीटेक कृषि मेला एवं तीन दिवसीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी द्वारा व्यय की गई राशि की संपूर्ण **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है। (ख)** कंडिका "क" अनुसार क्रय सामग्रियो/उपकरण की गुणवत्ताअथवा इससे संबधित अन्य कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः शेष जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

विभाग अंतर्गत कार्यरत गौ सेवकों के मानदेय में वृद्धि

[पशुधन विकास]

45. (क्र. 2857) श्री ब्यास कश्यप : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- क्या प्रदेश में पशु पालन विभाग अंतर्गत गौ सेवक ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के टीकाकरण, रोग नियंत्रण, कृत्रिम गर्भाधान, पशु स्वास्थ्य जागरूकता एवं अन्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं? यदि हॉ तो वर्तमान में गौ सेवकों को प्रति टीकाकरण मात्र 02 रूपए की दर से भुगतान किया जाता है? यदि हां, तो गौ सेवकों के मानदेय/भुगतान में कब तक वृद्धि की जावेगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : विभाग अन्तर्गत पंजीकृत प्रशिक्षित गौसेवक ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के टीकाकरण, रोग नियंत्रण, पशु स्वास्थ्य जागरूकता एवं अन्य सेवाएं प्रदान कर रहे है किन्तु कृत्रिम गर्भाधान का कार्य संपादित नही करते है। वर्तमान में पंजीकृत प्रशिक्षित गौसेवकों कोपशुधन मित्र योजना अन्तर्गत गौ-भैंसवंशीय/सूकर में टीकाकरण हेतु रू. 7.00 प्रति पशु, बकरी/भेंड़/श्वान में टीकाकरण हेतु रू. 5.00 प्रति पशु तथा कुक्कुट में टीकाकरण हेतु रू. 1.00 प्रति पक्षी की दर से कार्य आधारित मानेदय प्रदाय किया जाता है। गौसेवकों के मानदेय में वृद्धि का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

नवा रायपुर में निर्मित हाउसिंग बोर्ड के मकान

[आवास एवं पर्यावरण]

46. (क्र. 2861) श्री उमेश पटेल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नया रायपुर में हाउसिंग बोर्ड द्वारा फरवरी, 2026 तक कौन से सेक्टर में आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए कितने मकान बनाए गए हैं? कितने आबंटित किए गए हैं और कितने रिक्त मकान हैं? आबंटन के नियम और शर्ते क्या हैं? मकान आबंटन में कितना शासकीय अनुदान दिया जाता है और कितना हितग्राही को देना पड़ता है? **(ख)** अपेक्षित संख्या में हितग्राही नहीं मिले तो रिक्त मकानों का क्या उपयोग किया जाता है? क्या मांग के आधार पर मकान निर्मित किया जाता है? या बिना मांग के आधार पर किया जाता है? **(ग)** नवा रायपुर में हाउसिंग बोर्ड द्वारा निम्न वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निर्मित मकानों को किसी निजी समूह को दिया गया है? यदि हाँ तो किस नियम के आधार पर दिया गया है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) :(क)नवा रायपुर में हाउसिंग बोर्ड द्वारा फरवरी 2026 तक सेक्टर-16, 27, 29, 30 एवं 34 में आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के लिए 2912 एवं निम्न आय वर्ग के परिवारो के लिए 4856 कुल 7768 मकान बनाए जा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग हेतु बनाए जा रहे 2912 मकानों में से 2641 मकान आबंटित है तथा 271 मकान रिक्त हैं। इसी प्रकार निम्न आय वर्ग हेतु बनाए जा रहे 4856 मकानों में से 2029 मकान आबंटित है तथा 2827 मकान रिक्त हैं। आबंटन के नियम एवं शर्त अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के मकानों का आबंटन हेतु हितग्राही की वार्षिक आय रू. 3.00 लाख तथा निम्न आय वर्ग के मकानों का आबंटन हेतु हितग्राही की वार्षिक आय रू. 3.00 से 6.00 लाख तक होना चाहिए। अन्य नियम एवं शर्त की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। सेक्टर-16, 30 एवं34 में निर्मित/निर्माणाधीन आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के मकान आबंटन में केन्द्र शासन का अनुदान रू. 1.50 लाख एवं राज्य शासन का अनुदान रू. 1.00 लाख दिया जाता है और शेष राशि का भुगतान हितग्राही द्वारा किया जाना है। निम्न आय वर्ग के मकान आबंटन में राज्य शासन से रू. 0.50 लाख का अनुदान दिया जाता है तथा केन्द्र शासन द्वारा रू. 6.00 लाख तक के बैंक ऋण में 6.50% ब्याज की सब्सिडी दी जाती है और शेष राशि का भुगतान हितग्राही द्वारा किया जाना है।**(ख)**अपेक्षित संख्या में हितग्राही नहीं मिले तो मकान रिक्त रहते हैं। मांगकाआंकलनकर मकान निर्मित किया जाता है। बिना मांग के आधार पर मकान निर्मित नहीं किया जाता है।**(ग)**जी हाँ, नवा रायपुर में हाउसिंग बोर्ड निम्न आय वर्ग के लिए निर्माणाधीन मकानों में से 128 मकान निजी समूह को आबंटित किया गया है। मकान निर्माण के दौरान हितग्राहियों द्वारा जमा राशि (पंजीयन राशि) वापस लेने के कारण बहुत सारे मकान रिक्त हो गये थे। बार बार विज्ञापन किये जाने के उपरान्त भी कमजोर आय वर्गों द्वारा अपेक्षाकृत रूचि नहीं दिखाई जा रही थी। लम्बे समय से मकान के रिक्त होने के कारण मण्डल को आर्थिक क्षति पहुंच रही थी। मंत्री परिषद् की बैठक दिनांक 14 नवंबर 2025 में मंत्री परिषद् द्वारा निर्णय लिया जाकर पूर्व में जारी नियम एवं शर्तों में अतिरिक्त शर्तों का समावेश किया गया है। शर्ते निम्नानुसार हैः-(1) ई.डब्ल्यु.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों/फ्लैटों के विक्रय हेतु 03 बार विज्ञापन होने के पश्चात् अविक्रित भवनों को पात्र हितग्राही के अतिरिक्त किसी भी आय वर्ग के हितग्राही को विक्रय किया जा सकता है, परन्तु उन्हे शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। अनुदान की पात्रता केवल निर्धारित आय वर्ग के हितग्राही को ही होगी। (2) ई.डब्ल्यु.एस. एवं एल.आई.जी. भवनों/फ्लैटों के विक्रय हेतु 03 बार विज्ञापन होने के पश्चात् अविक्रित भवनों को एकल व्यक्ति या शासकीय/अर्द्धशासकीय अथवा निजी संस्थाओं द्वारा एक से अधिक संपत्ति क्रय करने का (बल्क परचेस) प्रस्ताव दिया जाता है, तो एकल व्यक्ति या शासकीय/ अर्द्धशासकीय अथवा निजी संस्था के नाम पर एक से अधिक भवनों को मांग अनुसार विक्रय किया जायेगा, परन्तु उन्हे शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नहीं होगी।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर के किसानों को खाद, बीज एवं उर्वरक की आपूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

47. (क्र. 2865) श्री बालेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर के कृषकों द्वारा वर्ष 2024-25 से फरवरी, 2026 तक कौन-कौन से एवं कितनी-कितनी मात्रा में रासायनिक खाद, उर्वरक एवं बीज की मांग के विरूद्ध कितनी-कितनी मात्रा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त हुई? उनमें से निजी संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं को किस अनुपात में देने का प्रावधान है? किस अनुपात में कितनी-कितनी मात्रा में किस दर पर निजी संस्थाओं को उपलब्ध कराया गया? इन निजी संस्थाओं द्वारा किसानों को कितने मूल्यों पर विक्रय किया गया? जानकारी वर्षवार अलग-अलग बतावें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' किसानों की मांग के अनुरूप कितनी-कितनी मात्रा में रासायनिक खाद/उर्वरक व बीज की कमी आयी एवं सहकारी संस्था को वितरण की गयी? रासायनिक खाद/उर्वरक एवं बीज को किसानों को किस-किस दर पर विक्रय किया गया?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) एवं **(ख)** जानकारी संकलित की जा रही है।

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में मण्डी बोर्ड से स्वीकृत कार्य

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

48. (क्र. 2866) श्री बालेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्ष 2024-25 से फरवरी, 2026 तक मण्डी बोर्ड से विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किये गये हैं? कितने प्रस्तावित हैं? जानकारी देवें? **(ख)** उक्त स्वीकृत कार्यो की वर्तमान स्थिति क्या है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2024-25 से फरवरी, 2026 तक मण्डी बोर्ड से विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में कोई कार्य स्वीकृत नहीं किये गये है, माननीय विधायक विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर से प्राप्त पत्रानुसार 39 कार्यों के प्रस्ताव हैं, **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** उक्त अवधि में कोई कार्य स्वीकृत नहीं किये गये है, अतः शेष जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

जिला बिलासपुर में अटल विहार योजना के तहत निर्मित आवास

[आवास एवं पर्यावरण]

49. (क्र. 2870) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अटल विहार योजना के तहत जिला बिलासपुर में कहां-कहां पर आवास बनाया गया है एवं कहां-कहां प्रस्तावित है? **(ख)** कंडिका "क" की योजना के तहत किन-किन लोगों को एवं किस-किस दर पर आवास दिए जाने का प्रावधान है? **(ग)** कंडिका "क" के तहत बिलासपुर जिला अंतर्गत निर्मित आवास में कितने लोगों को आवास दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से कितने लोगों को आवास दिया जा चुका है? कितने को दिया जाना शेष है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)अटल विहार योजना के तहत जिला बिलासपुर में चिल्हाटी पर आवास बनाया गया है एवं चिल्हाटी फेस -।। तथा बोदरी फेस -।/।। पर निर्माण कार्य प्रगतिरत्/प्रस्तावित है।**(ख)**कंडिका ''क'' की योजना के तहत् कमजोर आय वर्ग, निम्न आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग एवं उच्च आय वर्ग के लोगों को **संलग्न प्रपत्र के दर अनुसार** आवास दिए जाने का प्रावधान है।**(ग)**कंडिका ''क'' के तहत बिलासपुर जिला अंतर्गत निर्मित आवासों में 538 लोगों को आवास दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 533 लोगों को आवास दिया जा चुका है, एवं 05 भवनों का आबंटन किया जाना शेष है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

अनूसूचित जन जातियों को वन अधिकार पट्टा वितरण

[आदिम जाति विकास]

50. (क्र. 2871) श्री धर्मजीत सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने अनुसूचित जनजाति परिवार वन अधिकार पट्टा हेतु पात्र हैं? **(ख)** कंडिका "क" के अंतर्गत विगत 02 वर्षों में कितने परिवारों को वन अधिकार पट्टा वितरण किया गया है एवं कितने परिवारों को वन अधिकार पट्टा दिया जाना शेष है? **(ग)** कंडिका "ख" के शेष परिवारों को कब तक वन अधिकार पट्टा वितरण किया जाएगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 136 अनुसूचित जनजाति परिवार व्यक्तिगत वन अधिकार हेतु पात्र पाए गए है। **(ख)** कंडिका 'क' के अंतर्गत विगत 02 वर्षों में पात्रतानुसार 32 परिवारों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरण किया गया है एवं वन अधिकार पत्र वितरण/प्रदाय किए जाने हेतु कोई भी दावा शेष नहीं है। **(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

कृषि विभाग अंतर्गत बोर खनन एवं सिंचाई हेतु पम्प वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

51. (क्र. 2874) श्री रामकुमार यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सक्ती जिला अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा अप्रेल, 2024 से 02 फरवरी, 2026 तक की अवधि में कृषकों को कौन-कौन सी योजना के तहत कितने-कितने अनुदान पर कितने बोर खनन एवं सिंचाई हेतु पम्प वितरण किये गये हैं ? विकासखण्डवार एवं वर्षवार विवरण देवें ? **(ख)** कंडिका 'क' के तहत चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कितने आवेदन स्वीकृत कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है ? कितने आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं एवं कितने आवेदन लंबित हैं ? वर्षवार विवरण देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) सक्ती जिला अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा अप्रैल, 2024 से 02 फरवरी, 2026 तक की अवधि में अनुदान पर बोर खनन एवं सिंचाई पंप वितरण कर कृषकों को लाभांवित किये जाने की वर्षवार, विकासखण्डवार, योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** विभागीय योजनाओ में जानकारी का संधारण विकासखण्डवार किया जाता है। चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंद्ध विकासखण्ड मालखरौदा एवं डभरा में कंडिका 'क' के तहत प्राप्त, स्वीकृत, अस्वीकृत एवं लंबित आवेदनों की वर्षवार, विकासखण्डवार, योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

जिला सक्ती में किसानों की फसल बीमा के लाभन्वित व लंबित भुगतान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

52. (क्र. 2875) श्री रामकुमार यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जिला सक्ती में अप्रेल, 2024 से 02 फरवरी, 2026 की स्थिति तक कितने किसानों ने फसल बीमा कराया है और कितने किसानों को बीमा क्लेम की राशि, किस दर से, कितनी राशि दी गई है ? क्लेम भुगतान करने का क्या प्रावधान एवं समयावधि है ? बतावें ? प्रश्नांकित अवधि तक कितने किसानों की कितनी राशि भुगतान हेतु लंबित हैं ? विधानसभावार एवं ब्लॉकवार विवरण देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : फसल बीमा योजनाओं में जानकारी का संधारण तहसीलवार किया जाता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिला सक्ती से संबंधित तहसीलों में फसल बीमा आवरण प्राप्त करने वाले कृषकों की वर्षवार, मौसमवार, तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।** योजना अंतर्गत क्षति प्रतिशत के आधार पर जिलावार निर्धारित फसलवार प्रति हेक्टेयर बीमा राशि के अनुसार बीमा दावा राशि का भुगतान क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा किया जाता है। जिला सक्ती के फसलवार प्रति हेक्टेयर बीमा राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है** वर्ष 2024-25 में पात्रता अनुसार सभी कृषकों को बीमा दावा का भुगतान किया गया है। मौसम खरीफ वर्ष 2025 में बीमा दावा गणना एवं मौसम रबी वर्ष 2025-26 में फसल कटाई प्रयोग की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। योजना अंतर्गत दावा राशि के भुगतान का प्रावधान एवं समयावधि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।**

पुनर्गठित मौसम आधारित बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा आवरण प्राप्त करने वाले कृषकों की वर्षवार, मौसमवार, तहसीलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-द अनुसार है।** योजनांतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा तैयार एवं राज्य स्तरीय फसल बीमा समन्वय समिति द्वारा अनुमोदित टर्मशीट में निहित मौसमीय मापदण्डों से राज्य में स्थापित स्वचलित मौसम केंद्र से प्राप्त वास्तविक मौसमीय आंकड़ों के विचलन के आधार पर जिलावार निर्धारित फसलवार प्रति हेक्टेयर बीमित राशि के अनुसार दावा राशि का भुगतान बीमा कंपनी द्वारा किया जाता है। जिला सक्ती के फसलवार प्रति हेक्टेयर बीमा राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-इ अनुसार है।** वर्ष 2024-25 में पात्रता अनुसार सभी कृषकों को बीमा दावा का भुगतान किया गया है। मौसम खरीफ वर्ष 2025 में फसलों की जोखिम अवधि समाप्त नहीं हुई है एवं मौसम रबी वर्ष 2025-26 में बीमा का कार्य प्रक्रियाधीन है। योजना अंतर्गत दावा राशि के भुगतान का प्रावधान एवं समयावधि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-फ अनसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

करही चंडी लाइम स्टोन माइंस के गंभीर पर्यावरणीय शिकायत के संबंध में

[आवास एवं पर्यावरण]

53. (क्र. 2878) श्री संदीप साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि करही चंडी लाइम स्टोन माइंस की प्रेषित पर्यावरणीय शिकायत पर केंद्र सरकार/केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा उक्त शिकायत के परीक्षण उपरांत मंत्रालय द्वारा दिनांक 12.09.2025 को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल/राज्य पर्यावरण विभाग को पत्र प्रेषित किया गया? यदि हाँ, तो उक्त पत्र का क्रमांक, प्राप्ति तिथि तथा उसमें उल्लिखित मुख्य बिंदुओं का विवरण क्या है? **(ख)** राज्य शासन/छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उक्त पत्र के अनुपालन में क्या स्थल-निरीक्षण/संयुक्त जांच दल गठित किया गया? दल की संरचना एवं निरीक्षण तिथि का विवरण दें? क्या वायु, जल, ध्वनि एवं भू-जल गुणवत्ता परीक्षण कराया गया? परीक्षण रिपोर्ट का सारांश उपलब्ध करावे? **(ग)** क्या पर्यावरण स्वीकृति (EC) एवं सहमति (CTO/CTE) की शर्तों के अनुपालन की समीक्षा की गई? **(घ)** जांच में यदि किसी प्रकार का उल्लंघन पाया गया हो तो संबंधित खनन पट्टाधारक/कंपनी के विरुद्ध क्या दंडात्मक/प्रशासनिक कार्रवाई की गई? विवरण देवें? (ड.) क्या उक्त प्रकरण में मामला राष्ट्रीय हरित अधिकरण अथवा किसी न्यायालय में लंबित है? यदि हाँ, तो वर्तमान स्थिति क्या है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हां, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को भेजे गये पत्र दिनांक 12/09/2025 का क्रमांक जेड-12011/1/2021-आईए-II (एनसीएम), छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में प्राप्ति दिनांक 24/09/2025 है। प्राप्त शिकायत में उल्लेखित मुख्य बिंदुओं का विवरण निम्नानुसार है :- (1) एल.ओ.आई. में करही जलाशय को सम्मिलित दिखाया गया, किन्तु टी.ओ.आर. व पर्यावरणीय स्वीकृति में जानबूझकर कंपनी द्वारा छिपा दिया गया। (2) मूल पर्यावरणीय स्वीकृति आवेदन में स्टडी एरिया से करही बाँध को छुपाना ओर संशोधन आवेदन में शामिल करने तोड़ -मरोड़ करना है। (3) एम.डी.पी.ए. अनुबंध में स्वीकृत खसरों से परे अनेक खसरे खनन आदेश में शामिल किये गये, जिसमें एल.ओ.आई. की शर्तो का स्पष्ट उल्लंघन हुआ। (4) ई.आई.ए./ई.सी. आवेदन में जलाशय की भूमि को निजी नाम (जीतेंद्र कुमार) से प्रस्तुत कर पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किया गया है।(5)करही बांध एवं आदिवासी कृषिकों की भूमि अतिक्रमण संबंधी आवेदन पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं करने।**(ख)**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उक्त शिकायत में मंडल से संबंधित बिंदुओं पर जाच हेतु मेसर्स करही चंडी लाईम स्टोन माईन्स (श्री सीमेंट लिमिटेड) ग्राम-करही-चण्डी, तहसील-सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा का निरीक्षण शिकायतकर्ता श्री बसंत आडिल की उपस्थिति में दिनांक 06.03.2026

को किया गया। निरीक्षण दिवस में खदान लीज क्षेत्र में परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन एवं ध्वनि स्तर मापन किया गया है इसके अतिरिक्त खदान क्षेत्र के आसपास ग्राम-खपराडीह एवं ग्राम- चंडी में बोरवेल से जल नमूना एकत्रित किया गया है। परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, ध्वनि स्तर मापन एवं जल गुणवत्ता मापन का विश्लेषण परिणाम निर्धारित मानक सीमा के भीतर पाई गई है। निरीक्षण प्रतिवेदन एवं विशलेषण परिणामों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। शिकायत में उल्लेखित बिन्दु क्रमांक 1, 2 एवं 4 के संबंध में लेख है कि यह भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा संशोधित पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 29/10/2021 जारी किया गया है, जिसमें माईनिंग लीज एरिया 242.127 हेक्टेयर से घटाकर 225.719 हेक्टेयर किया गया है। घटाये/छोड़े गये क्षेत्रफल 16.408 हेक्टेयर करही जलाशय की भूमि क्षेत्र है। शिकायत में उल्लेखित अन्य बिन्दु आदिवासी भूमि पर अतिक्रमण, एम.डी.पी.ए. अनुबंध सह खनन आदेश का एल.ओ.आई. से अधिक खसरा आबंटन की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिमगा, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा एवं खनि अधिकारी, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा से संबंधित है।**(ग)**उद्योग को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तो के अनुपालन की समीक्षा/सत्यापन छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा नहीं की गई है। मंडल द्वारा जारी जल एवं वायु स्थापना /संचालन सम्मति में निहित शर्तो के अनुपालन की समीक्षा/सत्यापन की गई है।**(घ)**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उक्त खदान के निरीक्षण के दौरान जारी जल एवं वायु स्थापना / संचालन सम्मति में निहित शर्तों का पालन किया जाना पाया गया है। निरीक्षण के दिवस जल एवं वायु प्रदूषण की स्थिति नही पाई गई। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।(ड.)उक्त प्रकरण में राष्ट्रीय हरित अधिकरण अथवा अन्य न्यायालय में लंबित नही है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

छात्रावासों में दैनिक उपयोग की वस्तुओं एवं खाद्य सामग्री की खरीदी

[आदिम जाति विकास]

54. (क्र. 2879) श्री संदीप साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत दो वित्तीय वर्षों में जिला बलौदा बाजार-भाटापारा के अंतर्गत संचालित छात्रावासों की कुल संख्या कितनी है तथा इनमें अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या कितनी है? विकासखंडवार बताएं? **(ख)** उक्त अवधि में दैनिक उपयोग की वस्तुओं एवं खाद्य सामग्री की खरीदी पर कुल कितनी राशि व्यय की गई?विकासखंडवार, मदवार एवं वर्षवार विवरण बताएं? **(ग)** क्या उक्त अवधि में गुणवत्ता संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो शिकायतों की कुल संख्या, उसकी जांच एवं दोषी पाए गए आपूर्तिकर्ताओं/अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी देवें? **(घ)** विगत दो वर्षों में गुणवत्ता मानक पूर्ण न करने वाले कितने आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस, आर्थिक दंड अथवा ब्लैकलिस्ट किया गया है? कार्रवाई की जानकारी विकासखंडवार देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं। कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

राज्य में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों की संख्या

[संस्कृति]

55. (क्र. 2882) श्रीमती भावना बोहरा : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राज्य में वर्तमान में संरक्षित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों की कुल संख्या कितनी है? कृपया केंद्र एवं राज्य

संरक्षित स्थलों का पृथक-पृथक विवरण देवें? **(ख)** उक्त स्थलों में से कितने स्थल जीर्ण-शीर्ण अथवा क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं? जिलेवार जानकारी देवें? **(ग)** ऐसे स्थलों के संरक्षण, मरम्मत एवं पुनरुद्धार हेतु विभाग द्वारा कौन-कौन सी कार्ययोजना/परियोजनाएँ संचालित की जा रही हैं? **(घ)** वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण हेतु कितनी राशि आवंटित एवं व्यय की गई है?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) राज्य में वर्तमान में संरक्षित ऐतिहासिक एवं पुरातत्वीय स्थलों की कुल संख्या 109 है। केंद्र संरक्षित स्मारकों (46) एवं राज्य संरक्षित स्थलों (63) का पृथक-पृथक विवरण संलग्न है। (**जानकारी संलग्न प्रपत्र अ अनुसार है।**) **(ख)** उक्त स्थलों के संरक्षित स्मारक घोषित होने के उपरांत यथास्थिति में हैं। केन्द्र एवं राज्य संरक्षित स्मारकों/स्थलों का नियमित निरीक्षण एवं संरक्षण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार सतत रूप से किया जा रहा है। वर्तमान में सभी स्मारक/स्थल संरचनात्मक दृष्टि से सुरक्षित हैं तथा जीर्ण-शीर्ण अथवा क्षतिग्रस्त अवस्था में नहीं हैं। जिलेवार स्मारकों की जानकारी संलग्न है। (**जानकारी संलग्न प्रपत्र ब अनुसार है।**) **(ग)** राज्य संरक्षित स्मारकों/स्थलों के संरक्षण, मरम्मत एवं पुनरूद्धार हेतु विभाग के अनुरक्षण, रसायनिक संरक्षण एवं लघु निर्माण मद में प्राप्त नियमित बजट से किया जा रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रायपुर मंडल, रायपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों एवं स्थलों पर संरक्षण तथा अनुरक्षण कार्य समय-समय पर आवश्यकता अनुसार एवं निदेशालय द्वारा आबंटित निधि एवं अनुमोदित वार्षिक संरक्षण कार्यक्रमों के अनुरूप संपादित किया जाता है।**(घ)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में ऐतिहासिक एवं पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण हेतु आबंटित राशि एवं व्यय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र स अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

कबीरधाम जिले के NFDP पर पंजीकृत मत्स्य पालक

[मछली पालन]

56. (क्र. 2883) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कबीरधाम जिले में National Fisheries Digital Platform (NFDP) पर कुल कितने मत्स्य पालक पंजीकृत है? NFDP के माध्यम से अब तक कबीरधाम जिले के कुल कितने लाभार्थियों को कुल कितनी आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है ? विधानसभावार एवं विकासखण्डवार जानकारी देवे । **(ख)** कबीरधाम जिले में कुल कितने मछली पालन केन्द्र पंजीकृत हैं तथा इनमें से वर्तमान में कितने केंद्र सक्रिय रूप से कार्यरत हैं? विकासखण्डवार नाम सहित जानकारी देवें? **(ग)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कबीरधाम जिले में मत्स्य बीज, चारा एवं उपकरण वितरण के लिए कुल कितना बजट स्वीकृत किया गया और उसमें से कितना व्यय किया गया?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) कबीरधाम जिले में नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म (एनएफडीपी)पर कुल 1448 मत्स्य पालक पंजीकृत है। एनएफडीपी के माध्यम से अब तक कबीरधाम जिले के कुल 1250 लाभार्थियों को राशि रू. 49.72 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। विधानसभावार एवं विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)** कबीरधाम जिले में पंजीकृत व सक्रिय रूप से कुल 05 मछली पालन केन्द्र कार्यरत हैं, विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।(ग)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कबीरधाम जिले में मत्स्य बीज, चारा एवं उपकरण वितरण के लिए स्वीकृत एवं व्यय बजट की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

महासमुंद जिले के मंदिरों को जीर्णोद्धार एवं अन्य कार्य हेतु स्वीकृत राशि

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

57. (क्र. 2890) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में वर्ष 2023-24 से दिनांक 20 फरवरी, 2026 तक मंदिर जीर्णोद्धार, धर्मशाला एवं अन्य निर्माण/अनुदान हेतु किन-किन मंदिरों को कितनी-कितनी राशि किन कार्यों के लिए जारी की गई है ? मंदिर का नाम, कार्य का नाम, स्वीकृत राशि की जानकारी विधानसभावार वर्षवार बताएं ? **(ख)** उपरोक्त अवधि के दौरान सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से कितने प्रस्ताव/ज्ञापन/मांगपत्र किन जनप्रतिनिधियों/मंदिर समितियों से विभाग को प्राप्त हुए हैं और प्राप्त प्रस्तावों पर कितनों में स्वीकृति प्रदान की गई है ? मंदिर का नाम, कार्य का नाम, स्वीकृति राशि की जानकारी दें ? **(ग)** क्या उपरोक्त अवधि के दौरान सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मंदिर के जीर्णोद्धार या अन्य कार्य हेतु कोई भी राशि स्वीकृत नहीं की गई है ? यदि हां तो कारण सहित जानकारी बताएं ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) महासमुंद जिले के सिरपुर में बौद्व महोत्सव हेतु दिनांक 24.05.2023 द्वारा राशि रूपये 5.00 लाख का अनुदान स्वीकृत किया गया है। वर्ष 2024-25 एवं 2025 से 20 फरवरी 2026 तक विभाग द्वारा मंदिर जीर्णोद्वार/धर्मशाला एवं अन्य निर्माण/अनुदान की स्वीकृति जारी नही की गई है। वर्ष 2023-24 में मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु विभाग द्वारा जारी की गई स्वीकृति,की जानकारी संलग्न ''प्रपत्र'' अनुसार है । **(ख)** प्रश्नांश में दर्शित अवधि के दौरान सराईपाली विधानसभा क्षेत्र से संबधित कुल-58 प्रस्ताव/ज्ञापन/मांग पत्र जनप्रतिनिधि एवं अन्य विशिष्ठ प्रतिनिधियों से प्राप्त हुए है। उक्त प्रस्ताव पर विभाग द्वारा कोई राशि स्वीकृत नही किया गया हेै। 02 प्रस्ताव अमान्य किये गये है एवं 56 प्रस्ताव पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।**(ग)** जी हॉ । उक्त 56 प्रस्ताव का परीक्षण कर प्राक्कलन प्रस्ताव कलेक्टर महासमुंद से चाहा गया है। प्रस्ताव प्राप्त होने पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी।

[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

महासमुंद जिले में नवीन पर्यटन स्थल घोषित करने का प्रस्ताव

[पर्यटन]

58. (क्र. 2891) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2023 से दिनांक 20 फरवरी, 2026 तक महासमुंद जिले के कितने स्थानों को पर्यटन स्थल घोषित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ? प्राप्त प्रस्ताव उपरांत कब-कब नवीन पर्यटन स्थल घोषित किए गए हैं ? **(ख)** क्या प्रस्तावित पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं अन्य कार्यों हेतु कितनी राशि से कौन-कौन से कार्य कराए जा रहे हैं ? पर्यटन स्थल का नाम, कार्य का नाम, स्वीकृति राशि, व्यय राशि की जानकारी वर्षवार बताएं ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : (क) प्रश्नांकित अवधि वर्ष 2023 से दिनांक 20 फरवरी 2026 तक दो स्थानों को पर्यटन स्थल घोषित करने हेतु आवेदन छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को प्राप्त हुआ है, जिसका विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ**अनुसार है। स्थलों के संबंध में जिला कलेक्टर से निर्धारित मापदंड एवं प्रारुप में विस्तृत जानकारी मांगा गया है। प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसका निर्धारित मापदंडों के आधार पर मुल्यांकन कर पर्यटन स्थल चिन्हांकित करने का निर्णय लिया जा सकेगा। **(ख)** प्रश्नांक "क" के स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं अन्य कार्यों हेतु जिला स्तर पर जिला खनिज न्यास संस्थान मद से राशि रु. 216.97 लाख से विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे हैं। वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र- ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

मुख्यमंत्री धरोहर दर्शन योजना एवं मुख्यमत्री विरासत झरोखा योजना के तहत प्रावधानित राशि

[संस्कृति]

59. (क्र. 2894) श्री दलेश्वर साहू : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में वर्ष 2022-23 से फरवरी, 2026 तक मुख्यमंत्री धरोहर दर्शन योजना एवं मुख्यमत्री विरासत झरोखा योजना के तहत कितनी राशि प्रावधानित थी एवं उक्त योजना के तहत किन-किन मदों में कितनी-कितनी राशि कितने कार्यक्रमों हेतु व्यय की गयी है ? किये गये व्यय की वर्षवार, जिलेवार, राशिवार जानकारी देवें ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री धरोहर दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री विरासत झरोखा योजना के तहत कोई राशि प्रावधानित नहीं थी। वर्ष 2023-24 से फरवरी 2026 तक मुख्यमंत्री धरोहर दर्शन योजना (मद 6662) एवं मुख्यमंत्री विरासत झरोखा योजना (मद 6663) के तहत क्रमशः 44 लाख 70 हजार एवं 99 लाख राशि प्रावधानित थी एवं उक्त योजनाओं के तहत कोई राशि व्यय नहीं की गयी है।अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

एडवेंचर टूरिज्म के विकास एवं शक्तिपीठ परियोजना हेतु बजट का प्रावधान

[संस्कृति]

60. (क्र. 2895) श्री दलेश्वर साहू : क्या पर्यटन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में वर्ष 2022-23 से फरवरी, 2026 तक एडवेंचर टूरिज्म के विकास एवं प्रदेश में 1000 किमी लंबी शक्तिपीठ परियोजना हेतु कितनी राशि बजट प्रावधानित की गयी है? शक्तिपीठ परियोजना 1000 किमी में किन-किन ग्रामों व शहरों को शामिल किया गया है एवं प्रावधानित बजट से कितनी राशि कहॉ-कहॉ पर कितने कार्यो हेतु व्यय की गयी है? जिलेवार, वर्षवार, राशिवार व्यय की जानकारी देवें ?

पर्यटन मंत्री (श्री राजेश अग्रवाल) : प्रदेश में वर्ष 2022-23 सें फरवरी, 2026 तक एडवेंचर टूरिज्म के विकास हेतु कुल राशि रू. 8.00 करोड़ एवं प्रदेश में 1000 कि.मी. लंबी शक्तिपीठ परियोजना हेतु कुल राशि रू. 10.00 करोड बजट में प्रावधानित की गयी है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। शक्तिपीठ परियोजना में माँ दंतेश्वरी मंदिर (जिला दंतेवाड़ा), माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ (जिला राजनादगांव), माँ महामाया देवी मंदिर रतनपुर (जिला बिलासपुर), माँ बागेश्वरी देवी मंदिर कुदरगढ़ (जिला सूरजपुर) एवं माँ चंद्रहासिनी देवी मंदिर चंद्रपुर (जिला सक्ती) को शामिल किया गया है। उक्त स्थलों में से रतनपुर माँ महामाया देवी मंदिर का सी.पी.आर. (कांसेप्ट प्लान रिपोर्ट) तैयार हो चुका है। शेष स्थलों के सी.पी.आर (कांसेप्ट प्लान रिपोर्ट) बनाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः वर्तमान में प्रावधानित बजट में से कोई राशि व्यय नहीं हुयी है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

कृषकों को दलहन तिलहन हेतु बीज वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

61. (क्र. 2898) श्री सुशांत शुक्ला : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 20 फरवरी, 2026 तक दलहन तिलहन की कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन से बीज कितने-कितने कृषकों को वितरित किए गये? विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश "क" के वितरित बीज में से कितने कृषकों द्वारा बीज बोया गया? क्या राजस्व विभाग द्वारा इसकी गिरदावरी की गई एवं क्या राजस्व विभाग के गिरदावरी एवं कृषि विभाग के आंकड़ों का मिलान किया गया? यदि हां तो क्या पाया गया?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) एवं (ख) जानकारी संकलित की जा रही है।

<u>भाटापारा विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों के विकास हेतु संचालित योजनाएं</u>

[आदिम जाति विकास]

62. (क्र. 2900) श्री इंद्र साव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में ऐसी कितनी ग्राम पंचायतें हैं जहां पर आदिवासियों की जनसंख्या 25 प्रतिशत से अधिक है ? ग्राम पंचायत का नाम, विकासखण्डवार जानकारी बताएं? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार ऐसी ग्राम पंचायतें, जहां पर आदिवासियों की जनसंख्या 25 प्रतिशत से अधिक है, वहां पर आदिवासियों के विकास के लिए तथा उस ग्राम पंचायत के अधोसंरचना विकास के लिए शासन की कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं ? संचालित योजनाओं के द्वारा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के आदिवासियों की जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों में विगत दो वर्षो में कौन-कौन से कार्य किस-किस योजनांतर्गत कराए गए हैं ? **(ग)** क्या भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आदिवासियों के 25 प्रतिशत जनसंख्या से अधिक वाली ग्राम पंचायतों में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के मद से विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है अथवा नहीं ? यदि की गई है तो किस-किस ग्राम पंचायत में किस-किस कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई है ? जनवरी, 2024 से लेकर फरवरी, 2026 तक की जानकारी दें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी ''संलग्न प्रपत्र-अ'' अनुसार है। **(ख)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 25 प्रतिशत से अधिक आदिवासियों की जनसंख्या वाले ग्राम पंचायतों में विभाग द्वारा लघुअंचल अंतर्गत मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं देवगुड़ी निर्माण योजना का संचालन किया जा रहा है। **जानकारी ''संलग्न प्रपत्र-ब''**अनुसार है। **(ग)** जी हॉ। जनवरी 2024 से फरवरी 2026 तक विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत मोटियारीडीह में सी.सी. रोड निर्माण कार्य गौठान से बंधवा पार तक राशि रू 10.00 लाख की स्वीकृति की गई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

<u>कृषि उपज मंडियों में विभिन्न निधियों में उपलब्ध राशि अंतर्गत कराए गए कार्य</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

63. (क्र. 2901) श्री इंद्र साव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत दो वर्षो में कृषि मंडी बोर्ड द्वारा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में मंडी बोर्ड से किस-किस कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई थी ? वर्षवार तथा विकासखंडवार जानकारी दें ? **(ख)** किसी भी संचालित कृषि उपज मंडी के पास स्थाई निधि, आरक्षित निधि, मंडी निधि, भविष्य निधि एवं अन्य कितने निधि होते है ? कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972, क्र 24. 1973 की धारा 39 मंडी अधिनियम के तहत बनाए गए नियम तथा उप विधि के तहत निधियों का समायोजन मंडी समितियों द्वारा स्वीकृत वार्षिक बजट तथा मंडी बोर्ड द्वारा प्रदत्त वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों एवं निर्माण निर्देशिका के तहत उक्त निधि से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कृषि उपज मंडी में किस-किस उद्देश्यों एवं कार्यो के लिए कितनी राशि खर्च की गई है ? **(ग)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत विकासखण्ड भाटापारा एवं सिमगा में संचालित कृषि उपज मंडियों में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 से लेकर फरवरी, 2026 तक किन-किन निधियों में कितनी राशि उपलब्ध थी ? उपरोक्त समयावधि में निधि में उपलब्ध राशि को किन-किन प्रयोजनों में खर्च किया गया है ? कृपया वर्षवार, जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विगत 02 वर्षों में छग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा भाटापारा विधान सभा क्षेत्र में मंडी बोर्ड निधि. से स्वीकृत सी.सी. रोड कार्यों की विस्तृत **जानकारी संलग्न**

प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख) प्रदेश में संचालित कृषि उपज मंडी के पास स्थाई निधि, आरक्षित निधि, मंडी निधि, निराश्रित निधि, सामान्य भविष्य निधि एवं अन्य निधि होते है। कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972, क्र., 24 1973 की धारा 39 मंडी अधिनियम के तहत बनाए गए नियम तथा उपविधि के तहत निधियों का उपयोजन मंडी समितियों द्वारा स्वीकृत वार्षिक बजट तथा मंडी बोर्ड द्वारा प्रदत्त वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों एवं निर्माण निर्देशिका के तहत् किया जाता है उक्त निधि से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में जिन कार्यों के लिए राशि व्यय की गई है, **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।(ग)** भाटापारा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत भाटापारा मूल मंडी है तथा सिमगा उसकी उपमंडी है। वर्ष 2024-25 से वर्ष 2025-26 (माह फरवरी 2026 तक) निधिवार/वर्षवार उपलब्ध राशि एवं व्यय प्रयोजनों की विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत संचालित उद्योगों में फ्लाईएश डंपिग का नियम

[आवास एवं पर्यावरण]

64. (क्र. 2906) श्री मोतीलाल साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत संचालित उद्योगों में कितने-कितने उद्योगों से फ्लाईएश डंप किया जाता है ? फ्लाईएश डंप करने का क्या नियम है ? डंपयार्ड कहां-कहां हैं ? अवैध फ्लाईएश डंप के कितने मामले वर्ष 2024 से दिनांक 01.01.2026 में प्राप्त हुए हैं ? जानकारी देवें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत संचालित किसी भी उद्योग (ताप विद्युत संयंत्र) द्वारा फ्लाई ऐश डंप नहीं किया जा रहा है, अपितु इन संयंत्रों द्वारा जनितफ्लाईएश का उपयोग सीमेंट फैक्ट्री तथा ब्रिक निर्माण इत्यादि में किया जा रहा है। फ्लाईएश डंप करने के सम्बन्ध मेंकेन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वर्ष 2019 में फ्लाई ऐश भू-भराव हेतु मार्गदर्शिका जारी की गई है। इसके अतिरिक्त फ्लाई ऐश भू-भराव के लिये अनुमति जारी करने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) दिनांक 11/12/2024 को जारी किया गया है। रायपुर ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत डंपयार्ड नहीं है। दिनांक 01/01/2024 से दिनांक 01/01/2026 तक की अवधि में रायपुर ग्रामीण विधानसभा में अवैध फ्लाई ऐश डंपिग की 01 शिकायत श्री हनीफ निजामी से दिनांक 24.09.2024 को व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायत के परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दिनांक 24.09.2024 को किये गये निरीक्षण में मेसर्स घनकुन स्टील प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम सोण्ड्रा, सिलतरा, जिला-रायपुर द्वारा गाजी नगर बीरगांव में अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग किया जाना पाया गया। तत्संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उद्योग से डम्प फ्लाई ऐश पर मिट्टी की परत बिछाकर समतलीकरण का कार्य कराया गया तथा उद्योग के विरुद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि रूपये 1,12,500/- (एक लाख बारह हजार पांच सौ रूपये मात्र) अधिरोपित की गई है। उक्त राशि उद्योग द्वारा जमा की गई है।

कृषकों को कृषि उपकरण एवं ट्रैक्टर प्रदाय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

65. (क्र. 2907) श्री मोतीलाल साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** कृषि विभाग द्वारा प्रदेश के कृषकों को किस योजना केे तहत कृषि उपकरण एवं ट्रैक्टर प्रदाय किया जाता है? उक्त योजना अंतर्गत कृषकों के चयन का मापदंड क्या-क्या है? **(ख)** उक्त योजनांतर्गत कृषकों को ट्रैक्टर, हार्वेस्टर एवं अन्य कृषि सामग्री कितनी राशि में प्रदाय की जाती है ? उक्त सामग्री का बाजार मूल्य एवं सब्सिडी राशि सहित जानकारी प्रदाय करें ? **(ग)** उक्त कृषि उपकरण हेतु एजेंसी चयन की क्या प्रक्रिया है ? वर्तमान में जिला रायपुर एवं जिला-धमतरी हेतु चयनित एजेसियों की जिलेवार/उपकरण एवं सामग्रीवार

जानकारी देवें ? **(घ)** जिला-रायपुर एवं धमतरी में वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 31 जनवारी, 2026 तक की स्थिति में कितने कृषकों को इस योजना के तहत ट्रैक्टर एवं हार्वेस्टर प्रदाय किया गया है ? विकासखंडवार कृषक के नाम व पता सहित जानकारी देवें ? **(ड)** उक्त योजनांतर्गत अनियमितता की कोई शिकायत प्राप्त हुई है ?यदि हां तो शिकायत पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्रदान करें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) से **(ङ) जानकारी संकलित की जा रही है**

<u>बालोद जिले में अध्ययनरत अनु. जनजाति के विद्यार्थियों को लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान</u>

[आदिम जाति विकास]

66. (क्र. 2910) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को प्रतिमाह छात्रवृत्ति के रूप में कितनी राशि दिये जाने का प्रावधान है? **(ख)** वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में दिनांक 20 फरवरी, 2026 की स्थिति में बालोद जिले की शालाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के कितने छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं दिनांक 20 फरवरी, 2026 की स्थिति में छात्रवृत्ति की किस वर्ष का कितनी राशि भुगतान हेतु लंबित है तथा भुगतान कब तक कर दिया जावेगा? वर्षवार, विकासखण्डरवार बतावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र ''अ'' अनुसार है। **(ख)** वर्षवार तथा दिनांक 20 फरवरी 2026 की स्थिति में छात्रवृत्ति भुगतान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार** है। भुगतान प्रक्रिया में है, अतः समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

<u>बालोद जिले में संचालित छात्रावास एवं आश्रम शालाओं हेतु सेटअप</u>

[आदिम जाति विकास]

67. (क्र. 2911) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बालोद जिले के अंतर्गत कहॉं-कहॉं पर प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक/कन्या छात्रावास एवं आश्रम शालायें संचालित हैं? विकासखण्डवार संस्था के नाम सहित जानकारी देवें ? **(ख)** कण्डिका 'क' के संचालित छात्रावासों एवं आश्रम शालाओं में कौन-कौन से कितने पद स्वीकृत हैं? इनमें से कितने कार्यरत एवं कितने रिक्त' हैं? विकासखण्डवार संस्था के नाम सहित जानकारी देवें ? **(ग)** जिले में संचालित कन्या छात्रावासों एवं आश्रमों की छात्राओं की सुरक्षा के लिए क्या व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी है? जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार है। **(ख)** जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार है। **(ग)** जिला बालोद में संचालित 05 कन्या आश्रम तथा 14 कन्या छात्रावासों में महिला अधीक्षिका/महिला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं महिला होमगार्ड की नियुक्ति की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

<u>जिला केसीजी अंतर्गत कृषि विकास एवं किसान कल्याण के तहत संचालित योजनाएं</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी]

68. (क्र. 2914) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जिला केसीजी अंतर्गत कृषि विकास एवं किसान

कल्याण विभाग के तहत संचालित योजनाओं की संख्या कितनी है? योजनावार जानकारी प्रदान करें। **(ख)** उक्त अवधि में जिले को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कितनी राशि आबंटित की गई तथा कितनी राशि व्यय की गई? योजनावार एवं वर्षवार जानकारी दें? **(ग)** जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, बीज वितरण, कृषि यंत्रीकरण, सिंचाई उपकरण अनुदान योजनाओं से लाभान्वित किसानों की संख्या कितनी है? योजनावार जानकारी दें? **(घ)** क्या जिले में किसानों को कृषि आदान (बीज, खाद, कीटनाशक) की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की गई है? यदि नहीं, तो प्राप्त शिकायतों की संख्या एवं निराकरण की स्थिति क्या है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में विभाग में संचालित योजनाओं की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है। (ख)** जिले अंतर्गत विभाग में उक्त अवधि के दौरान संचालित योजनाओं में प्राप्त आबंटन एवं व्यय की गई राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है। (ग)** जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, बीज वितरण, कृषि यांत्रिकीकरण, सिंचाई उपकरण अनुदान योजनाओं से लाभान्वित किसानों की संख्या की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स एवं प्रपत्र-द अनुसार है। (घ)** जिले में किसानों को कृषि आदान (बीज एवं उर्वरक) की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, कीटनाशक निजी विक्रय केंद्रों के माध्यम से कृषकों के लिए क्रय हेतु उपलब्ध होता है। जिले में उर्वरक की अनुपलब्धता के संबंध में किसान कॉल सेंटर के माध्यम से 07 शिकायतें प्राप्त हुई जिसका निराकरण समयावधि में कर लिया गया है, **जानकारी संलग्न प्रपत्र -ई अनुसार है** तथा बीज एवं कीटनाशक की अनुपलब्धता के संबंध में कोई भी शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

वाणिज्यिक कर से प्राप्त कुल राजस्व

[वाणिज्यिक कर]

69. (क्र. 2915) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में वाणिज्यिक कर (जीएसटी/वैट/अन्य कर) से प्राप्त कुल राजस्व राशि कितनी है? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** विगत तीन वर्षों में कर अपवंचन/फर्जी बिलिंग/आईटीसी दुरुपयोग के कितने प्रकरण दर्ज किए गए? **(ग)** राज्य में लंबित कर बकाया की कुल राशि कितनी है? वर्षवार बकाया राशि की जानकारी दें ? **(घ)** क्या ई-वे बिल, डेटा एनालिटिक्स एवं विशेष जांच अभियान के माध्यम से कर चोरी पर नियंत्रण हेतु कार्यवाही की जा रही है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में वाणिज्यिक कर (जीएसटी/वैट/अन्य कर) से प्राप्त कुल राजस्व राशि का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	वाणिज्यिक कर (जीएसटी/वैट/अन्य कर)
(1)	(2)
2023-24	20380.78
2024-25	23453.67
2025-26	वित्तीय वर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है ।

(ख) विगत तीन वर्षों में कर अपवंचन/फर्जी बिलिंग/आईटीसी दुरूपयोग के संबंध में 2891 प्रकरण दर्ज किए गए है। **(ग)** राज्य में लंबित कर बकाया की कुल राशि का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	वाणिज्यिक कर (जीएसटी/वैट/अन्य कर)
(1)	(2)
